माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 323, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल 16
नौ अरब कमाकर भी शांत नहीं होने वाला है एनिमल 15

## एक नजर

### कांग्रेस सांसद धीरज साहू से लगातार दूसरे दिन पांच घंटे पूछताछ



रांची। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से धनशोधन के एक मामले में रविवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। यह मामला भूमि धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाल में गिरफ्तार किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि साहू पूछताछ का सामना करने के लिए रविवार को लगातार दूसरे दिन ईडी के सामने पेश हुए। ईडी ने शनिवार को उनसे करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। अधिकारी ने बताया कि साहू अपराह्न करीब तीन बजे रांची स्थित ईडी के कार्यालय में दाखिल हुए और 8 बजकर करीब 30 मिनट पर बाहर निकले। ईडी कार्यालय से बाहर आने पर साहू ने कहा, 'कुछ कागजी कार्रवाई चल रही है और मैंने उनके साथ सहयोग किया।'

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज संभल में

संभल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज संभल जिले के गांव ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचकर 19 फरवरी को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेंगे और अधिकारियों संग तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा प्रबंध कड़े किए गए हैं। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सान्निध्य में 19 फरवरी को कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। खेतों में हेलीपैड व सड़कें बनाने का काम किया जा रहा है।

### केजरीवाल और भगवंत मान आज जाएंगे अयोध्या

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान सोमवार को अयोध्या जाएंगे और राम मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने कहा था कि वह बाद में अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ दर्शन करने जाएंगे। सूत्रों ने बताया, 'केजरीवाल और मान कल अयोध्या जा रहे हैं। उनके साथ उनका परिवार भी होगा।'

### विमान टैक्सीवे से आगे बढ़ा, उड़ानें प्रभावित रहीं

नई दिल्ली। अमृतसर से इंडिगो का एक विमान रविवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद निकास 'टैक्सीवे' को पार कर गया। इसके कारण एक रनवे 15 मिनट तक बाधित हो गया और उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमृतसर से दिल्ली जा रहा विमान कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद टैक्सीवे से बाहर निकलने से चूक गया। 'टैक्सीवे' हवाई अड्डे पर विमानों के लिए एक रास्ता होता है, जो रनवे को एप्रन, हैंगर, टर्मिनल और अन्य सुविधाओं से जोड़ता है।

# मुख्यमंत्री के साथ मंत्री-विधायकों ने रामलला के दरबार में टेका मत्था

## रालोद, बसपा और कांग्रेस के विधायकों ने भी किए दर्शन, समाजवादी पार्टी ने किया किनारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

**अमृत विचारः** सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर एक साथ रामलला के दर्शन किए। हालांकि मुख्य विपक्ष दल समाजवादी पार्टी के विधायक इसमें शामिल नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में भाजपा एवं सहयोगी दलों समेत रालोद, कांग्रेस बसपा और जनसत्ता दल के विधायक शामिल रहे। यहां विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ मंदिर परिसर में बैठकर राम की भक्ति में भजन भी गुनगुनाए। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए।

इससे पहले अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए विधायक और मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे दस लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हुआ। रास्ते में बाराबंकी में सभी जनप्रतिनिधियों के नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जहां पर नाश्ता करने के बाद जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सभी आगे के लिए रवाना हो गए। विधायकों और मंत्रियों का काफिला करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा, जबकि मुख्यमंत्री महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे।



मंदिर परिसर में योगी सरकार के मंत्री-विधायक जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए।

▶▶ बसों के अंदर रामधुन बजाई जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल

### नतमस्तक योगी



### विधायक और मंत्रियों के समूह पर पुष्पवर्षा

विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया।

### मैं बहुत भावुक हूं: सतीश महाना

दर्शन करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं बहुत भावुक हूं। मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढांचा खड़ा था, जो 6 दिसंबर को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था, जब 1990 में यहां गोली चली थी। मैं उस समय यहां पर आया था, जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था और आज प्रत्यक्ष रूप से भगवान के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्र मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया भी विधायकों के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

# हल्द्वानी हिंसा मामले में 25 और दंगाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 25 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंगाइयों की संख्या अब 30 हो गई है। इन दंगाइयों के पास से पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लूटे गए 99 सरकारी कारतूस, 54 अन्य कारतूस तथा सात तमंचे भी बरामद किए गए हैं। हालांकि मास्टरमाइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देते हुए अब इसे सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक सीमित कर दिया है। हालांकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रविवार को अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां यहां पहुंच गईं।



▶▶ आरोपियों के पास से तमंचे और 153 कारतूस बरामद

हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी है। दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रदेश में जो भी अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा। – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से लूटे गए कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होंगी।

**कर्फ्यू में ढील, आवश्यक सेवाएं सुचारूः** जिलाधिकारी वंदना ने कर्फ्यू में और ढील दी है। अब कर्फ्यू को सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर शेष हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाए जाने के बाद नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने बनभूलपुरा में भी आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर दिया। बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू करने के साथ ही मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए गए।

# राज्यसभाः भाजपा ने यूपी से की 7 प्रत्याशियों की घोषणा, उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट को टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से सात प्रत्याशियों की घोषणा की है। वहीं, उत्तराखंड से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नाम का ऐलान किया है। भट्ट बलूनी के जाने से रिक्त हुई सीट पर पार्टी उम्मीदवार होंगे।

बहरहाल, यूपी की बात करें तो भाजपा की सूची दर्शाती है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों में से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका मिल रहा है। उम्मीदवारों की रविवार को जारी सूची में भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह और प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के नाम शामिल है। इसके अलावा आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर भाजपा की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से भाजपा की पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या को देखते हुए सभी सात प्रत्याशियों का निर्वाचित होना तय है। पार्टी ने जातीय समीकरण साधने के लिए एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक ठाकुर और चार पिछड़े वर्ग के नेता को उम्मीदवार बनाया है।

▶▶ प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काटा

### सपा से रामजीलाल और जया बच्चन उम्मीदवार

आगरा। राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन और जया बच्चन को समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। विधायकों की संख्या के आधार पर समाजवादी पार्टी के दो सांसद निर्वाचित होना तय है। सपा की ओर से राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर सभा के राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि पार्टी ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार सोमवार को इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

# सागरिका घोष और सुष्मिता देव टीएमसी की रास उम्मीदवार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' टीएमसी ने कहा, 'हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे हर भारतीय के अधिकारों की रक्षा के लिए मुखर होने की तृणमूल की स्थायी विरासत को बनाए रखने की दिशा में काम करें।'

# आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला कारोबारी

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचारः** थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में रविवार को एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कारोबारी तरुण चौहान के घर सुबह जब नौकरानी पहुंची तो उसने देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ है और उनकी मां और उनके 12 वर्षीय बेटे का शव बेड पर पड़ा हुआ है। नौकरानी ने इसकी सूचना पड़ोसी और पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण चौहान के शव को फंदे से उतारा। घटना की सूचना उनकी पत्नी और रिश्तेदारों को दी गई है। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय के मुताबिक तरुण चौहान की पत्नी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। प्रथम दृष्टया मां और बेटे को पहले जहरीला पदार्थ दिया गया और उसके बाद तरुण चौहान ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो तरुण का मोबाइल मिला। मोबाइल में पुलिस को एक वीडियो मिला, जिसे खुद तरुण ने बनाया था। संभवतः वीडियो मरने से पहले बनाया गया। इस वीडियो में वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह कर्ज में फंस गया है। उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा दांव पर है। अब उसका जीने का मन नहीं कर रहा है।

उधर, खाटू श्याम से लौटकर आई पत्नी को रो रोकर बुरा हाल हो गया है। उसने बताया वह अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। उसे एक दिन के लिए भी अपने से अलग नहीं करते थे। वह खाटू श्याम दर्शन के लिए गई थी, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि उसके जाने के बाद उसका सब कुछ उजड़ जाएगा।

▶▶ आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, करोड़ों के कर्ज से परेशान होना बताया



# रुद्रपुर से भागे प्रेमी युगल ने चलती बस में खाया जहर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके के भूरारानी के रहने वाले प्रेमी युगल ने यूपी के गढ़मुक्तेश्वर में चलती बस में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को मेरठ मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया गया है कि रुद्रपुर के गांव भूरारानी स्थित दुर्गा कॉलोनी की रहने वाली शादीशुदा रेखा का काफी समय से वहीं के रहने वाले अविवाहित युवक बबलू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते 8 फरवरी को दोनों एक साथ भाग गए थे। 10 फरवरी को वे बस में सफर कर रहे थे। गढ़मुक्तेश्वर टोल प्लाजा के समीप बस रुकने पर दोनों नीचे उतरे और गश खाकर गिर गए। दोनों के मुंह से जहरीला पदार्थ के सेवन की बदबू आ रही थी।

▶▶ 8 फरवरी को घरों से भागा था प्रेमी जोड़ा



# पुलिस ने नीट अभ्यर्थी को आत्महत्या करने से रोका

**कोटा।** राजस्थान पुलिस ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए नीट के अभ्यर्थी को आत्महत्या करने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय छात्र ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि वह पबजी खेलते हुए दोस्त बने वाराणसी निवासी युवक द्वारा आत्महत्या करने से तनाव में था। नासिक के रहने वाले युवक ने 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में कहा था कि वह शनिवार दोपहर 2 बजे आत्महत्या करने जा रहा है। कोटा शहर के एसपी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस टीमों ने लड़के को लैंडमार्क सिटी में उसके हॉस्टल के कमरे से ढूंढ़ निकाला और परिजनों को सौंप दिया।

# बेटे ने ही की थी पिता-बहन की हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

### अमरोहा में दोहरा हत्याकांड

▶▶ नौकर के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम

▶▶ मुस्लिम महिला से शादी कर संपत्ति उसके नाम करने वाले थे

**अमृत विचारः** संपत्ति के लालच में बेटे ने पत्नी और नौकर के साथ मिलकर सर्राफा कारोबारी पिता और बहन की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी बेटे, उसकी पत्नी और नौकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बेटे और उसके नौकर ने दरांती से गला रेतकर कारोबारी की हत्या की। बीच-बचाव करने आई बहन को भी मारना पड़ा। बेटे इशांक ने बताया कि पिता मुस्लिम महिला से शादी कर संपत्ति उसके नाम करने वाले थे। अपनी पुत्रवधू पर भी बुरी नजर रखते थे।



एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने रविवार को दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि शुक्रवार रात नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा गुलाम में रहने वाले 67 वर्षीय सर्राफा कारोबारी योगेश चंद्र अग्रवाल और उनकी 27 वर्षीय दत्तक पुत्री सृष्टि की घर में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी कि इस बीच घर में ऊपर जाने वाली सीढ़ियों पर खून की बूंदे मिलीं। ऊपर मृतक कारोबारी का बेटा इशांक पत्नी मानसी और बेटे के साथ रहता था। पुलिस ने शक के आधार पर मृतक के बेटे को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। पुलिस के मुताबिक योगेश ने सृष्टि के नाम हाल ही में मकान का आधा हिस्सा कर दिया था। पुलिस पूछताछ में बेटे ने बताया कि उसने साजिश के तहत अपनी दिल्ली फैक्ट्री में काम करने वाले नौकर अनिल गंगवार निवासी बरेली को अपने घर बुलाया। अपनी पत्नी और नौकर को साथ लेकर दोनों की गला रेत कर हत्या कर दी।

# बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का आज विधानसभा में शक्ति परीक्षण है। इससे पहले विधायकों में टूट के दावों-प्रतिदावों से राजनीतिक अटकलबाजियों का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा उनके पास है और वह आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेंगे।

# एटा में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

संवाददाता, एटा

▶▶ पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ में जुर्म कबूला

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में शनिवार को सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम गाजीपुर पहोर निवासी सात वर्षीया बच्ची शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। शाम करीब 4 बजे तक वह नहीं लौटी तो मां ने तलाशना शुरू किया। देर शाम बच्ची का पता नहीं चला तो सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दे दी गई। कुछ ही देर में एएसपी धनंजय कुशवाह, कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद पांडेय मौके पर पहुंचे। शनिवार रात करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की मदद से गांव के बाहर सरसों के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। उसके कपड़े फटे हुए थे। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी।

रविवार को एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उसी गांव के 26 वर्षीय युवक जवाहर शर्मा ने घटना को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी जवाहर ने बताया कि वह बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने सरसों के खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। चीखने पर आरोपी ने बच्ची का गला घोंट दिया और फरार हो गया।

# सशस्त्र पुलिस के लिए अब 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस बलों में अब हिंदी अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देने की छूट मिली है। इसका पहली बार प्रयोग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपहिया की होने वाली भर्ती के दौरान किया जाएगा।

7 मार्च को आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा में 128 शहरों के करीब 48 लाख उम्मीदवार 20 फरवरी से 7 मार्च तक क्षेत्रीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिए थी। जिन क्षेत्रीय भाषाओं को लिखित परीक्षा के लिए शामिल किया गया है, उसमें गुजराती, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, मराठी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, मणिपुरी, कोंकणी एवं असमिया भाषा हैं। गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर सरकार ने उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

# हरियाणा-पंजाब बार्डर सील, हाईवे पर ठोंकी कीलें

चंडीगढ़, एजेंसी

किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले हरियाणा के अधिकारियों ने अंबाला के पास शंभू में पंजाब से लगी सीमा को सील कर दिया है। सीमा पर कंक्रीट के अवरोधक, रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगारोधी वाहन मौजूद रखे गए हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस अवरोधकों को फेंकने से रोकने के लिए घग्गर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे की चादरें लगाई गई हैं।

दिल्ली कूच की मुहिम को रोकने के लिए जींद और फतेहाबाद जिलों की सीमाओं पर भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। फतेहाबाद में पुलिस ने पंजाब के प्रदर्शनकारियों को दिल्ली की ओर बढ़ने से रोकने के लिए जाखल इलाके में सड़क पर कंक्रीट के अवरोधक लगाए हैं और कील वाली पट्टियां भी बिछा रखी हैं। हरियाणा सरकार ने सात जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 से 13 फरवरी तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं और एक साथ कई एसएमएस भेजने की सेवा को निलंबित कर दिया है।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने 13 फरवरी को 200 से अधिक किसान संघों द्वारा 'दिल्ली चलो' की घोषणा की थी, ताकि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के वास्ते कानून बनाने सहित कई मांगों को स्वीकार करने को लेकर केंद्र पर दबाव डाला जा सके। एसकेएम नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने किसानों को दिल्ली की ओर जाने से रोकने की व्यवस्था करने के लिए हरियाणा सरकार की आलोचना की।

### किसानों का दिल्ली कूच



▶▶ सिंघु-टिकरी पर बैरिकेडिंग, हरियाणा के सात जिलों में 13 फरवरी तक इंटरनेट बंद

### दिल्ली-यूपी सीमा पर पाबंदियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने किसानों के 13 फरवरी के मार्च के आह्वान के मद्देनजर रविवार से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच सभी सीमाओं पर 11 मार्च तक पाबंदियां लगा दी हैं। इस दौरान रविवार से दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच सभी सीमाओं और उत्तर पूर्वी जिले के अधिकार क्षेत्र में आसपास के इलाकों में लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध रहेगा। यूपी से दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को ले जाने वाले ट्रैक्टरों, ट्रॉलियों, बसों, ट्रकों, निजी वाहनों आदि के प्रवेश पर भी रोक रहेगी।

## ' अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



- भमरौआ मंदिर में भगवान भोले नाथ पर जलाभिषेक प्रात: 5 बजे।
- आईडेंटिटी स्कूल के मैदान में हॉकी मैच का सेमीफाइनल अपराह्न 2 बजे।

## एक नजर

### एसडीएम से की चकरोड को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**मसवासी, अमृत विचार :** नया गांव नजीबाबाद के क्षेत्र पंचायत सदस्य इरफान अली ने स्वार उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर दबंग से चकरोड को मुक्त करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र में इरफान अली ने कहा है कि शाकिर के खेत से अब्दुल मजीद के खेत तक चकरोड काफी तंग है। इस पर कृषि संबंधी वाहन निकलना दुश्वार है। खेतों पर इंजन लाने-ले जाने में भी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने उपजिला अधिकारी से चक रोड कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

# दूसरी पाली में 1857 ने छोड़ी आरओ-एआरओ की परीक्षा

## 5597 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल रहा तैनात, कड़ी चेकिंग के बाद कक्ष में पहुंचे परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को जनपद में पहली बार यूपीपीएससी की ओर से आयोजित आरओ और एआरओ की परीक्षा हुई। इसमें 5597 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। पहली पाली में 1850 और दूसरी पाली में 1857 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कड़ी चेकिंग के बाद परीक्षार्थी कक्ष तक पहुंचे। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से रविवार को समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। पहली पाली में 1850 और दूसरी पाली में 1857 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। बताते चलें कि यूपीपीएससी की ओर से हर साल समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा कराई जाती है। इसके लिए शाहबाद में एक, बिलासपुर में पांच और शहर में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए बेहतर प्रबंध किए गए थे। डीआईओएस कार्यालय में 20 कक्ष निरीक्षक रिजर्व रखे गए थे।

> जिले में 14 केंद्रों पर आरओ और एआरओ की दो पालियों में हुई परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे और कड़ी चेकिंग कराई गई थी।
> -जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी



जुल्फिकार इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते डीएम एवं एडीएम। ● अमृत विचार



परीक्षा के पहले चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

### पहली पाली में उपस्थित-अनुपस्थित छात्र एक नजर में

| परीक्षा केंद्र | पंजीकृत अभ्यर्थी | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| 1-राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज | 384 | 273 | 111 |
| 2-राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज | 384 | 269 | 115 |
| 3-राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज | 480 | 338 | 142 |
| 4-राजकीय रजा पीजी कॉलेज | 384 | 263 | 121 |
| 5-राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार | 384 | 272 | 112 |
| 6-राजकीय पोलिटेक्निक कालेज | 384 | 264 | 120 |
| 7-दयावती मोदी एकेडमी | 480 | 332 | 148 |
| 8-राजकीय इंटर कॉलेज, शाहबाद | 384 | 229 | 155 |
| 9-दीक्षित कालेज हायर एजुकेशन | 384 | 264 | 120 |
| 10-मिल्टन एजूकेशनल एकेडमी | 384 | 243 | 141 |
| 11-गुरु नानक इंटर कॉलेज | 480 | 308 | 172 |
| 12-न्यू ऐज पब्लिक स्कूल | 317 | 212 | 105 |
| 13-गांधी शताब्दी स्मारक कॉलेज | 384 | 241 | 143 |
| 14- डीएवी इंटर कॉलेज | 384 | 239 | 145 |
| योग | 5597 | 3747 | 1850 |
| प्रतिशत | | 66.95 | 33.05 |

### दूसरी पाली में छात्रों की संख्या

| परीक्षा केंद्र | पंजीकृत अभ्यर्थी | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| 1-राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज | 384 | 271 | 113 |
| 2-राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज | 384 | 270 | 114 |
| 3-राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज | 480 | 336 | 144 |
| 4-राजकीय रजा पीजी कॉलेज | 384 | 261 | 123 |
| 5-राजकीय इंटर कॉलेज | 384 | 272 | 112 |
| 6-राजकीय पोलिटेक्निक | 384 | 265 | 119 |
| 7-दयावती मोदी एकेडमी | 480 | 331 | 149 |
| 8-राजकीय इंटर कॉलेज | 384 | 229 | 155 |
| 9-दीक्षित कालेज हायर एजुकेशन | 384 | 264 | 120 |
| 10मिल्टन एजूकेशनल एकेडमी | 384 | 243 | 141 |
| 11-गुरु नानक इंटर कॉलेज | 480 | 306 | 174 |
| 12-न्यू ऐज पब्लिक स्कूल | 317 | 213 | 104 |
| 13 गांधी शताब्दी स्मारक कॉलेज | 384 | 240 | 144 |
| 14- डीएवी इंटर कॉलेज | 384 | 239 | 145 |
| योग | 5597 | 3740 | 1857 |
| प्रतिशत | | 66.82 | 33.18 |

### दो पालियों में हुई परीक्षा

यूपीपीएससी आरओ व एआरओ की परीक्षा की पहली पाली सुबह 9:30 से पूर्वाह्न 11:30 बजे और दूसरी पाली अपराह्न 2:30 से 3:30 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का सुबह से ही जुटना शुरू हो गया था।

### छह सेक्टर और 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहे तैनात

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं हो। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए छह सेक्टर मजिस्ट्रेट और 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए थे। सुबह से ही सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट स्कूलों का निरीक्षण करते रहे।

### जिलाधिकारी भी करते रहे निरीक्षण

परीक्षा को शांति पूर्ण निपटाने के लिए जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह भी सक्रिय रहे। उन्होंने राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डा. शालू कौशल से बातचीत करके परीक्षा के बारे में जानकारी ली।

### बिलासपुर में पांच केंद्रों पर हुई परीक्षा

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर में पांच केंद्रों पर एआरओ-आरओ की परीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। रविवार को हुई समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा के लिए क्षेत्र के मिल्टन एजुकेशनल एकेडमी, गुरू नानक इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, गांधी शताब्दी स्मारक व न्यू ऐज पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।



> मेहनत के साथ तैयारी की थी। पहले पेपर कठिन था जबकि दूसरा पेपर काफी आसान था। दूसरे पेपर से आस जगी है। रामपुर में समीक्षा अधिकारी होना भी खुशी की बात है।
> – अनीता



> तीन साल से पीसीएस की तैयारी कर रहे हैं। 2023 में लोक सेवा आयोग के माध्यम से आरओ व एआरओ की सीटें आई थीं तो फॉर्म भर दिया था। पेपर सही आया है।
> – संजय सिंह



> समीक्षा अधिकारी की परीक्षा हर बार दूसरे जिले में हो रही थी। इस बार रामपुर में ही परीक्षा हुई। आयोग का यह काफी अच्छा कदम है। पेपर ठीक आया था।
> – राजेश कुमार



> कुछ दिन पहले ही परीक्षा की जानकारी मिली। हालांकि तैयारी दो साल से चल रही है। 2023 में आयोग ने सीट निकाली थीं। रिवीजन किया था।
> – जितेंद्र सिंह



बिलासपुर में पीएम स्वनिधि गलियारे का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## पीएम स्वनिधि गलियारे का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बिलासपुर में तैयार कराए जा रहे पीएम स्वनिधि गलियारे का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों को दुकानों का आवंटन जल्द करने के निर्देश दिए। ताकि उन्हें अपने रोजगार के लिए स्थाई जगह मिल सके।

इस दौरान एसडीएम बिलासपुर और नगर पालिका के चेयरमैन ने जिलाधिकारी को पीएम स्वनिधि गलियारा तैयार होने के बाद आवंटन की स्थिति की जानकारी दी। केमरी पहुंचकर उन्होंने पीएम स्वनिधि गलियारे के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। शहर स्थित किला परिसर में बनवाए गए पहले पीएम स्वनिधि गलियारे और ज्वालानगर में वृहद गलियारे के निर्माण के बाद अब प्रशासनिक स्तर से जिले की हर नगर पालिका और नगर पंचायत में इस नवाचार को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाया जा रहा है। इस प्रशासनिक पहल के बहुआयामी परिणाम सामने आ रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना के तहत आसान किस्तों में लोन देकर स्ट्रीट वेंडरों को रोजगार बढ़ाने के अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य भी मौजूद रहे।

## भाईचारा खत्म कर फैलाई जा रही नफरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने कहा कि देश के हालात सबको पता हैं। भाईचारे को खत्म कर नफरत फैलाई जा रही है। भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ रही है। देश में महंगाई और बेरोजगारी की चर्चा न हो, इसके लिए लोगों को आपस में लड़ाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि भाईचारा कायम रखें।

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कांग्रेस के नेता में भी मैदान में आ गए हैं। राहुल गांधी के संदेश को आम आदमी तक पहुंचाने में जुटे हैं। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने रविवार को सैदनगर ब्लॉक के ग्राम सींगनखेड़ा में कार्यकर्ता कार्यशाला में कहा कि नफरत और अन्याय के इस दौर में सिर्फ राहुल गांधी ही प्रेम और इंसाफ की किरण हैं। वह देश के भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं, उनका साथ दें। ताकि भाजपा अपने मकसद में कामयाब न हो सके। कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रामपुर आने का भी कार्यक्रम है। इस यात्रा में शामिल होकर इस बात का सुबूत दें कि हम नफरत फैलाने वाली ताकतों के साथ नहीं, राहुल गांधी के साथ हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी और मजबूत पार्टी है। कांग्रेस के राज में लोग खुशहाल थे और देश तरक्की कर रहा था। लेकिन भाजपा ने झूठे सपने दिखाकर सत्ता हासिल की। अब लोग किसी बहकावे में नहीं आएंगे। कहा कि सब मिलकर कांग्रेस के झंडे को थाम लें और राहुल गांधी को मजबूत करें। एआईसीसी के सदस्य मुतीउर्रहमान खां बब्लू ने लोगों को नेहरू गांधी खानदान के योगदान और बलिदान की याद दिलाई। इस मौके पर प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस मेहरबान अली, सरदार सतनाम सिंह, वसिक अली, पूर्व ब्लाक प्रमुख जब्बार हुसैन, मुशताक अली प्रधान, नूर हसन पधान, मास्टर करन सिंह, इदरीस प्रधान, ग्राम प्रधान वकील अली, सर्फाराज प्रधान दरशनपुर, इरफान पाशा, सहादात घोसी, इरशाद घोसी, सलमान घोसी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।



सींगनखेड़ा में रविवार को हुई कार्यशाला में बोलतीं पूर्व सांसद बेगम नूरबानो।

▶▶ **सींगनखेड़ा में हुई कार्यकर्ताओं की कार्यशाला**

## विधायक ने किए रामलला के दर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री मंडल और विधायकों के साथ रामलला के दर्शन किए। उनके साथ शहर विधायक आकाश सक्सेना भी रहे। इस दौरान विधायक ने कहा कि भगवान श्री राम विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी सरकार और विधायकों के साथ भगवान श्री राम के दर्शन करने पहुंचे। शहर विधायक आकाश सक्सेना भी विधायकों के साथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भगवान श्री राम, हनुमान गढ़ी, सरयू नदी आदि के दर्शन किए।



अयोध्या पहुंचे विधायक आकाश सक्सेना।



पंडित दीन दयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी।

## 400 से अधिक सीट जीतेगी भाजपा

▶▶ **पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किए पुष्प अर्पित**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सांसद ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के अंतिम व्यक्ति के पक्षधर थे। लोगों ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। सांसद ने कहा कि हमारी सरकार केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को घर-घर पहुंचने का कार्य कर रही है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर उस घर तक पहुंच चुकी है, जो पिछली सरकारों में वंचित रह जाते थे। भारतीय जनता पार्टी हर एक समाज के व्यक्ति का सम्मान कर रही है।

लोकसभा चुनाव में भी जनता भारतीय जनता पार्टी को 400 से अधिक सीट जिताकर एक बार फिर भाजपा का परचम लहराने जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, मोहनलाल सैनी, हरीश गंगवार, राजू शर्मा, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

**दिक्कत** बदलवाए गए जर्जर तार, 11 से तीन बजे तक लिया गया शटडाउन

## सिविल लाइंस में तीन घंटे ठप रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक शट डाउन लेकर 33केवीए लाइन के जर्जर तार बदलवाए गए। नए पोल लगाए जाने की वजह से रविवार को क्षेत्र की आपूर्ति तीन घंटे बंद रही। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तीन बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

मालगोदाम स्थित 33/11 केवीए बिजलीघर में सात फीडर हैं। इनसे सात हजार से अधिक उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती है। शौकत अली रोड, पुरानी आवास विकास, न्यू आवास विकास, सिविल लाइंस, रोशन बाग, बरेली रोड, भमरौआ रोड, बाबा दीप सिंह क्षेत्र के उपभोक्ता बिजलीघर से जुड़े हैं। लाइनों के जर्जर तार टूटना, पेड़ों की कटाई छंटाई नहीं होने की वजह से क्षेत्र कीआपूर्ति बाधित होत रहती है। पेड़ों की छंटाई नहीं होने के कारण लाइनों में हुए मामूली फॉल्ट को तलाशने में काफी समय लग जाता है। काफी देर तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रविवार की सुबह साढ़े ग्यारह से दोपहर ढाई बजे तक 33 केवीए लाइन के तारों को दुरूस्त कराने और नए बिजली के पोल लगाने का काम किया गया।



बरेली गेट स्थित जर्जर तारों को सही कराते जेई। ● अमृत विचार

> 33 केवीए की लाइन के जर्जर तारों, पुराने बिजली के पोल बदलवाकर नए लगवाए गए हैं। इसके लिए पूर्वाह्न 11:30 से दोपहर तीन बजे तक शटडाउन लिया गया था।
> -इमरान खां, एक्सईएन प्रथम



मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

## यूनानी दिवस पर लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**आयोजन**

▶▶ **92 लोगों का मुफ्त में किया परीक्षण**

**अमृत विचार :** राजकीय यूनानी चिकित्सालय में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में निशुल्क यूनानी शिविर लगाया गया।

हकीम अजमल खां के जन्मदिन के अवसर पर सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। चिकित्साधिकारी डॉ. सबा नकी ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इसमें 92 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा औषधि भी बांटी। चिकित्साधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार ने हकीम अजमल खां के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर भूप सिंह, अश्विनी कुमार, हिमांशु कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्वयं सेविकाओं ने निकाली जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने रविवार को जागरुकता रैली निकालकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रीति लता ने कहा कि वाहनों के टकराव और उचित सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी के कारण सड़क हादसा आम होता जा रहा है। सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी से हादसों से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ रही है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डा. मोहम्मद कासिम व डा. प्रीति लता के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना, लक्ष गीत तथा एनएसएस शपथ के साथ हुई। इसके बाद सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर गोष्ठी हुई। डा. मोहम्मद कासिम ने कहा कि देश में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।




जागरुकता रैली निकालतीं स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

▶▶ **2022 में देश में लगभग 4.5 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं**

2022 में भारत में लगभग 4.5 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं। 1.70 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई और 4,43,366 लोग घायल हुए। विगत वर्षों की तुलना में दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत, मृत्यु में 9.4 प्रतिशत और घायलों की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग में कुल सड़क दुर्घटना का 67 प्रतिशत है। डा. मनोरमा चौहान ने कहा कि नींद में गाड़ी न चलाएं। डा. गोविन्द शरण गुप्ता ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करें। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वयं सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली। इसमें स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

## एक नजर

### शांतिभंग में दो आरोपियों का किया चालान

**सैफनी, अमृत विचार :** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों का शांति भंग करने में चालान किया है। थाना क्षेत्र के पट्टी फाजिलाबाद गांव निवासी अर्जुन सिंह व मोहम्मदनगर गांव निवासी राजेश यादव को गिरफ्तार कर रविवार को कार्रवाई करते हुए चालान किया है।

### किशोर के सिर में ईंट मारकर किया लहूलुहान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** साइकिल को धक्का लगाने से मना करने पर किशोर को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी विजेन्द्र का पुत्र दीपक परिजनों के साथ रविवार की दोपहर कोतवाली पहुंचा। उसने पुलिस को मोहल्ले के ही दंपती व उसके पुत्र के विरुद्ध तहरीर दी। बताया कि वह सवेरे अपनी साइकिल से काम पर जा रहा था। पड़ोसी किशोर उसकी साइकिल को धक्का लगाने लगा। मना करने पर उसके माता-पिता ने दीपक के सिर में ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने भगवान दास निवासी ग्राम पैगा को चाकू के साथ किशनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने भगवान दास को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### डीएमए का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने दयावती मोदी एकेडमी पहुंचकर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अलग-अलग कमरों में मतदान और मतगणना के लिए विभिन्न चरणों के लिए प्रशिक्षण की प्रक्रिया और बारीकियों को जाना। इस दौरान अपर जिलाधिकारी लालता प्रसाद शाक्य सहित अन्य अधिकारी और डीएमए की प्रधानाचार्य भी मौजूद रहीं।

### गरीबों को बांटे कंबल

**रामपुर, अमृत विचार :** सर्दी से बचाने को गरीब, असहायों को एमआईएमटी सेंटर के संस्थापक डा. शादाब ने कंबल बांटे। उन्होंने कहा कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी इबादत है। गरीब, वृद्धों को कपड़े, कंबल और गर्म कोट का वितरण किया गया।

# दढ़ियाल के युवक की काशीपुर में मौत

## ट्रक की चपेट में आई स्कूटी, देर शाम तक परिजन करते रहे शव का इंतजार

संवाददाता, दढ़ियाल



उत्तराखंड में आमिर सुहेल की सड़क हादसे में मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के रामनगर जाते समय काशीपुर में हुए सड़क हादसे में दढ़ियाल के युवक की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल है।



नगर के मोहल्ला पीपलटोला निवासी अनवार हुसैन का बेटा 26 वर्षीय आमिर सुहेल उत्तराखंड के रामनगर में किसी चिकित्सक के यहां काम करता था। शनिवार की शाम को रामनगर से अपने घर आया था। रविवार सुबह लगभग नौ बजे घर से रामनगर के लिए स्कूटी से निकला था। जैसे ही आमिर सुहेल उत्तराखंड के काशीपुर में रेलवे क्रॉसिंग से आगे पहुंचा तो ट्रक की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया। वहीं सूचना पाकर मृतक के परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

### आमिर सुहेल के हैं दो बच्चे

मृतक आमिर सुहेल के परिवार में पत्नी व दो दो बच्चे हैं। बेटी की उम्र पांच साल है। जबकि बेटा मात्र तीन साल का ही है। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी मिलने के बाद उसके घर रिश्तेदारों का तांता लग गया।

### दो बाइक सवारों की भिड़ंत में वृद्ध घायल

**स्वार, अमृत विचार :** दो बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। चिकित्सक ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तहसील क्षेत्र के गांव बूढ़ी दढ़ियाल निवासी जाफर अली अपनी दो बेटियों के साथ बाइक द्वारा लालूनगला जा रहा था। स्वार-बिलासपुर मार्ग स्थित गांव रजानगर के निकट सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद दूसरी बाइक सवार फरार हो गया। इसमें जाफर अली गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसकी बेटियां बाल-बाल बच गईं। चीख-पुकार सुन पहुंचे राहगीर एवं ग्रमीणों ने एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद घायल को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। हादसे की खबर पाकर उनके परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

## सीओ मिलक का फोटो फेसबुक पर लगाकर मांगे 50 हजार रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** सीओ मिलक केएन आनंद के फेसबुक पर फोटो की डीपी लगाकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने के बाद सीओ ने अधिकारियों को बताया।

इस दौरान आरोपी ने एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये भी मांगे। इसके अलावा कई अन्य लोगों से भी पैसों की मांग की जा चुकी है। मामले को लेकर सर्विलांस की टीम सक्रिय हो गई है। आरोपी के नंबर की तलाश की जा रही है।

## 10 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने 10 ग्राम चरस के साथ आदिल निवासी पीला तालाब चक्की के पास को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# स्थापित होगा एटीएस का स्पॉट कमांडो सेंटर : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा प्रस्ताव

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान के भवन में एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) का स्पॉट (स्पेशल पुलिस ऑपरेशन ग्रुप) कमांडो सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रस्ताव दिया है।

बताया कि सरकार की तरफ से पूर्व में इसकी कवायद शुरू हुई थी। लेकिन यह नहीं बढ़ सकी। ऐसे में यदि रामपुर में कमांडो सेंटर बन जाएगा तो यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए अहम साबित होगा। इसके लिए भवन भी तैयार है। प्रदेश सरकार ने पुलिस लाइन के पास राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान के लिए करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से विशाल भवन तैयार कराया था। किंतु, इसका प्रयोग नहीं हो पा रहा है। देखरेख के अभाव में यह भवन खराब होता जा रहा है। सरकार के करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश सरकार ने शुरूआत में इस भवन में एटीएस का स्पॉट कमांडो सेंटर स्थापित करने के लिए कवायद शुरू की थी, लेकिन यह परवान नहीं चढ़ सकी। शहर विधायक ने बताया कि उन्होंने एटीएस के स्पॉट कमांडो सेंटर के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान के भवन का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री को बताया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से रामपुर अहम स्थान है। यदि यहां एटीएस का स्पॉट कमांडो सेंटर स्थापित हो जाएगा, तो पुलिस के लिए देश विरोधी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आसानी होगी और भवन का भी सदुपयोग हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया है कि जल्द ही इस मामले में भी सरकार की ओर से कदम उठाए जाएंगे।

# चंदौसी में ट्रेन से कटकर हुई डी-फार्मा के छात्र की मौत

संवाददाता, चंदौसी, शाहबाद

दुखद

▶▶ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस बता रही आत्महत्या

**अमृत विचार :** संभल जनपद के बनियाठेर थाना क्षेत्र के भैतरी रेलवे फाटक के पास युवक मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। युवक चंदौसी में अपने भाई के पास रहकर डी-फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जबकि पुलिस का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की है। हालांकि आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।



विकास।

शनिवार की रात करीब नौ बजे चन्दौसी से बरेली के लिए मालगाड़ी रवाना हुई। बनियाठेर थाना क्षेत्र के भैतरी फाटक से कुछ आगे करीब 20 वर्षीय युवक ट्रेन के आगे कूद गया। ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ने घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम से बनियाठेर पुलिस को सूचना दी गई। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के कपड़ों की तलाशी ली। उसके पास से आधार कार्ड मिला। इससे युवक की शिनाख्त जनपद रामपुर के थाना शाहबाद के गांव पतौरा निवासी 20 वर्षीय विकास यादव पुत्र अतर सिंह के रूप में हुई। उसके पिता अतर सिंह साधन सहकारी समिति मधुकर पर सचिव हैं। सूचना पर आधी रात में परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## महिला से छेड़खानी व मारपीट में सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर कुछ लोगों ने महिला से छेड़खानी की। विरोध पर मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि चार फरवरी को वह अपने बच्चों के साथ घर में थी। उसका पति सब्जी बेचने गया था। इस दौरान गांव का ही अरविंद अपने साथियों के साथ घर में घुस आया छेड़खानी करने लगा। आरोपी ने महिला को जमीन पर गिरा दिया और कपड़े फाड़ दिए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस को मामले की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी अरविंद, धर्मेंद्र, डोरीलाल, रामप्यारी, पूजा, पूनम व अरुण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दूसरे के मकान को अपना बताकर पिता-पुत्रों ने 10 लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ स्वार थाने में कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** किसी और के मकान को अपना बताकर बेचने में चार लोग फंस गए। कोर्ट के आदेश पर स्वार पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव बिजरा निवासी मशकूर अहमद का कहना है कि उसके पड़ोसी मकतूब अहमद का उसके घर आना-जाना था। इस दौरान मकतूब के बेटे शुऐब, नवेद और सुल्तान ने मिलकर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला खटकान में एक मकान दिखाया था। इसमें मोहम्मद सुल्तान का कमीशन तय था। मकान दिखाने के बाद उसका सौदा 50 लाख में तय हो गया था। इसके बाद मोहम्मद सुल्तान को 2.75 लाख रुपये कमीशन दिया था। जपांच लाख रुपये शुऐब, मकतूब व नवेद को दिए थे। एक साल में मकान की रजिस्ट्री कराना तय हुआ था। मगर लॉकडाउन के कारण रजिस्ट्री कराने में टाल-मटोल करता रहा। इस बीच पीड़ित ने अपने पिता फिरासत अली के खाते से 19 दिसंबर 2020 को ढाई लाख रुपये डाल दिए। सात मार्च 2023 को 34,000 रुपये शुऐब के खाते में डाले थे। इसके अलावा पीड़ित ने भाई के खाते से 50,000 रुपये तीन अप्रैल 2023 को भी आरोपियों के खाते में डाले थे। पीड़ित का भाई दुबई में होने के कारण भी उसके खाते, भाभी और पीड़ित के पिता के खाते सहित सभी लोगों ने करीब 10 लाख रुपये दिए थे। इसके बाद भी आरोपी रजिस्ट्री कराने के लिए टाल-मटोल करते रहे। बाद में पता चला कि आरोपियों ने जिस मकान को दिखाया है वह उनका नहीं बल्कि किसी दूसरे का है। इस प्रकार आरोपियों ने धोखाधड़ी करके 10 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने थाने में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शुऐब, नवेद, मकतूब अहमद और मोहम्मद सुल्तान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पंचायत में पीड़ित को लात-घूसों से पीटा

मशकूर अहमद ने जब आरोपियों से पैसे मांगे तो शुऐब व सुल्तान दुबई भाग गए। मकतूब ले कहा कि एक फरवरी 2024 को पंचायत होगी। जब तक दुबई गए उसके बेटे भी लौट आएंगे और पैसे वापस मिल जाएंगे। एक फरवरी को पंचायत में पहुंचे पीड़ित सुल्तान ने अपने साथियों के साथ मिलकर रास्ते में रोककर गाली-गलौच करते हुए जमकर पीटा था। लोगों ने किसी तरह से मामले को शांत कराया था।

## 65 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा पुलिस ने 65 लीटर शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

रविवार को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गंगाराम निवासी ग्राम लालपुर, भूरा निवासी ग्राम रनुआ नंगला और राम सिंह निवासी सीकमपुर को गिरफ्तार किया। सभी के कब्जे से 65 लीटर शराब बरामद मिली है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## 710 ग्राम चरस के साथ आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने युवक को 710 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार कमरुल इस्लाम उर्फ शन्ना मियां निवासी कुंआ खजान खां के पास से 710 ग्राम चरस मिली है। आरोपी का चालान कर दिया गया है। आरोपी चरस को बेचने की फिराक में था।



बस अड्डे का निरीक्षण करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

# डीएम ने दिया रोडवेज का गेट खुलवाने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण किया और बसों के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बताया कि शीघ्र ही बिलासपुर जाने वाली बसें रोडवेज के अंदर खड़ी होंगी।

रविवार दोपहर जिलाधकारी रोडवेज बस अड्डे पहुंचे। उन्होंने बिलासपुर की ओर जाने वाली बसों और यात्रियों की सुविधा के लिए लंबे समय से बंद गेट नंबर दो को तत्काल खुलवाने के निर्देश दिए। कहा कि इसी गेट से बिलासपुर की तरफ बसों का आवागमन होना चाहिए। रोडवेज बसें परिसर से होकर गुजरनी चाहिएं। ताकि यात्रियों को सुविधा मिले और मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या उत्पन्न न हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य भी मौजूद रहे।

## एलआईसी चौराहे पर बनाए जाएं स्पीड ब्रेकर

**रामपुर, अमृत विचार :** एलआईसी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनवाने को दुकानदारों ने शहर विधायक को पत्र सौंपा। इसमें सुशील कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता का कहना है कि स्पीड ब्रेकर नहीं होने से चौराहे पर आए दिन हादसे हो रहे है।

एलआईसी पार्क की ओर से चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर ज्यादातर हादसे होते हैं। दुकानदारों का कहना है कि इसके लिए पूर्व में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी पत्र दिया था। इसके बाद अधिकारियों ने मौका मुआयना करते हुए ब्रेकर बनवाने की बात कही थी। लेकिन इस बात को भी काफी समय गुजर चुका है। मगर अभी तक स्पीड़ ब्रेकर नहीं बन सके। चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनने से काफी हद तक हादसों से निजात मिल सकेगी।

# आज अस्थाई अतिक्रमण हटाएगी पालिका की टीम

कार्यालय संवाददात, रामपुर

कार्रवाई

▶▶ व्यस्तम क्षेत्रों में आए दिन लगता है घंटों तक जाम

▶▶ अतिक्रमण मिलने पर की जाएगी दंडात्मक कार्रवाई

**अमृत विचार :** शहर में कई स्थानों से नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इसे लेकर ई-रिक्शा पर लाउडस्पीकर के जरिए दुकानदारों को सड़क के बाहर सामान नहीं रखने की हिदायत दी गई। अभियान के दौरान दुकानों के बाहर अतिक्रमण मिला तो पालिका प्रशासन की ओर से दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

तोपखाना स्थित प्रानपुर रोड पर कई दुकानदारों ने अस्थाई अतिक्रमण कर सड़क को संकरा कर दिया है। इससे लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। पिछले दिनों ने नगर पालिका की टीम ने दुकानदारों को चेतावनी दी थी कि सड़क पर रखे सामान को तुरंत ही हटा लिया जाए। दो दिन का समय भी दिया गया था। टीम को पुलिस फोर्स नहीं मिलने की वजह से शनिवार को अभियान नहीं चल पाया था।

ईओ दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि शहर में अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए दुकानदार, फड़ विक्रेताओं को नोटिस दिए जा चुके हैं। रविवार को ई-रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर पूरे शहर में लोगों से अतिक्रमण हटाने को कहा गया। सोमवार की दोपहर दो बजे तक अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## स्तनपान की रेकिंग में सुधार लाने के निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** नवजात के जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान की स्थिति सही नहीं मिलने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को सुधार लाने के निर्देश दिए। ताकि प्रदेश और मंडल में जनपद को अच्छा स्थान मिल सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह ने बताया कि प्रदेश व मंडल स्तर में जन्म से एक घंटे के भीतर नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने की रैकिंग कम अंकित की जा रही है। इसमें सुधार लाने के जनपद के सभी नर्सिंग होम, मेटरनिटी सेंटर संचालको को निर्देशित किया है कि अस्पताल में प्रसव के बाद धात्रि माता बच्चे को एक घंटे के अंदर स्तनपान अवश्य कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। भविष्य में सुधार नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए नवजात शिशुओं के स्तनपान की रैंक में सुधार किया जाए।

# डीएम ऑफिस से फर्जी कार्मिक की जांच पत्रावली गायब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ जिलाधिकारी को पत्र भेजकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** बीएसए ऑफिस में सहायक लेखाकार के पद पर कार्य कर रहे फर्जी कार्मिक की जांच पत्रावली गायब होने से जांच शुरू नहीं हो पाई है। तत्कालीन जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने 24 जनवरी को सहायक लेखाकार के पद पर कार्य कर रहे नेगपाल सिंह से सभी पटल हटाने और उसकी नियुक्ति की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। सीडीओ ने पत्रावली तलब की है। लेकिन, पत्रावली नहीं मिलने से खलबली मची है।

तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा बनाई गई जांच कमेट में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और जिला पंचायत के वित्तीय परामर्शदाता शामिल थे। इसके बाद जिलाधिकारी का स्थानांतरण जौनपुर के लिए को हो गया। इसके बाद उनके आफिस से फाइल भी गायब हो गई। नेगपाल सिंह पर सहायक लेखाकार के पद पर रहते हुए कूटरचित अभिलेखों से अपनी पत्नी को शिक्षिका के पद पर नियुक्त कराने और उसे लाखों रुपये का भुगतान करने का आरोप था। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने की थी। निदेशालय के पत्र पर जिलाधिकारी ने उससे सभी पटल हटाने और उसकी नियुक्ति की जांच के लिए समिति गठित की थी लेकिन, यह फाइल अब गायब है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

अनदेखी — ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक स्कूटी तक नहीं चला सकते किशोर, शासन से जारी आदेश के बाद भी नहीं हो रहा पालन

# नियम दरकिनार कर धड़ल्ले से वाहन चला रहे किशोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शासन के आदेश के बाद भी 18 साल के किशोर धड़ल्ले से ई-स्कूटी से लेकर बाइक तक चला रहे हैं। लेकिन सीओ ट्रैफिक ऐसे किशोरों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यह नाबालिग किसी दिन भी बड़ा हादसा करा सकते हैं। क्योंकि, इन्हें वाहन चलाने का कोई अनुभव नहीं है। जब चाहे, जहां चाहे बिना इंडीकेटर या हाथ दिए वाहन को मोड़ देते हैं। इससे पीछे आ रहे वाहन चालक जैसे-तैसे अपने वाहन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर नियंत्रित करते हैं।

आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लगाने के लिए शासन ने नया आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में 18 साल से कम आयु के बालक-बालिका दो या चार पहिया वाहन नहीं चलाएंगे।



स्टार चौराहे पर स्कूटी चलाती किशोरी। ● अमृत विचार

परिवहन विभाग के सहयोग से माध्यमिक विद्यालयों में सख्ती की जाएगी। इसके लिए अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। छात्रों को सड़क सुरक्षा की विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जाएगी। लेकिन यह नियम कागजों में सिमटकर रह गया है।

यातायात पुलिस ऐसे किशोरों के खिलाफ कोई अभियान नहीं चला रही है। स्कूलों में शिविर लगाकर जागरूक भी नहीं किया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि यातायात पुलिस को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

### मुख्य चौराहों से दिन भर निकलते हैं किशोर

सुरक्षा के लिहाज से मुख्य चौराहों पर पुलिस तैनात रहती है। ताकि किसी के साथ कोई हादसा नहीं हो सके। इस दौरान भारी संख्या में 18 साल से कम उम्र के किशोर या किशोरियां बाइक या स्कूटी से निकलती हैं। लेकिन चौराहों पर तैनात महिला पुलिस इन्हें रोकने का प्रयास तक नहीं करती।

### 250 कम वाट के वाहन को रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं

250 वॉट से कम बिजली उत्पादन वाले इलेक्ट्रिक स्कूटरों को आरटीओ के यहां पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है। यदि स्कूटर का पावर आउटपुट 250 वॉट से अधिक है तो इसे आरटीओ के यहां पंजीकृत होना चाहिए। बिना रजिस्ट्रेशन के ऐसे इलेक्ट्रिक स्कूटर को चलाना गैरकानूनी है। इसमें चालान काटा जा सकता है। इसके लिए डीएल का होना भी जरूरी है।

> 18 साल से कम उम्र के वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। लगातार स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक भी किया जा रहा है।
> – बिजेंद्र सिंह, टीआई

# 20 को आंदोलन करेंगे संविदा बिजलीकर्मी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** संविदा लाइनमैन, एसएसओ और कम्प्यूटर आपरेटर को 25,000 और श्रमिकों को 18,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय समेत नौ समस्याओं को लेकर संविदा बिजलीकर्मी 20 फरवरी को लखनऊ में गरजेंगे। 27 फरवरी को ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

मालगोदाम स्थित पुराना पावर हाउस स्थित विद्युत मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक हुई। इसमें संगठन के केन्द्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष सैयद शुऐब हसन ने कहा कि तीन फरवरी को संगठन को नोटिस दिया गया है कि संविदा बिजली कर्मचारियों की मांगों को लेकर 20 फरवरी को लखनऊ स्थित शक्तिभवन में प्रदर्शन किया जाए। उनकी मांग है कि 14 जनवरी 2000 के बाद सेवा में आए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू कराई जाए। कार्यालय सहायक, टीजी टू को नियुक्ति ग्रेड पे न्यूनतम तीन हजार रुपये दिया जाए। फरवरी 2008 के बाद तीसरा टाइम स्केल पाने वाले कर्मचारियों को भी ग्रेड-पे 6600 दिया जाए।

33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दढ़ियाल के संविदा कर्मियों का जेई ने बिना बताए वेतन कटवा दिया है। बिजली कर्मियों की इस मांग को लेकर एसडीओ टांडा से मिलेंगे। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर बिजलीघर पर धरना देंगे। इस अवसर पर साजिद अली खां, समी अंजुम, संजय कुमार, जुल्फिकार मियां, फारूख मियां, मगदूम अहमद, महफूज मियां, इमरोज, नादिर कमाल, अहमद नवाज खां, सैयद अजीम अरशद, फैजान खां और नदीम खां आदि शामिल रहे।




मालगोदाम में हुई बैठक में मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

▶▶ विद्युत मजदूर संगठन की बैठक में लिया निर्णय

## एक नजर

### तीन लाख के 10 बकाएदारों के विद्युत कनेक्शन काटे

रामपुर, अमृत विचार : रविवार को मोरी गेट नालापार क्षेत्र में तीन लाख के 10 बकाएदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए। बिजली निगम के अधिकारियों की कार्रवाई से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। एसडीओ द्वितीय प्रद्योमन सिंह के निर्देशानुसार जेई जयदीप मौर्य ने अभियान चलाया। इसमें नालपार, मोरीगेट, बाग छोट साहब, चमारों वाली पुलिया और मुमताज पार्क के बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। जेई ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर निगम का बकाया चल रहा है, उनके कनेक्शन काटे गए।

### दिव्यांगों ने उठाई राशन कार्ड बनवाने की मांग

रामपुर, अमृत विचार : ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली ने कहा कि दिव्यांगों के राशन कार्ड नहीं बनवाए जा रहे हैं। इस बारे में कई बार जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया गया है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। आरोप लगाया कि दिव्यांगों के राशन कार्ड के मोबाइल नंबर बदलकर राशन कार्ड होल्डरों के लगा दिए गए हैं। इसके चलते पात्रों के मोबाइल नंबरों पर ओटीपी नहीं आ रहा हैं। इससे दिव्यांगों को जीवन यापन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# हॉकी टूर्नामेंट में मून स्टार पीलीभीत ने शाहजहांपुर टाउन को 6-5 से हराया

## आइडेंटिटी एजुकेशनल के मैदान पर खेले गए दो क्वार्टर फाइनल मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



विजयी टीम के साथ मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जुल्फिकार अली स्टेट हॉकी मेमोरियल टूर्नामेंट के पहले मैच में मून स्टार पीलीभीत ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में शाहजहांपुर टाउन को 6-5 से हरा दिया। आइडेंटिटी स्कूल के मैदान पर रविवार को दो क्वार्टर फाइनल खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल मैच शाहजहांपुर टाउन हॉल की टीमों के बीच जबकि दूसरा चैंपियन क्लब रामपुर और स्पोर्ट्स स्टेडियम शाहजहांपुर की टीम के बीच खेला गया।

हॉकी मेमोरियल टूर्नामेंट में रविवार को पहले क्वार्टर फाइनल मैच में शाहजहांपुर टाउन हॉल और मून स्टार पीलीभीत के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ। रोमांचक मुकाबले में मून स्टार पीलीभीत ने यह मुकाबला 6-5 गोल से जीत लिया। स्टार पीलीभीत की तरफ से शाहिद ने दो, रजत ने दो और राजा ने दो गोल किए। शाहजहांपुर की तरफ से लाल ने दो, अयान ने दो और राजा ने एक गोल किया। दूसरा क्वार्टर फाइनल चैंपियन क्लब रामपुर और स्पोर्ट्स स्टेडियम शाहजहांपुर के मध्य खेला गया। दोनों टीम दो-दो गोल से बराबर रहीं। मुकाबला ट्राई ब्रेकर अंतिम स्टॉक के द्वारा किया गया। ट्राई ब्रेकर में यह मुकाबला चैंपियन क्लब ने 6 के मुकाबले 4 गोल से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट निदेशक वकार खान ने बताया कि सोमवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला मैच चैंपियन क्लब रामपुर और मून स्टार क्लब पीलीभीत के मध्य खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मैच आइडेंटिटी स्कूल और मेरठ स्पोर्ट्स स्टेडियम के मध्य खेला जाएगा। मैच की अंपायरिंग नवेद खान ने की। टेक्निकल कार्यभार फहीम खान, नासिर खान और उज्जैन ने संभाला। इस दौरान उस्मान नूर, आदिल मियां, इरशाद मियां, मुख्तार खान, जोसेफ खां आदि मौजूद रहे।

### एटीएम का स्विच बंद कर कैश उड़ाने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार और एसओजी ने एटीएम का स्विच बंद कर पैसा चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह का सरगना समेत तीन लोग फरार हो गए। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 80 हजार रुपये, नौ एटीएम कार्ड व तीन मोबाइल फोन बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्तों में दो हरदोई व एक शाहजहांपुर का निवासी हैं।

एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा टाउनहॉल की प्रबंधक अनिमेश ने थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बैंक के पड़ोस में स्थित एटीएम से फ्रॉड करके दो माह में 99 हजार रुपये निकाल लिए गए। गिरोह एटीएम में कार्ड डालकर सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एटीएम से कैश बाहर आते ही मशीन बंद कर देते थे। इस प्रक्रिया में दो शातिर काम करते थे। एक मशीन से कैश निकालता था और दूसरा बिजली का स्विच ऑफ करके एटीएम बंद कर देता था। आरोपी रुपये बाहर आने के बाद ही स्विच बंद करते थे। इसके लिए वह समय का आंकलन कर लेते थे।



किसान पंचायत में बोलते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

# किसानों से 16 फरवरी को किया पूर्ण बंदी का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने भारत बंद को सफल बनाने के लिए गांवों का भम्रण किया। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में चमरौआ ब्लाक के कई गांवों में पहुंचकर किसानों से उस दिन खेतों पर काम न करने की अपील की।

भाकियू हाईकमान ने केंद्र सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में 16 फरवरी को किसानों से भारत बंद का ऐलान किया है। पदाधिकारी बंद को सफल बनाने में जुट गए हैं। कार्यकर्ताओं ने चमरौआ ब्लाक के घनश्यामपुर गोहरा हसनपुर, जौलपुर, भैयानगला मिश्रीनगर सिकरौल, सैदपुर, दलपुरा वीसरा गांव का भ्रमण किया। प्रदेश महासचिव ने किसानों से उस दिन खेती व अन्य कारोबार को बंद रखने की अपील की।

भ्रमण में पूर्व प्रधान दीपचंद, दलवीर सिंह, तीरथ सिंह, प्रकाश चंद, हरपाल, सोमपाल सिंह, अर्जुन सिंह, मोहरपाल सिंह, गणपत सिंह, छत्रपाल सिंह, तुलसी सिंह, रूपचंद, गजराम सिंह, रघुवीर सिंह, कुंवर पाल, खेमपाल सिंह, मोहनलाल आदि शामिल रहे।



सत्संग में प्रवचन देते शिरोहित सक्सेना। ● अमृत विचार

# प्रभु के सुमिरन से मिट जाती हैं चिंताएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रचारक शिरोहित सक्सेना ने कहा कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में है। ऐसी कोई जगह नहीं जहां वह नहीं है। इसका सुमिरन मात्र से मन की सभी चिन्ताएं समाप्त हो जाती हैं। मन चिन्ता के स्थान पर चिन्तन करने लगता है।

बरेली रोड स्थित निरंकारी भवन में रविवार को सत्संग हुआ। निरंकारी मिशन के लेखा विभाग से जुड़े प्रचारक शिरोहित सक्सेना ने कहा कि दुःख में सुमिरन सब करें सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरन करे दुःख काहे होय। भाव समझाते हुए ईश्वर सुमिरन के महत्व को समझाया। कहा कि कौरवों की सभा में जब द्रौपदी चीर हरण के समय जब कोई दुनियावी सहारा नहीं मिला। तब श्री कृष्ण का सुमिरन द्रौपदी की लाज बचाता है।

सत्संग में सुनील राज, अनिल राज, चुन्नी लाल, सुशील जौहरी, ओपी आहूजा, एसपी सिंह, प्रिया, मीनू, कल्पना समदिशा आदि ने भक्ति गीत व विचार प्रस्तुत किए।

### धान खरीद में पिछड़े इसलिए 15 दिन पहले शुरू होगी गेहूं खरीद

**बरेली, अमृत विचार :** धान खरीद में पिछड़े अफसरों के सामने अब गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा करना किसी से चुनौती से कम नहीं होगा। पिछले सीजन में में भी लक्ष्य के सापेक्ष महज 1.36 फीसदी गेहूं की खरीद हुई थी। खरीद के दौरान बिचौलियों पर रोक के लिए तैयारी की जा रही है। एजेंसी प्रबंधकों के साथ बैठकें कर जिम्मेदारी तय की जा रही है।

इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 150 रुपये से बढ़ाकर 2275 रुपये निर्धारित किया है। हर साल एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होती है, लेकिन इस बार 15 मार्च से जिले के पांच एजेंसियों के 116 केंद्रों पर खरीद कराने का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले के 135 केंद्रों पर 1.80 लाख एमटी खरीद का लक्ष्य था लेकिन सिर्फ 1.36 प्रतिशत खरीद हुई थी।

# कुश्ती : 25 किलो भार वर्ग में अंजलि और 35 किलो में प्रीति ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



ट्रॉफी के साथ मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडलीय खेलों में ऑल ओवर चैम्पियनशिप में रामपुर रनर अप रहा। रामपुर के खिलाड़ी व्यक्तिगत एवं टीम स्पर्धाओं में भी छाए रहे। विजेता खिलाड़ियों को एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बेसिक शिक्षा विभाग की एक दिवसीय मंडलीय क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता अमरोहा के गजरौला स्थित ऑक्सफोर्ड इंटर नेशनल स्कूल में हुई। इसमें रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, सम्भल एवं मुरादाबाद के बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया गया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कबड्डी में संविलियन विद्यालय नानकार की टीम प्रथम स्थान पर रही। खो-खो में मॉडल प्राथमिक विद्यालय गोकुलनगरी की टीम रनरअप रही। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग खो-खो में प्राथमिक विद्यालय जहांगीरपुर की

**मंडलीय खेलों में रामपुर ऑल ओवर चैम्पियनशिप में रहा रनरअप**

टीम ने बाजी मारी। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग ऊंची कूद में सुमित सागर उच्च प्राथमिक विद्यालय सींगनी, चक्का फेंक में देव कुमार उच्च प्राथमकि विद्यालय करखेड़ा और कुश्ती में जीशान पहले स्थान पर रहे। रिले दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय परम मिलक के खिलाड़ी प्रथम स्थान पर रहे। कबड्डी में कम्पोजिट विद्यालय सनैया जट चमरोव की टीम प्रथम स्थान पर रही। बास्केटबॉल में उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर, फुटबाल में उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोकनगर और पीटी में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल की टीम ने मण्डल में पहला स्थान हासिल किया। उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग गोला फेंक में उजमा संविलियन विद्यालय अलीनगर ठेका, कुश्ती 25 किलो में अंजलि और 30-35 किलो में प्रीति ने बाजी मारी। बास्केटबॉल में उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर, हैंडबॉल में पीपलसाना और क्रिकेट में हरनगला की टीम पहले स्थान पर रही। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश स्तर पर मंडल एवं जनपद रामपुर का नाम रोशन करने की आशा व्यक्त की।

### यह लोग रहे मौजूद

बीईओ स्वार विजय कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, व्यायाम शिक्षिका अनीसा लतीफ, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सुख लाल सिंह, ओम प्रकाश,वीर सिंह , महेंद्र सिंह, फजल अफाक, आनंद सिंह भंडारी, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा. राजवीर सिंह, मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना, कोषाध्यक्ष राधेश्याम, संतोष प्रसाद, मनोज गुज्जर, गोविंद नारायण, निर्मल चंद रॉय, भुजवीर सिंह, निदा खुशनूद, अमरपाल यादव, चंद्र शेखर, राकेश कुमार, तहसीन आलम खां, राकेश विश्वकर्मा, मीनू रानी, संदीप कौर, जगजीत सिंह, रवि कुमार, नफासत अली, अतीक अहमद, हिमदीप सिंह, सईद सागर, मुकेश कुमार, प्रेम बाबू सैनी, नितिन राजपूत, विनोद कुमार, शैलेंद्र सिंह, रीना कुमारी, जय प्रकाश सिंह, पंकज कुमार, राशिद, फारूक अली खेल अनुदेशक, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

### 15 से 17 फरवरी को लखनऊ में होगा आयोजन

15 से 17 फरवरी तक राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सब सेंटर लखनऊ में आयोजित होगी। जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां ने मंडल स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे टीम इंचार्ज से आह्वान किया कि 12 फरवरी को जनपद के मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों की पात्रता कार्यालय को उपलब्ध करा दें।

### विधवा पेंशन के पांच और अपात्रों ने जमा की रकम

**बरेली, अमृत विचार :** रामनगर ब्लॉक के गोठा खंडुआ में विवाहिताओं के पतियों को कागजों में मृत दिखाकर विधवा पेंशन का लाभ देने के फर्जीवाड़े में अपात्रों से वसूली तेज हो गई है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के पत्र लिखने के बाद पांच और अपात्रों से रकम की वसूली कर जमा कराई गई है। अब तक सात महिलाओं से से करीब एक लाख रुपये की वसूली कर रकम जमा कराई जा चुकी है और 39 से करीब सात लाख रुपये की वसूली बाकी है।

गोठा खंडुआ में 46 महिलाओं के जीवित पतियों को कागजों में मृत घोषित कर लंबे समय तक विधवा पेंशन योजना का लाभ लिया गया। सितंबर 2023 में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद अफसरों ने मामले को दबा दिया। इसके बाद डीएम रविंद्र कुमार ने नए सिरे से जांच कराई, जिसमें कई अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम सामने आए।

# छात्राओं ने दी कल्पना को उड़ान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रतियोगिता में पेंटिंग दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव में ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पना को उड़ान दी। प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

शाहबाद रोड स्थित दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में रविवार को हुई प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को पोस्टर पर उकेर दिया। शीर्षक के अनुरूप किसी ने राम प्रतिष्ठा पूजन, मां सीता को पौधे सींचते हुए, राम-लक्ष्मण, सीता को वन भ्रमण करते हुए चित्रित किया तो किसी ने धनुष तोड़ते श्री राम, वीर हनुमान और वानर सेना द्वारा रामसेतु बनाते हुए दृश्य को

**प्रतियोगिता में राखी शर्मा प्रथम और द्वितीय स्थान पर रही आरती**

जीवंत सा पोस्टर पर उकेर दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रबंधक विकास दीक्षित, प्राचार्य डा. इंद्र सिंह एवं विभागाध्यक्ष डा. केके शर्मा ने किया। इसमें डीएलएड की राखी शर्मा प्रथम, आरती द्वितीय एवं बीएड की मीनाक्षी, बीएड की छात्रा ऋतु एवं बीए की ज्योति तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का आयोजन प्रवक्ता डा. शीतल शर्मा, हर्षित चंद्रा एवं श्वेता यादव ने किया। प्रवक्ताओं में डा. मीनू सक्सेना, ऋतु सक्सेना, गीता देवी, महेंद्र पाल सिंह, अश्वनी कुमार सक्सेना, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता प्राचार्य इंद्र सिंह के निर्देशन में हुई।

### कर्मचारियों ने शिक्षकों को गुल्ली डंडा और कंचे के खेल में हराया

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार से खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। परंपरागत खेलों गुल्ली डंडा, कंचे और सतोलिया प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने शिक्षकों को हराया।

गुल्ली डंडा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, द्वितीय शिक्षक और तृतीय पर तृतीय श्रेणी कर्मचारी रहे। कांच गोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तृतीय श्रेणी कर्मचारी, द्वितीय शिक्षक और तृतीय स्थान पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और सतोलिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तृतीय श्रेणी कर्मचारी, द्वितीय पर शिक्षक और तृतीय स्थान पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहे।

# प्रशिक्षार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रशिक्षार्थी को प्रमाण पत्र देते मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. एचके मित्रा व अन्य।

**अमृत विचार :** ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. एचके मित्रा ने 120 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षार्थियों ने भारत सरकार द्वारा चलने वाली मौलाना आजाद एजूकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित सीखो और कमाओ योजना के तहत छह महीने का कोर्स पूरा किया।

मोहल्ला खारी कुंआ स्थित एक कोचिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद जुबैर शम्सी ने कहा कि छात्र-छात्राएं आगे बढ़ने के लिए मेहनत करें। संस्था ऐसे छात्र-छात्रा के लिए हमेशा आगे रहती है। जुल्फिकार अली ने कहा

**आगे बढ़ने के लिए मेहनत करें छात्र-छात्राएं : शम्सी**

कि मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन की स्थापना शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई गई है। हिना सिद्दीकी और खदीजा सिद्दीकी ने गीत पेश किए। प्रमोद कुमार मिश्रा, मैट्रन चंचल, सामाजिक कार्यकर्ता कश्मीर कौर, प्रेम प्रकाश, गौरव सक्सेना, सैयद जुल्फिकार हसन, जुल्फिकार अली, सनी मुदस्सर खान, मोहम्मद मोईन खान, दानिश सिद्दीकी, नजमी हुसैन, आइशा शम्सी, पारस सभ्रवाल आदि मौजूद रहे।

# तनाव दूर करने को मनोरंजन भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



वार्षिकोत्सव मेले में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्रीन फील्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में लगे मेले में बच्चों ने मौज मस्ती की। कई स्टालों पर बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया। पूरे जोश से फनी गेम, झूले, निशानेबाजी, वीडियो गेम, वस्त्र स्टॉल, लकी ड्रॉ आदि पर बच्चों ने खूब धमाल मचाया। अभिभावकों के लिए मुशायरा आकर्षण का केंद्र रहा।

रविवार सुबह मिलक चिकना स्थित ग्रीन फील्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव मेले आयोजन हुआ। इसमें स्कूल के बच्चे अभिभावकों के साथ पहुंचे। सुबह 10 से शाम चार बजे तक यह सिलसिला जारी रहा। कई बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा और अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि को दर्शाया। बच्चों ने प्रदर्शनी भी लगाई। मनोरंजन गेम भी खेले। नए वस्त्र कलेक्शन का स्टॉल भी लगाया। इस मौके पर मुशायरे का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य नासिर अली खान ने आगुंतकों का स्वागत किया। प्रबंधक उजैर शमसी ने कहा कि बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ मनोरंजन भी बहुत आवश्यक है। इस मौके पर सिटी ब्रांच से जूनियर विंग की प्रिंसिपल शीमा उजैर ने बच्चों के अथक प्रयास की प्रशंसा की।

**आयोजन**

- ग्रीन फील्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव
- बच्चों ने स्टॉल लगाकर किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

### डीएम से की वन विभाग के अधिकारियों की शिकायत

**रामपुर, अमृत विचार :** रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान बब्लू ने जिलाधिकारी को पत्र देकर वन विभाग के अधिकारियों की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बिना परमिट के हरे-भरे आम के पेड़ों को काटा जा रहा हैं। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मांग करता है वन विभाग के अधिकारियों को बिना परमिट हरे भरे पेड़ों को नहीं काटने के निर्देश दिए जाएं।

### तीन वांछित पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलकखानम पुलिस ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रामपाल निवासी टकलाबाद, भूकन लाल निवासी मिलक खानम और भगवान दास निवासी ग्राम चिडीपुरा चाकू और शराब के मुकदमों में काफी दिनों से वांछित थे।

**व्यवस्था** जिले के 1086 कर्मचारियों के लिए एक मार्च से लागू की जाएगी व्यवस्था

# अब ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन दर्ज होगी उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। एक मार्च से 1086 कर्मचारियों को ग्राम पंचायतों में पहुंचकर ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी। सभी कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। अधिकांश का डाटा ऑनलाइन हो चुका है।

पंचायती राज विभाग से जुड़े पंचायत सहायक, केयर टेकर व सफाईकर्मी अभी तक मैनुअल हाजिरी लगा रहे हैं। अधिकतर कर्मचारी ग्राम पंचायतों में लंबे समय तक नहीं जाते हैं। सफाईकर्मियों के नियमित गांवों में नहीं जाने से नालियां गंदगी से बजबजाती रहती हैं। पंचायत सहायक और केयर टेकरों की मनमानी से भी कई तरह के कार्य प्रभावित होते हैं। इस पर रोक लगाने के लिए एक मार्च से सभी की हाजिरी की व्यवस्था को ऑनलाइन किया जा रहा है। शासन के निर्देश पर पंचायती राज विभाग ने पंचायत सहायक, केयर टेकर और सफाई कर्मियों को डाटा अपलोड करना शुरू कर दिया है। निदेशक ने भी इस कार्य को जल्द पूरा करने के आदेश डीपीआरओ को दिए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कुछ ही कर्मचारियों का डाटा अपलोड होना शेष है। इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

### ऐसे लगेगी ऑनलाइन हाजिरी, मची खलबली

सभी कर्मचारियों का उनके नाम से नंबर एलॉट है। किसकी किस ग्राम पंचायत में तैनाती है, यह जानकारी अब पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड की जा रही है। तैनाती वाली ग्राम पंचायत में पहुंचकर ऐप के माध्यम से हाजिरी लगेगी। तकनीकी व्यवस्था के अनुसार दूसरी जगह से हाजिरी लगा पाना संभव नहीं होगा। हाजिरी की व्यवस्था ऑनलाइन होने की सूचना मिलने के बाद कर्मचारियों में खलबली है। क्योंकि वह नहीं चाहते कि हाजिरी ऑनलाइन लगे। हाजिरी ऑनलाइन से उन्हें समय का पाबंद होना पड़ेगा। हाजिरी लगाने के लिए ग्राम पंचायतों में भी पहुंचना पड़ेगा।

### 680 ग्राम पंचायतों में 76 पंचायत सहायक दे चुके हैं इस्तीफा

जिले की 680 ग्राम पंचायतों में 1086 सफाई कर्मचारियों की तैनाती है। जिले की 680 ग्राम पंचायतों में से 76 पंयायत सहायक त्याग पत्र दे चुके हैं। जबकि, इसके बाद 604 ग्राम पंचायतों में सहायकों की तैनाती है।

**पंचायत सहायक, केयरटेकर और सफाईकर्मियों का डाटा हो रहा अपलोड**

"पंचायत सहायक, केयर टेकर और सफाई कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करने का काम चल रहा है। एक मार्च से सभी की हाजिरी ऑनलाइन लगेगी। सुबह-शाम दोनों समय हाजिरी लगाने के लिए पंचायतों में जानने की व्यवस्था बनाई जा रही है।"

-जाहिद हुसैन, जिला पंचायत राज अधिकारी

## एक नजर

### सिद्ध बाबा समाधि स्थल पर हुआ भंडारा

**केमरी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया में सिद्ध बाबा समाधि स्थल पर रविवार को भंडारा हुआ। माघ में क्षेत्र व गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं के सहयोग से समाधि स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा समाधि स्थल पर वर्ष में दो बार किया जाता है। अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ पुरोहित पंडित रामऔतार शर्मा व योगेश शर्मा ने कराया। रविवार को 12 बजे अखंड रामायण पाठ संपूर्ण होने पर हवन इत्यादि होने के बाद पुरोहितों ने भगवान को भोग लगाकर भंडारे को शुरू कराया। इस दौरान केवल राम, ख्याली राम, गिरधारी लाल, जागन लाल, मिहीलाल आदि के अलावा क्षेत्र के सैकड़ों साधु-संत तथा हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पोल लगवाने को दिया पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** इंडियन नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली सलमानी ने एसडीओ को पत्र सौंपकर कहा है कि नई बस्ती की गली नंबर दो के अंदर बिजली पोल नहीं लगे हैं। इसके कारण लोगों के घरों में अंधेरा छाया रहता है। पत्र देने वालों में शाहबान, पप्पू, शाबू खां, बब्बू अली, नूर अहमद आदि शामिल रहे।

# ब्लैक स्पॉट की हालत नहीं सुधरने पर हो रहे आए दिन हादसे, जिम्मेदार मौन

## जनपद में 17 स्थानों पर बने हैं ब्लैक स्पॉट, बरती जा रही लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के 17 स्थानों पर बने ब्लैक स्पॉट की हालत सुधारने को एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसमें कई लोग जान भी गवां चुके हैं। ब्लैक स्पॉट पर रिफ्लेक्टर बोर्ड और लाइटें लगवाने को अधिकारियों ने कई बार खाका भी बनाया लेकिन स्थिति जस की तस है।

ब्लैक स्पॉट के लिए वह स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां तीन वर्ष में लगातार हादसे होते रहते हैं या फिर एक ही स्थान पर 10 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसों की मुख्य वजह यहां सांकेतिक बोर्ड, रिफ्लेक्टर या फिर टेबल टॉप नहीं होना है। जिले में 10 स्थानों पर ब्लैक स्पॉट है। इनमें से 10 एनएचएआई और सात



एनएच-84 मंसूरपुर बाईपास का ब्लैक स्पॉट। ● अमृत विचार

**▸▸ एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधीन हैं ब्लैक स्पॉट**

लोक निर्माण विभाग के अधीन हैं। आंकड़ों के अनुसार हर माह जिले में 30 से 40 हादसे हो रहे हैं। इनमें करीब 20 लोग जान गवां रहे हैं। पिछले दिनों कुछ ऐसे सड़क हादसे भी हुए है, जिनमें वाहनों की फिटनेस, सड़कों के गड्ढे और क्षमता से अधिक सवारियां भी वजह रही। ज्यादातर हादसे सिविल लाइंस क्षेत्र के पसियापुरा, कोसी पुल, आगापुर बाइपास, अली नगर जनूबी, मिलक क्षेत्र के लोहा पट्टी, धमोरा, जीरो प्वाइंट पर होते हैं। इनकी हालत सुधारने में लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। कई स्थानों पर सांकेतिक दिशा बोर्ड भी नहीं है। इसकी वजह से भी लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं।

**जिले में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट**

एनएचएआई के तहत पसियापुरा, कोसी पुल, अजीतपुर ओवरब्रिज, आगापुर बाईपास, अलीनगर जनूबी, लोहापट्टी, धमोरा कट, मेघानगला, जीरो प्वाइंट, कस्बा भोट तथा लोनिवि निर्माण खंड के तहत शादी की मडैया और चीमा पैलेस रहटगंज और लोनिवि प्रांतीय खंड के तहत समोदिया गांव, मुंशीगंज, पीलाखार पुल और सीकपुर चौराहा ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं।

> प्रांतीय निर्माण खंड के अंतर्गत आने वाले ब्लैक स्पॉट सही हैं। इसके बाद भी कहीं कोई कमी मिलती है तो समय-समय पर उसे ठीक कराया जाता है।
>
> – केवी सिंह, एक्सईएन लोनिवि निर्माण, प्रांतीय खंड।

## शिक्षा से तुरैहा मछुआ समाज को मिलेगा अधिकार : कमल

**रामपुर, अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि हमारे समाज में पिछड़ेपन व बेरोजगारी का प्रमुख कारण बच्चों का अशिक्षित होना है। समाज तरक्की पाने के लिए बच्चों को शिक्षित बनाए।

रविवार को सराय गेट स्थित तुरैहा रामस्वरूप की समाधि पर तुरैहा मछुआ महासभा की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक समाज का हर एक बच्चा शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा, तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। इसलिए समाज का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करे। इसके लिए कितना भी श्रम करना पड़े या अन्य खर्च कम करना पड़े। समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। तुरैहा मछुआ समाज के सामाजिक कार्य के लिए तुरैहा युवा कल्याण समिति बनाने का प्रस्ताव भी बनाया गया, जिसकी घोषणा अतिशीघ्र की जायेगी। बैठक में डा.रमेश चन्द्र, डा.कृपाल सिंह तुरैहा, चन्द्रपाल सिंह, श्याम लाल तुरैहा, बाल किशन, धर्म सिंह, जसवन्त, सुशील कुमार, मदन मोहन तुरैहा आदि उपस्थित रहे।



जलसा तकमील ए कुरआन में दुआ कराते मौलाना। ● अमृत विचार

## अल्लाह खुद करता है कुरआन मजीद की हिफाजत : मौलाना

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** तकमीले कुरआन के मौके पर हुए जलसे में मौलाना अंसार कासमी ने कहा कि कुरआन अल्लाह का कलाम और एक अजीम किताब है। इसकी अजमत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है इसकी हिफाजत की जिम्मेदारी अल्लाह ने खुद ली है।

नगर के मदरसा जामिया इस्लामिया अरबिया रहमानिया में तकमील ए कुरआन के मौके पर जलसा हुआ। इसमें रामपुर से आए मौलाना अंसार कासमी ने कुरआन-ए-करीम की तालीम पर अमल करने पर जोर दिया। कहा कि जिंदगी के तमाम मसाइल और उनका हल इसमें मौजूद है। मौलाना ने तलबा को खिताब करते हुए कहा कि इस अजीम बा बरकत किताब की तालीम पर अमल करें।

इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम व मोहतमिम मौलाना जलीस अहमद, मुआविन मोहतमिम मौलाना मोहम्मद यूनुस, नायब मोहतमिम कारी अब्दुल मजिद, नगर पालिका अध्यक्ष के पति हाजी सरफराज, मुफ्ती वसीम, हाफिज मोहम्मद जमील, मुफ्ती सईदुल जफर, मौलाना लियाकत, कारी मोहम्मद जुबेर और हामिद जमील आदि मौजूद रहे।

# सराहनीय : मुस्लिम युवकों ने निकाली दलदल में फंसी गाय

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के एक गांव में कोसी नदी के जंगल में घूम रही छुट्टा गाय दलदल में फंस गई। जानकारी पर पहुंचे मुस्लिम युवकों ने दलदल में फंसी गाय को बाहर निकाला।

चौकी क्षेत्र के गांव अकबराबाद के जंगल में रविवार को कोसी नदी की दलदल में छुट्टा गाय घूमते हुए फंस गई। खेतों पर काम करने जा रहे किसानों और मजदूरों ने गाय को फंसा हुआ देखा लेकिन किसी ने उसे निकालने का प्रयास नहीं किया। इस बीच गांव के चौकीदार याद अली शाह को इसका पता चला। वह गांव अकबराबाद से मुस्लिम समुदाय के कई लोगों के साथ



गाय को बाहर निकालते युवक। ● अमृत विचार

मौक पर पहुंचा। इसके बाद सभी ने मिलकर उसे निकालने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली।

तब उन्होंने ट्रैक्टर की मदद से गाय को बाहर निकाला। इस दौरान चौकीदार याद अली शाह, अयूब खान, जुनैद खान, ताज मोहम्मद, गबरू खान, परवेज खान, सईद मिर्जा, जुबैर खान आदि मौजूद रहे। इस मामले का वीडियो वायरल होने पर मुस्लिम युवकों के काम की सराहना की जा रही है।



घायल गोवंश को उठाते हुए भाजपाई। ● अमृत विचार

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने कराया घायल गोवंश का उपचार

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के रहमतगंज में घायल अवस्था में गोवंशीय पशु मिला है। भाजपायों में उसे उठाकर इलाज कराया। अधिकारियों ने उसे मसवासी के कान्हा गोशाला में छोड़ने के निर्देश दिए हैं।

रविवार को रहमतगंज के जंगल में टांग टूटने के कारण गोवंशीय पशु जमीन पर पीड़ा से छटपटा रहा था। भाजपा युवा मोर्चा के संजय कश्यप साथियों समेत मौके पर पहुंचे और घायल पशु का उपचार कराया। मामले की सूचना जिला प्रशासन को दी गई। डीएम के आदेश के बाद घायल पशु को कान्हा गोशाला में छोड़ दिया गया।

# कल से होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए अल्पसंख्यक विभाग की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 13 से 21 फरवरी तक होने वाली परीक्षा के लिए 1259 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षा के लिए तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा केंद्रों पर हर गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद होगी। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और उड़नदस्तों की तैनाती की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह आठ से पूर्वाह्न 11 बजे तक होगी। दूसरी पाली दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा के लिए राजकीय इंटर कालेज पहाड़ी गेट, श्री हरि इंटर कालेज, डीएवी बिशातरनगर बिलासपुर, जवाहर इंटर कालेज, चंद्रमुखी इंटर कालेज टांडा और आईएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहबाद में केंद्र बनाए गए हैं। सचल दल में सहायक अध्यापक तृप्ती माहौर, अंकुल यादव, मोहम्मद सलीम मियां, कुशल राणा, राजेंद्र सिंह, सामना जुबैर, डीआईओएस, बीएसए, जिला अल्पसंख्सक कल्याण अधिकारी को शामिल किया गया है। केंद्र व्यवस्थापक राजकीय कालेज पहाड़ी गेट में व्यवस्थापक मोहन स्वरूप, हरि इंटर कालेज में महेश कुमार को व्यवस्थापक और राजीव सक्सेना को सहायक व्यवस्थापक, डीएवी कालेज बिलासपुर में प्रेमपाल सिंह को व्यवस्थापक, ज्ञानेंद्र पाल को सहायक व्यवस्थापक, जवाहर इंटर कालेज स्वार में उदयवीर को व्यवस्थापक, किशोर कुमार को सहायक व्यवस्थापक, आईएम स्कूल शाहबाद में सरफराज अहमद को व्यवस्थापक और मोहम्मद हसीब को सहायक व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है।

**▸▸ 1259 परीक्षार्थी होंगे शामिल बनाए गए हैं छह केंद्रों**

**इन केंद्रों पर इतने परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**

| केंद्र | परीक्षार्थी |
|---|---|
| बिलासपुर | 276 |
| रामपुर | 559 |
| शाहबाद | 139 |
| स्वार | 210 |
| टांडा | 75 |

> मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। 12 फरवरी से परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग प्लान करा दिया जाएगा। 13 फरवरी से दो पालियों में परीक्षा होगी। इसके लिए सचल दल बना दिए गए हैं।
>
> -अंकित कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर प्रखर राष्ट्रवादी नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

रविवार को जोया रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी समेत पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने हमेश गरीब, वंचित लोगों को आगे बढ़ाया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, राकेश वर्मा, पूरन सिंह सैनी, चंद्रभान भाटी, मनोज शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 5691 ने छोड़ी आरओ व एआरओ परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आरओ व एआरओ की परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिले में 18 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 65.35 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए। पहली पाली में 8213 पंजीकृत अभ्यर्थियों से 5384 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 2829 अभ्यर्थी परीक्षा से नदारद रहे। दूसरी पाली में 8213 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 5351 ने परीक्षा दी। 2862 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा को लेकर सुबह से ही पुलिस प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग सतर्क रहा। जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने अभ्यर्थियों पर कड़ी नजर रखी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरओ व एआरओ की जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर हुई। रविवार को दो पालियों में परीक्षा हुई थी। पहली पाली सुबह साढ़े नौ से साढ़े 11 तक व दूसरी पाली ढाई बजे से हुई थी। परीक्षा को लेकर आयोग ने अफसरों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के आदेश दिए थे। सभी केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाया, जो परीक्षा शुरू होने लेकर समाप्ति तक रहे। पांच सेक्टर और तीन जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। प्रवेश पत्र आईडी प्रूफ व सघन तलाशी के दौरान चेक किए गए। परीक्षा को लेकर सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। आयोग से आए पर्यवेक्षकों ने भी सभी परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा पर कड़ी नजर रखी। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह के मुताबिक आरओ, एआरओ की परीक्षा में 65.35 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई है।



केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की चेकिंग करता पुलिसकर्मी।



परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप

### ऑल इंडिया सैनी सभा की बैठक

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मोहल्ला सैनी में ऑल इंडिया सैनी सभा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में राजपाल सैनी ने कहा कि सैनी, शाक्य, मौर्य व कुशवाहा समाज की अपेक्षा की जा रही है। कहा कि न तो महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर फिर से जनपद मुख्यालय का नामकरण किया जा रहा है और न ही सावित्रीबाई फुले के पति को भारत रत्न से सम्मानित किया। इस बारे में 13 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर कृपाल सिंह सैनी, हरबंशा सैनी, प्रकाश सैनी, मनोज सैनी, रमेश सैनी, मुकेश सैनी ,कविंद्र सैनी, ऋषि पाल सैनी, मलखान जाटव, रविंद्र सैनी, बबलू जाटव सहित आदि मौजूद रहे।

### खुलेआम बिक रही ओवररेट शराब

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में अंग्रेजी व देसी शराब में कालाबाजारी का सिलसिला चरम पर है। धड़ल्ले से शराब को निर्धारित दाम से अधिक कीमतों में ग्राहकों को बेचा जा रहा है। रहरा में शराब की दुकानों पर खुलेआम ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है। शराब की दुकानों में प्रिंट रेट से 10 से 20 रुपये अधिक दर पर बेची जा रही है। शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट भी नहीं लगी है। शिकायत के बावजूद प्रशासन व आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। शराब के सेल्समैन द्वारा ओवर प्रिंट का खेल कई दिनों से चल रहा है। जिसकी शिकायत फोन द्वारा आबकारी विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ओवर रेट पर कार्रवाई नहीं हुई। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है,लेकिन शिकायत मिलती है, तो कार्रवाई की जाएगी।

### यतेन्द्र बने सपा प्रबुद्ध सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष



**हसनपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित यतेन्द्र शंकर गौड़ को पार्टी हाईकमान ने समाजवादी प्रबुद्ध सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। मोहल्ला होली वाला निवासी पंडित यतेन्द्र शंकर गौड़ समाजवादी पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर के पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक कमाल अख्तर की संस्कृति पर समाजवादी प्रबुद्ध सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित यतेन्द्र शंकर गौड़ ने कांठ विधायक कमाल अख्तर का धन्यवाद दिया है।

### भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत

**रहरा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत ब्लॉक गंगेश्वरी रहरा में हुई। जिसमें अध्यक्षता टीटू त्यागी एवं संचालन ऋषिपाल सिंह ने किया। पंचायत में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने विचार रखे। ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी ने कहा कि 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान राष्ट्रीय स्तर से किया है। 26 फरवरी को उपजिलाधिकारी हसनपुर कार्यालय परिसर में पंचायत होगी। जिसमें छुट्टा पशुओं, बिजली लाइन तथा विद्युत आपूर्ति की समस्या के लिए अधिकारियों को बुलाया जाएगा। इस मौके पर महावीर सिंह, ऋषिपाल, महेश पहलवान, महिपाल, युवा ब्लॉक अध्यक्ष यश, बिजेंद्र सिंह, फूल सिंह, भगवान दास आदि किसान मौजूद रहे।

### गंगा में डूबे हुए पति-पत्नी का 5वें दिन भी नहीं सुराग

**रहरा, अमृत विचार :** गांव नानई में नाव पलटने से गंगा में डूबे पति-पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा। गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम ने मोटर बोट से दोनों की तलाश की। लेकिन कोई सफलता नहीं लग सकी। थाना रहरा क्षेत्र के गांव नानई निवासी शमसू पुत्र अफलातून अपनी पत्नी फूलजहां के साथ बुधवार को खाद लेकर नाव से गंगा पार खेत में खाद डालने जा रहे थे। जैसे ही नाव गंगा के बीचो-बीच पहुंची तो नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव गंगा में डूब गई। आसपास के ग्रामीणों ने देखा कि नाव डूब रही है। जब तक ग्रामीणो ने शोर मचाया तब तक नाव गंगा में डूब चुकी थी। दोनों पति-पत्नी गंगा में समा गए थे।



रविवार की रात अमरोहा महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

## अमरोहा महोत्सव में स्वती मिश्रा देंगी प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में पहली बार होने जा रहे अमरोहा महोत्सव का आगाज शानदार तरीके से किया जाएगा। यह महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा। वहीं शहर के मिनी स्टेडियम में महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

महोत्सव का आगाज प्रसिद्ध भजन गायिका स्वती मिश्रा की प्रस्तुति के साथ होगा। वह भजन राम आएंगे से लोगों को झूमने पर मजबूर करेंगी। शहर के मिनी स्टेडियम में सोमवार से पहली बार अमरोहा महोत्सव का आयोजन होगा। शाम सात बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में कई हस्तियां हिस्सा लेंगी। यह महोत्सव रात 10 बजे तक चलेगा। इसको लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। वहीं महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ बॉलीवुड नाइट का भी आयोजन किया जाएगा। सोमवार को शुरुआती कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका स्वती मिश्रा प्रस्तुति देंगी। इसके बाद विकास प्रदर्शनी के साथ-साथ झूले, खान-पान की दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट व घोड़े के सवारी आदि की व्यवस्था की गई है। डीएम राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि अमरोहा महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

# सैदनगली में प्रमोद कृष्णम का स्वागत

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** कल्किधाम पीठाश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सैदनगली पहुंचने पर नगर पंचायत की चेयरपर्सन अनुकृति चौधरी व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने स्वागत किया तथा कल्किधाम के शिलान्यास के लिए शुभकामना की।

रविवार को कल्कीधाम पीठाश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का काफिला सैदनगली से होकर गुजरा। इस दौरान पाकबड़ा चौराहे पर नगर पंचायत के स्वच्छता प्रेरक व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने सभासदों के साथ आचार्य प्रमोदकृष्णम का स्वागत किया। इस अवसर पर अभिनव कौशिक ने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम कल्कीधाम बनाकर बड़ा कार्य कर रहे हैं। जो निश्चित ही सराहनीय है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री कल्कीधाम का शिलान्यास करने एचोड़ा कम्बोह आ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर अनेक सवाल उठाए। कहा कि क्या देश के प्रधानमंत्री से मिलना या कल्कि धाम का शिलान्यास करना पार्टी विरोधी कार्य है? ज्ञात हो कि शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इस अवसर पर चेयरपर्सन अनुकृति चौधरी, पिंटू भाटी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, धारा सिंह सभासद, निकेश कुमार सभासद, अमित भाटी सभासद,फजले आदि मौजूद रहे।



आचार्य प्रमोद कृष्णम का स्वागत करते अनुकृति चौधरी व अभिनव कौशिक।

एक नजर



झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को किताबें भेंट करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

## रोटरी क्लब ने निराश्रित बच्चों को वितरित की स्टेशनरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अंतर्गत रोटरी क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को कपूर कंपनी के पास के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले निराश्रित बच्चों को स्टेशनरी का सामान, किताबें तथा अल्पाहार वितरित किया। कहा कि सामाजिक सेवा कार्य के तहत यह किया गया है। क्लब समाज के वंचितों की सेवा को हमेशा तत्पर रहती है। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट शरमिताभ सिन्हा, आकाश मिश्रा, आरएन कत्याल, राजेश खन्ना, मो. शमशुल, राजीव सक्सेना, सुधीर गुप्ता, अभिनव गुप्ता, अतुल माथुर, कपिल गुप्ता, जीत सिंह, अजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।



पिकनिक पर मस्ती करते ब्यूटीफुल लेडीज क्लब के सदस्य व परिवार के लोग। ● अमृत विचार

# क्लब के सदस्यों ने पिकनिक में की मस्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ब्यूटीफुल लेडीज क्लब की ओर से सदस्यों और उनके परिवार के लिए रविवार को पिकनिक का आयोजन इमेजिनेशन फार्म हाउस रामगंगा विहार में किया। डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में पहली बार सपरिवार पिकनिक का आयोजन किया गया।

डॉ. बबीता गुप्ता ने सभी सदस्यों व उनके परिवार का स्वागत किया। सचिव डॉ. स्मिता अग्रवाल ने पिकनिक का संचालन किया।सदस्यों ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन करते हुए भिन्न भिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन आपस में साझा किए।

बच्चों का विशेष ध्यान रखते हुए क्लब के द्वारा बाउंसी, ट्राम्पोलाइन की व्यवस्था की गई थी। जिसमें बच्चों ने बहुत आनंद उठाया। इस अवसर पर डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ सुभाष सिंह, डॉ. दिशान्तर गोयल, डॉ. राजेश रस्तोगी, डॉ. दीपांशु, डॉ. आकाश, डॉ. तरुण अग्रवाल, डॉ. नवीन, डॉ. सुधीर मिद्धा, डॉ. सुदीप कौर, डॉ. प्रीति गुप्ता, रंजना, मृदुला, शैल, मृदुला, डॉ. विमिता, डॉ. शुभांगी, डॉ. प्रिया, डॉ. प्रीना आदि मौजूद रहीं।

## उत्सव की तरह मनाया प्रॉमिस डे, युवाओं ने अपने प्रियजनों व अभिभावकों से किए वादे

# एक-दूसरे के साथ जीवन भर रहने की खाई कसम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वेलेंटाइन वीक के पांचवें दिन प्रॉमिस डे रहा। युवाओं ने इसे संकल्प दिवस के रूप में मनाया। युवक-युवतियों ने एक-दूसरे से आगे के सफर के लिए वादा किया। जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने की भी कसम भी खाई।

वेलेंटाइन वीक का पांचवां दिन प्रॉमिस डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन प्रेमी एक-दूसरे से जीवन भर साथ निभाने का और हर मुश्किल में साथ रहने का वादा करते हैं। इन वादों से रिश्ते मजबूत बनते हैं और प्रेमियों को एक दूसरे के प्रति और करीब लाते हैं। वादे कई तरह के हो सकते हैं, साथ निभाने के वादे, एक दूसरे का सम्मान करने, एक दूसरे की भावनाओं का आदर करने या ऐसी किसी भी चीज के वादे जो आपको आप के प्यार से जोड़ती हो। इस दिन लोग अपनी मोहब्बत को जीवनभर निभाने की कसम खाते हैं। वैसे तो आप जिनसे प्यार करते हैं उनसे वादे करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती, लेकिन सदियों से वेलेंटाइन वीक में इस खास दिन को प्रॉमिस डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन खास तौर से लोग एक दूसरे से वादे करने की प्रथा को कायम रखते हैं। जनपद में वेलेंटाइन वीक के पांचवें दिन वादा करने और कसमें लेने में बीता। रामगंगा विहार निवासी सचिन, अक्षित और अनिकेत का मानना है कि कोई वादा करने का यह विशेष दिन है। जबकि कुछ का कहना है कि किसी दिन के मोहताज नहीं होते वादे। कसमें-वादे तो कभी भी कर लिए जाते हैं, हां उन्हें पूरा करने का जज्बा भी होना जरूरी है। कुछ युवा ऐसे भी रहे, जिन्होंने अपने अभिभावकों से ही प्रॉमिस किया।



कंपनी बाग में प्रॉमिस डे पर जीवन भर दोस्ती निभाने का वादा करती युवतियां।

**वेलेंटाइन वीक**

- युवाओं ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया प्रॉमिस डे
- एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करने का किया वादा

# 34 फीसदी ने छोड़ दी समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

## 49 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा, नकलविहीन परीक्षा को तैनात रहे सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में 49 केंद्रों पर रविवार को दो पाली में समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा कराई गई। शांतिपूर्ण तरीके से हुई परीक्षा में 22,299 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। पहली पाली में 14,688 उपस्थित रहे जबकि 7611 परीक्षार्थियों ने किनारा कर लिया। दोनों पलियों में करीब 34 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पुलिस ने सुरक्षा व यातायात बनाए रखने का इंतजाम किया। परीक्षार्थियों का कहना है कि परीक्षा न तो ज्यादा मुश्किल थी और न ही आसान। सभी छात्र परीक्षा देने के बाद सहज दिखे।

लोक सेवा आयोग उप्र इलाहाबाद द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा 2023 का आयोजन महानगर में 49 केंद्रों पर हुआ। पहली पाली 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली 2.30 बजे से 3.30 बजे तक चली। परीक्षा की नोडल एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने बताया कि पहली पाली में पंजीकृत 22,299 परीक्षार्थियों में से कुल 14,688 उपस्थित रहे। जबकि 7, 611 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी कुल 22,299 परीक्षार्थियों का पंजीकरण था। इसमें 14,630 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 7,669 ने किनारा कर लिया। परीक्षा को सुचारु और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। अपर जिलाधिकारी ने भी केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं जिला मजिस्ट्रेट की ओर से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी।



आरएन इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**पहली पाली में 7611 रहे अनुपस्थित, शांतिपूर्ण हुई परीक्षा**



गणित और रीजनिंग से प्रश्नों को समझने में समय लगा। सामान्य ज्ञान के प्रश्न उलझाते रहे। हालांकि, ओवरआल देखें तो पेपर अच्छा था।

–आरती चौधरी



परीक्षा के लिए काफी लंबे समय से तैयारी चल रही थी। इसलिए परीक्षा के अधिकांश सवालों पर अच्छी पकड़ रही। पूरा भरोसा है कि परीक्षा में अच्छे अंक आएंगे।

–धीरज गुप्ता



मैंने बीते परीक्षाओं के पेपर से इस परीक्षा की तैयारी की थी। पेपर के मुताबिक यह आसान रहा। उम्मीद के मुताबिक पेपर सरल आया है। अच्छे अंक आने की उम्मीद है।

–धीरज दुबे



प्रश्नपत्र को पढ़कर समझने के बाद जिसने किया होगा उसे दिक्कत नहीं हुई होगी। करंट अफेयर्स से अधिक प्रश्न नहीं थे। ज्यादा परेशानी नहीं आई।

–शशिबाला

## पुण्यतिथि पर पं. दीनदयाल उपाध्याय को याद किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से भारतीय जनसंघ के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि दी गई। इसमें पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे युगदृष्टा थे जिनके विचारों व सिद्धांतों ने देश को एक वैकल्पिक विचार धारा देने का काम किया। उनकी विचारधारा सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए थी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत का गौरव पुनः स्थापित किया। महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श हमें गरीबों की सेवा करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मंत्री शशि किरण, चंद्रनगर मंडल के अध्यक्ष अमित सिंह मिन्टू, प्रदीप प्रभाकर, अनिल मेहरोत्रा, रवि सक्सेना, कपिल गुप्ता, सुमित चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




दौलत बाग में कार्यक्रम से पूर्व महर्षि वाल्मीकि व स्वर्गीय बद्री प्रसाद वाल्मीकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अखिल भारतीय वाल्मीकि नवयुवक संघ के पदाधिकारी।

# राजेंद्र वाल्मीकि नवयुवक संघ के मंडल प्रभारी बने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय श्रीवाल्मीकि नवयुवक संघ की ओर से रविवार को संस्थापक स्व. बद्री प्रसाद वाल्मीकानन्द का 110वां जन्मदिन मनाया गया। इनका जन्म 11 फरवरी 1914 को बनारसी में हुआ था। संगठन का विस्तार करते हुए इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार वाल्मीकि को मंडल का प्रभारी नियुक्त किया।

सबसे पहले संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बैठक में अमरजीत काका प्रदेश महामंत्री ने कहा कि बद्री प्रसाद वाल्मीकानंद ने मात्र 17 वर्ष की आयु में अपने आप को समाज के लिए समर्पित कर समाज के प्रबुद्धजनों के सानिध्य में 1932 में समाज में शिक्षा प्रदान करने का अभियान चलाया। समाज के साथ छुआछूत, भेदभाव, समाज को मौलिक अधिकारों से वंचित किए जाने के कारण समाज को शिक्षा मौलिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए सन 1942 में संगठन को स्थापित किया। समाज की दुर्दशा को देखते हुए अखिल भारतीय वाल्मीकि नवयुवक संघ का गठन सन 1932 में किया। जो की वाल्मीकि समाज की आवाज बुलंद करने वाली प्रथम संस्था स्थापित हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमरजीत काका, राजेंद्र वाल्मीकि, डेनियल, लक्ष्यजीत सिंह, काका रामावतार राणा, राहुल सेवक, अनिल जॉनी, सुरेंद्र बिट्टू, रोहित वाल्मीकि, लवजीत सिंह काका, रतनजीत सिंह, काका आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अस्पतालों में कुष्ठ के उपचार की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के क्रम में रविवार को एक बलदेवपुरी क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता जोगेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज सरकारी अस्पतालों में अच्छे प्रकार से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग की सरकारी अस्पतालों में जो दवा है वह सर्वश्रेष्ठ और सभी के लिए निशुल्क उपलब्ध है। ऐसा कोई भी मरीज जिसके शरीर पर सुन्न दाग धब्बा मौजूद हो उसे जरूर प्रेरित करें कि वह स्वास्थ्य केंद्र जाकर जल्दी से जल्दी अपनी जांच कराए। अगर उसमें कुष्ठ रोग की पुष्टि होती है तो अपनी दवा आरंभ करें। जिससे महानगर से कुष्ठ रोगियों की संख्या को समय रहते कम किया जा सके। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग संक्रमित व्यक्ति के श्वास कण के माध्यम से दूसरे व्यक्ति के शरीर में जा सकता है। अतः कुष्ठ रोगी और उसके परिवार से कोई भेदभाव न करें बल्कि उसका सहयोग करें जिससे वह सही समय पर इलाज लेकर विकलांगता की स्थिति से बच सके। उन्होंने कुष्ठ रोगों के प्रभाव और बचाव करने के बारे में जानकारी दी। बताया कि इस समय महानगर में 319 कुष्ठ रोगी इलाज ले रहे हैं। लोगों को प्रेरित किया। शिविर में 30 लोगों की कुष्ठ रोग से संबंधित जांच की गई। कार्यक्रम में बलदेवपुरी के ठाकुर अनुराग सिंह, मुकेश कश्यप, बंटी प्रजापति, दीपक कश्यप, करण सैनी, राजकुमार, संजू, लेखराज सिंह आदि उपस्थित रहे।



कुष्ठ रोग के इलाज के बारे में जानकारी देते जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. भास्कर अग्रवाल।

## महानगर में नहीं आएगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी द्वारा हाईकमान ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर रणनीति बदल दी गई है। यात्रा का समय व मार्ग उत्तर प्रदेश में सीमित कर इसकी अगुवाई का जिम्मा प्रियंका गांधी को सौंपा हैं। जिसके तहत न्याय यात्रा अब मुरादाबाद नहीं आएगी।

रविवार को महानगर के कांग्रेसियों को पार्टी हाईकमान ने नोएडा बुलाया। राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने न्याय यात्रा कार्यक्रम में हुई बदलाव की नेताओं को जानकारी दी। पहले न्याय यात्रा को मुरादाबाद में भी आना था, लेकिन अब नहीं आएगी। 16 फरवरी को चंदौली से प्रवेश कर लखनऊ, उन्नाव, फतेहपुर और कानपुर होते हुए 21 को झांसी के रास्ते मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने बताया कि अब मुरादाबाद से पार्टी कार्यकर्ता 16 फरवरी को चंदौली पहुंचेंगे।

# आठ मुहल्लों में 6 घंटे गुल रहेगी बिजली



मोहल्ला लालबाग में कहारो के मंदिर क्षेत्र में एबीसी केबल बदलने का कार्य करते बिजली कर्मचारी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद आरडीएसएस योजना के अंतर्गत महानगर के आठ मुहल्लों के जर्जर और पुराने तार बदले जाएंगे। जिसके चलते इन मुहल्लों की सात दिन तक दिन में 6 घंटे बिजली आपूर्ति गुल रहेगी। रविवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक तार बदलने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

वितरण खंड द्वितीय के मोहल्ला दौलत बाग, दसवां घाट, नवाबपुरा, दीवान का बाजार, ढहरिया, कहारों का मंदिर, लालबाग काली माता मंदिर तक पुराने और जर्जर तारों को बदला जाना है। जिसमें 12 से 18 फरवरी तक सुबह 10 से 4 बजे तक लगातार 6 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग की ओर से कार्य से पहले सभी उपभोक्ताओं को अपनी व्यवस्था का इंतजाम करने के लिए सूचित किया गया है। बिजली कटौती से संबंधित मोहल्लों के करीब 3500 परिवारों को दुश्वारी झेलनी पड़ेगी। वहीं रविवार को केबल तीन मोहल्लों में कार्य के चलते ढाई हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसमें मोहल्ले के लोगों के साथ पीतल कारोबारियों का पूरा बिजली दिन हुई बिजली कटौती काम काज ठप रहा। वहीं दूध की डेयरियों भी दुग्ध कारोबारियों ने दूध खरीदारी नहीं की।

**आरडीएसएस योजना के अंतर्गत रविवार तक बदले जाएंगे जर्जर और पुराने तार**

## लोगों को तेज धूप खिलने से हुआ गर्मी का अहसास

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रविवार को लगातार दूसरे दिन तेज धूप खिलने से लोगों को गर्माहट का अहसास हुआ। दोपहर में तेज धूप से ठिठुरन गायब हो गई। जिसके चलते लोग धूप में ज्यादा देर तक नहीं रुक सके।

रविवार को सुबह से ही चटख धूप निकली। जिससे दिन का अधिकतम तापमान बढ़कर 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जबकि पहले दिन का अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस या इससे भी कम दर्ज हो रहा था। अधिकतम तापमान बढ़ने के साथ ही रात के न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी की आहट हो गई। रात का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अगले दो दिनों में इसके बढ़कर 11 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आगे भी मौसम साफ रहेगा।

**आयोजन** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लगे शिविर में जुटे लोग

# केंद्रीय योजनाओं से सुधरा लोगों का जीवन स्तर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हनुमान मूर्ति तिराहा पर रविवार को किया गया। इसमें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना के बारे में बताया गया। कहा गया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आपूर्ति विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल पर दो पात्रों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में 218 लोगों की जांच कर इलाज किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन पत्र लिए गए। लीड बैंक प्रबंधक की ओर से लगाए शिविर में आधार कार्ड बनाने व संशोधन के बारे में 190 लोगों ने जानकारी प्राप्त की। स्टॉल पर लोगों को योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, भाजपा नेता डॉ. विशेष गुप्ता, परियोजना अधिकारी डूडा के अलावा भाजपा नेता और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम में दस सराय पुलिस चौकी पर आयोजित शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लगे स्टॉल पर लोगों ने योजना की जानकारी ली। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत स्टॉल पर 2 लाभार्थियों को घरेलू गैस का नया कनेक्शन दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में 247 लोगों ने अपना परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने उनकी जांच कर दवा भी वितरित की। लीड बैंक प्रबंधक की ओर से लगवाए गए शिविर में 180 लोगों ने आधार कार्ड बनवाने व संशोधन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।



विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्टॉल पर जानकारी लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## हस्तशिल्प उत्पादों की मेले में बढ़ रही मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** हरियाणा के सूरजकुंड में चल रहे मेले में महानगर के हस्तशिल्प उत्पादों की काफी मांग है। 16 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में हिस्सा ले रहे महानगर के शिल्पकारों को इस बार अच्छा काम मिल रहा है।

पद्मश्री अवार्ड धारक दिलशाद हुसैन और इस साल पुरस्कार पाने के लिए नामित हो चुके बाबूराम यादव समेत महानगर के आधा दर्जन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पकार सूरजकुंड मेले में अपने हाथों से गढ़ी पीतल नगरी की अनूठी नक्काशी के साथ तैयार हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। पद्मश्री दिलशाद हुसैन द्वारा तैयार पीतल के मटके को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के कांसुलर को तोहफे में दिया था। सूरजकुंड मेले में पीतल नगरी के शिल्पकारों के स्टालों पर पहुंच रहे लोग खास उत्पादों के लिए अपने ऑर्डर भी बुक कर रहे हैं।

# यज्ञ के बाद 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर रविवार को आर्य समाज मंडी बांस के 145वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आयोजन के प्रारंभिक दिवस की सुबह यज्ञ के साथ हुई। आचार्य संजय याज्ञिक ने बताया कि यज्ञ जीवन का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ का तात्पर्य है त्याग, समर्पण और शुभकर्म। इसके करने से घर में और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ के बाद भजन-कीर्तन और प्रवचन सुनाए गए। अध्यक्षता अरविंद आर्य बंधु ने व संचालन मनोज आर्य ने किया। निर्मल आर्य, नवनीत रस्तोगी, अजब सिंह, चंद्रकिरण आर्य, प्रीता आर्य, अखिलेश रस्तोगी, विनीत रस्तोगी, अतुल गुप्ता, राम मुनि, गायत्री गुप्ता आदि रहे।



आर्य समाज मंडी बांस में यज्ञ करते लोग। ● अमृत विचार

### ज्ञान ज्योति पर्व नाम देने पर आर्य समाज ने जताई खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर रविवार को महर्षि दयानंद सरस्वती के अवसर पर बैठक की गई। जहां पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सदस्यों द्वारा देखा गया। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर पीएम मोदी के द्वारा जयंती को ज्ञान ज्योति पर्व नाम देने पर आर्य समाज ने खुशी जताई है। पीएम मोदी के लाइव प्रसारण को देखकर समाज में खुशी का माहौल है। ज्ञानेंद्र गांधी, रमेश सिंह आर्य, यशपाल आर्य, लोकेश आर्य, निखिल कुमार, आलोक कुमार, आशा जैमिनी, करन आर्य आदि रहे।

## एक नजर

### बंदर के काटने से महिला सहित दो घायल

**बुरावली, अमृत विचार :** दो अलग-अलग स्थानों पर बंदरों ने महिला सहित दो लोगों को घायल कर दिया। मकसूद निवासी बुरावली घर के बाहर खड़ा था। अचानक बंदरों ने मकसूद को घेर लिया और उसे काट लिया। आसपास के लोगों ने बंदरों को भगाकर मकसूद को बचाया। वहीं एक महिला घर की छत पर उपले पाथ रही थी, तभी बंदर ने महिला को काट कर घायल कर दिया। चार दिन पहले बंदरों के झुंड ने युवक को काट कर बुरी तरह घायल किया था। ग्रामीणों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। मांग करने वालों में लाला, शपाहत खां, गुड्डू, नसीम, चंद्रपाल, रशीद, महबूब, बूंदी, श्यामलाल, छत्रपाल, मोमराज, साकिब, भोला, कंकूर आदि रहे।

### दूल्हे को दोस्तों ने चुभोई सुई, भागकर बचाई जान

**अमरोहा, अमृत विचार :** आजाद रोड पर बरात लेकर जा रहे दूल्हे के दोस्तों ने उसे सुई चुभो दी। इससे दूल्हे ने भाग कर जान बचाई। क्षेत्र में दूल्हे के भागने का वीडियो वायरल हो रहा है। यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के आजाद रोड का है। बरात लेकर जा रहे दोस्तों ने दूल्हे को ही सुई चुभो दी। जिससे दूल्हे ने बमुश्किल भाग कर पंडाल में जाकर जान बचाई। दूल्हे का जान बचाकर भागने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि नाराज दूल्हे ने अपने दोस्तों को भी बरात से वापस अपने घर भेज दिया।

### बजरंग दल ने गोवंश से भरी टाटा मैजिक पकड़ी

**गजरौला, अमृत विचार :** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को गोवंश से भरी टाटा मैजिक पकड़कर पुलिस को सौंपा है। इस दौरान पुलिस ने टाटा मैजिक में सवार दो लोगों को भी हिरासत में लिया है। रविवार को हाईवे पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोवंशीय पशुओं से भरी टाटा मैजिक पकड़ी। बताते हैं कि टाटा मैजिक में पांच गोवंशीय पशु थे। वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा पशुओं को ले जा रहे टाटा मैजिक में सवार दो लोगों को हिरासत में भी लिया। इंस्पेक्टर क्राइम बालेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंशाक एक महीने से बना रहा था पिता की हत्या की योजना

## सबमर्सिबल चलाने के दौरान की थी हत्या, कई घंटे फर्श को किया था सैनिटाइजर से साफ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** दोहरे हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि सराफ का बेटा इशांक अग्रवाल करीब एक महीने से पिता की हत्या करने की योजना बना रहा था। कुछ दिन पहले आरोपी बेटे का नौकर भी घर देखकर गया था। वहीं पुलिस की माने तो घटना से कुछ दिन पहले भी हत्या की पूरी प्लानिंग हो गई थी, लेकिन सफल नहीं हो पाया।

पुलिस ने बताया कि इशांक अग्रवाल ने दिन में वाटर टैंक को खाली कर दिया था। पिता और बेटे में बातचीत नहीं होती थी, दोनों का निवास भी अलग था, आने जाने का रास्ता भी अलग। लेकिन बेटे को पता था कि पिता सबमर्सिबल चलाने के लिए गैराज में आएंगे। खाना खाने के बाद जैसे ही पिता सबमर्सिबल चलाने के लिए गैराज में पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे बेटे इशांक और उसके नौकर ने उन्हें दबोच लिया। गर्दन पर दरांती से कई वारकर उनकी हत्या कर दी। वहीं शोर सुनकर घर में सो रही बेटे सृष्टि जाग गई। बीच बचाव करने पहुंची तो उसकी भी गला रेतकर हत्या कर दी। बाद में दोनों के शवों को घसीटकर उनके ही कमरे में छोड़ दिया। डबल मर्डर का 24 घंटे में सफल खुलासा करने के बाद व्यापारियों ने एसपी को बुके देकर सम्मानित किया। व्यापारी विशाल गोयल, कुंवर विनीत अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, शार्दुल अग्रवाल ने एसपी को धन्यवाद दिया और घटना का शीघ्र खुलासा करने पर उन्हें बधाई दी।



दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार



खुलासे के बाद एसपी को बुके देकर सम्मानित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**खुलासा**

- बेटे ने पिता के बारे में किए कई गंभीर खुलासे
- योगेश चंद ने दत्तक पुत्री के नाम कर दिया था आधा मकान

### फील्ड यूनिट टीम की मदद से हुआ दोहरे हत्याकांड का खुलासा

पिता-पुत्री की हत्या के बाद साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम घर में दाखिल हुई। उन्होंने जगह जगह से नमूने लिए। हत्या के बाद जिस जगह पर आरोपियों ने शवों को छोड़ा था, वहां से लेकर खून के धब्बे सीढ़ीयों पर भी थे और बेटे इशांक के कमरे तक थे। घर में तकिये का कवर सूख रहा था। फील्ड यूनिट ने केमिकल डालकर देखा तो खून के धब्बे दिखाई दिए। इसके अलावा इशांक के जूतों पर भी कुछ खून के धब्बे लगे थे। जिसके बाद पुलिस का शक और गहरा होता चला गया। जांच में सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी बेटे समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने फील्ड यूनिट को 25 हजार रूपये नगद इनाम देकर सम्मानित किया।

### मृतक की अंगूठी व चेन बरामद

एसपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से आलाकत्ल दराती, मृतक योगेश अग्रवाल की छह अंगुठी व गले की सोने की चेन, सैनिटाइजर कैन, खून साफ करने में प्रयुक्त किए तकिये के कवर, तकिये की रुई, आरोपी इशांक का खून से सना लोअर, आरोपी मानसी की खून से सनी कुर्ती, जिन्हें धो दिया गया था। फोरेंसिक टीम ने केमिकल डालकर खून के निशान बरामद किए। आरोपी इशांक के खून लगे जुते और घटना में प्रयुक्त दस्ताने व मृतकों के दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।

### आरोपियों ने घटना की रात नौ बजे से लेकर कई घंटे तक धोया था फर्श

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात नौ बजे के लगभग बेटे इशांक ने अपनी पत्नी मानसी और नौकर के साथ मिलकर पिता और बहन की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। दोनों की हत्या करने के बाद पूरा फर्श खून से लथपथ हो गया। जिसके बाद शवों को घसीटकर उनके कमरे में डाल दिया। फिर आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए कई घंटे तक पानी और सैनिटाइजर से खून को साफ किया। जिसके बाद करीब रात 12 बजे आरोपी नौकर वहां से चला गया। आरोपी नौकर के जाने की वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

## जेसीबी से बंद फैक्ट्री में तोड़फोड़, हंगामा

**गजरौला, अमृत विचार :** विवादित बंद फैक्ट्री में रविवार को जेसीबी से तोड़फोड़ कर दी गई। जिसके विरोध में फैक्ट्री के मैनेजर व अन्य लोगों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत कराया। मैनेजर ने तोड़फोड़ करके एक करोड़ रुपये का नुकसान करने का आरोप लगाया है।

नेशनल हाईवे के किनारे एक फैक्ट्री बंद पड़ी है। आरोप है कि इस पर कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं। जिसे लेकर फैक्ट्री के मैनेजर ने कुछ दिन पहले कब्जा करने के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। आरोप है कि रविवार को आरोपियों ने जेसीबी से फैक्ट्री की दीवार तोड़ी तथा अंदर घुस गए और जेसीबी से तोड़फोड़ करने लगे। जानकारी मिलने पर फैक्ट्री का मैनेजर गुरकमलजीत सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा जेसीबी से तोड़फोड़ किए जाने के विरोध में हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला शांत करा दिया गया है। मैनेजर द्वारा तहरीर मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, सैदनगली

**नाराजगी**

- पुलिस पर युवती को बरामद नहीं करने का आरोप
- पुलिस ने दिया जल्द कार्रवाई का आश्वासन

**अमृत विचार :** थाना सैदनगली इलाके के गांव निवासी युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, परिजनों समेत ग्रामीणों ने थाने के बाहर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

बता दें कि सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती को चार दिन पहले बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी लवप्रीत उसके भाई अजय पुत्र लखवीर निवासी गांव कोलवा जनपद लखीमपुर खीरी तथा सुमित सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी गांव सोंहत थाना सैदनगली एवं अनूप के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को थाने के बाहर परिजनों समेत ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही युवती की जल्द बरामदगी की मांग की है।

इस दौरान मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। थाना प्रभारी वरुण कुमार का कहना है कि युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

## आर्य समाज मंदिर में चोरी के मामले में दी तहरीर

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मोहल्ला सोसायटी स्थित आर्य समाज मंदिर के खिड़की व दरवाजे चोरी होने पर लोगों ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लोगों ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ।

रविवार को यज्ञ के पश्चात आर्य समाज का प्रतिनिधिमंडल कस्बा चौकी पहुंचा। जहां उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल से भी कहा कि आर्य समाज की पवित्रता भंग न की जाए। आर्यसमाज मंदिर में चोरी व अराजक तत्वों के प्रवेश पर लगाम लगाई जाए। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान डॉ. यतीन्द्र कटारिया, नगर आर्य समाज के प्रधान अतर सिंह, चेतराम आर्य, अनिल शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, ब्रह्मदेव आर्य, लेखपाल व देवराज आर्य रहे।

# कई हादसों में दंपती समेत सात लोग घायल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दंपती समेत छह लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर देख तीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई है। वहीं बुरावली में भी बाइक की टक्कर से युवक घायल हो गया। वहीं बूढ़े बाबू के मेले में प्रसाद चढ़ाने आ रहे बाइक सवार भाई-बहन भी मामूली रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

रविवार को रामपुर जनपद के शाहबाद निवासी गौरव कार से दिल्ली की दिशा में जा रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी शानू, बेटा लविश भी साथ था। गजरौला के निकट हाईवे पर गौरव की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई तथा दूसरी तरफ की सड़क पर पहुंचकर डीसीएम में टकरा गई। जिसके बाद डीसीएम भी अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकरा गई। हादसे में कार सवार दंपती व उनका बेटा तथा डीसीएम चालक मनोज निवासी कटघर मुरादाबाद घायल हो गए। चारों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने गौरव, शानू व उनके बेटे लविश को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।



गजरौला में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**बुरावली, अमृत विचार :** हसनपुर रहरा मार्ग पर अनियंत्रित बाइक ने सड़क किनारे खड़े युवक के टक्कर मार दी। जिससे युवक नाले में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के रूम सिंह पुत्र मवासी निवासी बुरावली शनिवा देर रात बाइक से गांव गंगाचोली से रिश्तेदारी से अपने गांव बुरावली को आ रहा था। रास्ते में गांव खेड़ा के निकट दुकान जाते समय अनियंत्रित बाइक ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक नाले में जा गिरा। हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर परिजन बुरावली से मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने रूम सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया ।



नौगांवा सादात में बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## फोन में नमो एप डाउनलोड कराया

संवाददाता, नौगांवा सादात

**अमृत विचार :** विधानसभा नौगांवा सादात में बूथ चलो अभियान के तहत प्रवास कार्यक्रम हुआ। इसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह सैनी ने क्षेत्र में प्रवास किया।

रविवार को जिला संयोजक राष्ट्रीय महासंपर्क विभाग के वीरेंद्र सिंह सैनी ने नौगांवा सादात विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 224 ग्राम बिलना बूथ अध्यक्ष विक्रम सैनी के आवास पर बूथ समिति के सदस्य व पन्ना प्रमुखों की बैठक की। जिसमें सभी के फोन में नमो एप व सरल एप डाउनलोड करवाया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं । उन्होंने लाभार्थियों से संपर्क किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक बांटे और लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस अवसर पर मंडल महामंत्री परम सिंह सैनी, कविंद्र सैनी, ओम प्रकाश, शीशपाल, छत्रपाल, राकेश सैनी, रीना सैनी, सनी कुमार, दिनेश, देवेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# संस्थापक की पुण्यतिथि पर किया हवन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भागीरथी देवी महाविद्यालय में पूर्व प्रबन्धक व संस्थापक स्व. लाला बृज मोहन सरन अग्रवाल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान शांति हवन का आयोजन कर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्व. लाला बृज मोहन सरन अग्रवाल का व्यक्तित्व अविस्मरणीय है। उनकी समाज सेवा का परिणाम है कि क्षेत्र का प्रथम डिग्री कॉलिज भागीरथी देवी महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने कहा कि लाला बृज मोहन सरन अग्रवाल क्षेत्र में जन मानस के पटल पर अपने व्यक्तित्व के कारण अब भी याद किये जाते हैं। उनके द्वारा स्थापित नगर धनौरा का प्रथम डिग्री कॉलिज भागीरथी देवी महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के नगर से बाहर जाकर पढ़ाई करने की परेशानी को दूर करने की भावना से बनाया गया था। इसी के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत तीसरे दिन मोहल्ला महादेव में शिविर आयोजित हुआ।

जिसमें पर्यावरण प्रदूषण से बचाव के सम्बन्ध में मोहल्ले वासियों को स्वयंसेवियों द्वारा जागरूक किया। महाविद्यालय के अर्थशास्त्र प्रवक्ता डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण से बचाव के लिए सफाई रखनी चाहिए।

इस अवसर पर विश्वबन्धु रस्तौगी, जयभगवान अग्रवाल, रविन्द्र कुमार अग्रवाल, डॉ. अनिल सिरोही, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. प्रतिभा सारस्वत, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, प्रीति, विधि सिरोही, चांदनी, भूमिका, पूजा, काकुल, सहित आदि मौजूद रहे।



भागीरथी देवी महाविद्यालय में पूर्व प्रबन्धक की पुण्यतिथि पर हवन करते लोग।

## एक सप्ताह बाद भी लूट का खुलासा नहीं

**हसनपुर, अमृत विचार :** एक सप्ताह बाद भी पुलिस लूट की दो घटनाओं का खुलासा नहीं कर सकी है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पुलिस की कई टीमें खुलासे के लिए कार्य कर रही हैं। सोमवार देर रात नगर के चामुंडा मंदिर के निकट नकाबपोश बदमाशों ने चाकू दिखाकर फोटोग्राफर प्रेमपाल से कैमरा, मोबाइल एवं 900 रुपये लगभग 97900 रुपये की लूट की थी और छह फरवरी को मंगलवार रात बाइपास मार्ग स्थित बैंक्वेट हॉल से दुल्हन के चाचा से बैग छीनकर डेढ़ लाख रुपये की लूट की थी। पुलिस अधिकारियों की मानें तो दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीमें कार्य कर रही हैं। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार का कहना है कि लूट की दोनों घटनाओं का खुलासा जल्द किया जाएगा।


रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)

मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*

विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक

हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।

फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल


**परेशानी** फसलों को बर्बाद कर रहे पशु, रातदिन खेत पर रहकर किसान कर रहे रखवाली

# छुट्टा पशुओं से किसान परेशान, कहीं नहीं हो रही सुनवाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, जिससे किसान परेशान हैं, लेकिन अधिकारी बेपरवाह हैं। हालांकि सरकार ने कई गोशालाओं का निर्माण कराया, लेकिन अब गोशालाओं में भी जगह नहीं है। किसान संगठन हर पंचायत में अधिकारियों से इन पशुओं को पकड़वाने की मांग करते हैं, लेकिन हर बार किसानों को सिर्फ आश्वासन मिलता है। हसनपुर तहसील क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक कुछ ज्यादा ही है, छुट्टा पशुओं के झुंड खेतों एवं सड़कों पर घूमते हुए नजर आते हैं। किसानों ने खेत के चारों ओर तारों की बाड़ लगा रखीं हैं, लेकिन पशुओं के झुंड तारों के बाड़ को लांघकर खेत में घुस जाते हैं और फसल को नष्ट कर देते हैं।



इस समय किसान के आगे सबसे बड़ी समस्या छुट्टा पशुओं की है। जिनके आतंक के चलते किसान को खेतों पर रहकर रात दिन अपनी फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। प्रशासन जल्द से जल्द इन्हें पड़वाकर किसान को राहत पहुंचाने का कार्य करें। **-बल्लू सिंह, किसान**



क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। छुट्टा पशु फसलों के साथ जनमानस को भी हानि पहुंचा रहे हैं। इन्हें जल्द से जल्द प्रशासन पकड़ने की व्यवस्था करें। शिकायत करने के बाद भी विभागीय अधिकारी इस बारे में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। **-खेम सिंह, किसान**



क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के हमले में अब तक दर्जनों किसान मौत के घाट उतार चुके हैं और दर्जनों घायल हो चुके हैं, लेकिन बार-बार कहने के बाद भी प्रशासन इन्हें नहीं पड़वा रहा है। जिससे किसानों में भारी रोष है। छुट्टा पशु लगातार खेतों में फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। **-खजान सिंह, किसान**



हर पंचायत में प्रशासन के सामने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की जाती है, अधिकारियों द्वारा हर बार सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। जिससे किसानों में अधिकारियों के रवैए को लेकर काफी रोष व्याप्त है। किसानों की समस्या को देखने वाला कोई नहीं है। **-चेतन सिंह, जिला उपाध्यक्ष, भाकियू**



पशुओं के आतंक से ग्रामीण काफी परेशान हैं। छुट्टा पशु किसान की फसल चौपट कर रहे हैं, हमला कर घायल भी कर रहे हैं इन्हें जल्द से जल्द पकड़वाया जाए। **- दीपचंद, किसान**



अधिकारियों द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की कोई भी व्यवस्था नहीं की जा रही। फसलों को छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे हैं। इनसे बचने का कोई उपाय नहीं है। **धीरज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष, भाकियू शंकर**



अधिकारियों के सामने इन्हें पकड़वाने की मांग की जाती है, लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा कदम नहीं उठाए जा रहे जो गंभीर विषय है। **ठाकुर महेश सिंह, तहसील अध्यक्ष भाकियू**



भारतीय किसान संघ द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई गंभीर कदम नहीं उठा रहा। **चौधरी नरेंद्र सिंह, भारतीय किसान संघ**

## एक नजर

### पत्नी से विवाद पर युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला तकिया निवासी एक युवक का किसी बात को लेकर पत्नी से रविवार को विवाद हो गया। विवाद होने के बाद युवक घर से बाहर बाजार आ गया। युवक बाजार से खरीदकर जहरीला पदार्थ लेकर घर पहुंचा और घर पहुंचते ही सेवन कर लिया। जिससे युवक की तबीयत बिगड़ने लगी और परिजन घबरा गए। परिजनों ने आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### ब्यूटी पार्लर गई किशोरी गायब, गुमशुदगी दर्ज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी शफीक की 16 वर्षीय पुत्री सबा रानी शुक्रवार की सुबह 11 बजे परिजनों से कहकर ब्यूटी पार्लर गई थी। देर शाम तक सबा घर वापस नहीं लौटी। जिससे परिजनों को चिंता सताने लगी। आनन फानन में परिजन ब्यूटी पार्लर पहुंचे लेकिन सबा वहां नहीं थी। जिसके बाद परिजन तीन दिन तक आसपास व रिश्तेदारी में तलाश करते रहे। रविवार तक सबा रानी का पता नहीं चला तो उसके भाई मोहम्मद अयाज ने कोतवाली पहुंचकर सबा रानी की गुमशुदगी दर्ज कराई।

### ग्रामीण से मारपीट का आरोपी सिपाही निलंबित

संभल अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में ग्रामीण से मारपीट करने के आरोपी सिपाही को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया। कस्बा गवां निवासी देवेंद्र गिरी शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय के सामने खड़ा था। आरोप है कि तभी उससे चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल राजीव भड़ाना ने मारपीट की थी। जिससे देवेंद्र गिरी का कान फट गया था और वह घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत से शिकायत की गई। पुलिस अधीक्षक ने हेड कांस्टेबल राजीव भड़ाना को निलंबित कर दिया है।

### हल्द्वानी हिंसा की हो उच्च स्तरीय जांच

संभल अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय पर हुई बैठक में हल्द्वानी में हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि हिंसा की घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

# बिना नाम लिए राहुल गांधी पर बोला तीखा हमला

## आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले, राष्ट्रीय महासचिव विद आउट पोर्टफोलियो लिखना प्रियंका गांधी की तौहीन

कार्यालय संवाददाता,संभल



संभल में पत्रकार वार्ता करते आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार

- संकल्प लिया कि आज के बाद वह आजीवन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े रहेंगे
- क्या राम मंदिर शिलान्यास का न्योता स्वीकारना व प्रधानमंत्री मोदी से मिलना उनका अपराध था

अमृत विचार:कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस से निष्कासन के बाद कहा कि निष्कासन करने वाले कांग्रेस नेता यह बताएं कि उनकी कौन सी गतिविधि पार्टी विरोधी थी। क्या राम मंदिर शिलान्यास का न्योता स्वीकार करना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना उनका अपराध था। इसके साथ ही आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। संकल्प लिया कि आज के बाद वह आजीवन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े रहेंगे।

ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम पर पत्रकार वार्ता के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में मायूसी है और हर कोई नेता यह पूछ रहा है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम का कसूर क्या था। मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं से कहना चाहता हूं कि जो अपनी मां और बहन का सम्मान नहीं कर सकता वह कांग्रेस पार्टी के नेताओं का सम्मान क्या करेगा। जो शख्स अपनी विरासत को नहीं संभाल सकता वह भारत को क्या संभालेगा। सोचें और चिंतन करें कि राजनीति छोटी है और राष्ट्र बड़ा है क्योंकि एक दिन हम सभी लोग मिट जाएंगे लेकिन यह राष्ट्र नहीं मिटना चाहिए। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि जो शख्स अपनी मां,पिता,बहन और दादी के सुख-दुख में खड़े रहने वाले नेता गुलाम नबी आजाद,कमलनाथ व भूपेंद्र हुड्डा से लेकर दिग्विजय सिंह और आनंद शर्मा तक की इज्जत करना नहीं जानता है उसके लिए मुझे अपमानित करना कौन सी बड़ी बात है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस में प्रियंका गांधी की भी बहुत तौहीन हो रही है। एआईसीसी द्वारा जारी लिस्ट में प्रियंका गांधी के आगे लिखा गया है जनरल सेक्रेटरी विद आउट पोर्ट फोलियो। ऐसा किसी दूसरे कांग्रेस नेता के लिए नहीं लिखा गया है। पत्रकारों से कहा कि प्रियंका गांधी से पूछो क्या क्या वह खुश हैं,और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में क्यों नहीं जा रही हैं।

### क्या अयोध्या जाना व मोदी से मिलना है मेरा अपराध

संभल, अमृत विचार : आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि क्या राम का नाम लेना, अयोध्या जाना, श्रीराम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण स्वीकार करना, कल्कि धाम का शिलान्यास करना, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना या फिर भारतीय संस्कृति, संस्कार और सनातन की बात करना पार्टी विरोधी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिया गया था तो एक राम भक्त को 6 वर्ष के लिए क्यों निष्कासित किया गया है।

### राजीव गांधी से किया वादा निभाते हुए नहीं छोड़ी कांग्रेस

संभल, अमृत विचार : आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राजीव गांधी से वादा किया था कि मैं आखरी सांस तक भी कांग्रेस पार्टी को नहीं छोड़ूंगा। हमने अभी तक इस वादे को निभाया है। कांग्रेस पार्टी के अंदर अपमानित करने का काम किया जाने लगा और मैं इन बातों को सहता रहा। हमेशा राजीव गांधी को दिया गया वचन मेरे आड़े आता था। इसलिए मैंने कभी कांग्रेस पार्टी को छोड़ने का फैसला नहीं किया।

### 19 के बाद करेंगे प्रेस कांफ्रेंस तो देश की राजनीति में आएगा तूफान

संभल, अमृत विचार : प्रमोद कृष्णम ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि 19 फरवरी को कल्कि धाम के शिलान्यास के बाद वह प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे तो देश की राजनीति में बड़ा तूफान आएगा। कहा कि राम और राष्ट्र पर न मैंने कभी समझौता किया है और न ही कभी करूंगा। कांग्रेस पार्टी को कल्कि धाम शिलान्यास का निमंत्रण दिए जाने को लेकर कहा कि जिन लोगों ने भगवान राम के निमंत्रण को ठुकरा दिया वह लोग कल्कि धाम का निमंत्रण क्या स्वीकार करेंगे।



अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरने पर नारेबाजी करते किसान।

# भाकियू प्रतिनिधिमंडल रखेगा मुख्यमंत्री के सामने समस्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

- अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर 19वें दिन भी किसानों का धरना जारी

अमृत विचार :भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 19वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। भाकियू जिलाध्यक्ष ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष समस्या रखने की बात कही।

गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे गांव भटौला में रविवार को भी किसान धरने पर रहे। भाकियू जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि हमें धरने पर बैठे हुए 19 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक जिले के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने किसानों की सुध नहीं ली है। 12 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव ऐंचौड़ा कम्बोह आ रहे हैं। भाकियू प्रतिनिधिमंडल समस्या प्रदेश के मुखिया के सामने रखेगा। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने किसानों से कहा कि अब जागने का समय आ गया है। इस बार 13 फरवरी को दिल्ली कूच करना है। इस दौरान जयप्रकाश शर्मा, दिलशाद, मोहम्मद फाजिल, अताउल रहमान, विनोद कुमार, श्योराज सिंह आदि रहे।

## प्रमोद कृष्णम को कांग्रेस से निकाला जाना गलत

चन्दौसी, अमृत विचार: शहर काजी मरगूब नोशाही ने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम को पार्टी से निकाला जाना गैर मुनासिब है। उन्होंने कहा कि कृष्णम को पार्टी ने निकालकर कांग्रेस ने गलत कदम उठाया है।

उनकी राय में यह जल्दबाजी में उठाया गया गलत कदम है। क्योंकि कृष्णम सेकुलर छवि वाले व्यक्ति है। कांग्रेस को कई मामलों में भाजपा से सबक लेना चाहिए। कहा कि वरुण गांधी का उदाहरण ले लें, वह क्या कुछ नहीं बोलते, मगर भाजपा ने उन्हें नहीं निकाला।

कांग्रेस बड़ी पार्टी है तो मगर दिल छोटा है। कृष्णम से पार्टी को काफी फायदा मिलता, वह नेक व भली छवि के व्यक्ति है। उन्होंने कभी किसी से भेदभाव नहीं किया। वास्तव में वह सब का साथ सबका विकास चाहते हैं, हम उनकी दिल से कद्र करते हैं।

# पीएम के कार्यक्रम की तैयारियां परखने आज आएंगे मुख्यमंत्री

कल्कि धाम महोत्सव

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार:उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचकर 19 फरवरी को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किये गये हैं। कमिश्नर भी रविवार को व्यवस्थाओं को देखने के लिए पहुंचे। प्रधानमंत्री 19 को ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे हैं।

कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सानिध्य में ऐंचोड़ा कंबोह में 19 फरवरी को कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। दो सौ बीघा से ज्यादा फसल कटवा कर मैदान को समतल कराया गया है। खेतों में हेलीपैड व सड़कें बनाने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अब तक की गई तैयारियों को देखने के लिए आज सुबह साढ़े दस बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम स्थल ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर रविवार को तैयारियों में काफी तेजी नजर आई।



मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को व्यवस्थाओं की जानकारी देते डीएम मनीष बंसल।

### पहुंचा बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वायड

संभल, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए रविवार को ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम परिसर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिये गये। आयोजन स्थल पर जाने वालों पर कड़ी निगाह के साथ ही सभी वाहनों के नंबर लिखकर वाहन में सवार लोगों का ब्यौरा दर्ज किया गया। दोपहर को बम निरोधक दस्ते ने पहुंचकर पड़ताल की। इसके साथ ही डाग स्क्वायड की टीम भी सक्रिय रही।

### पुलिस को किया ब्रीफ मंडलायुक्त ने देखे इंतजाम

संभल, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। मुरादाबाद,बिजनौर,अमरोहा व रामपुर आदि जनपदों से भी पुलिस बल को ड्यूटी के लिए बुलाया गया है। रविवार दोपहर को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस बल को ब्रीफ कर बताया कि उन्हें वीआईपी आगमन पर कैसे अपनी ड्यूटी को अंजाम देना है। इसके बाद कमिश्नर आंजनेय कुमार ने भी पहुंचकर हेलीपैड व अन्य व्यवस्थाओं को देखा।

## सार-संक्षेप

### पीएम का दौरा देख 24 घंटे में संवार दी तालाब की सूरत

संभल, अमृत विचार : श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर काफी समय से गंदगी से पटे तालाब की सूरत महज 24 घंटे में संवार दी गई। तालाब की सूरत बदलने के काम में सैकड़ों कर्मचारी जुटे हुए हैं।ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम के पास ही एक तालाब गंदगी से अटा पड़ा था। हालांकि पूर्व में तालाब को अमृत सरोवर बनाने का काम शुरू हुआ था लेकिन रुक गया। अब 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा देखकर अधिकारियों ने मुख्य मार्ग के किनारे उसी तालाब की सूरत बदलने का काम शुरू कराया है। सैकड़ों मनरेगा मजदूर तालाब से गंदगी हटाकर साफ सुथरा करने में जुटे हैं। तालाब के किनारे मिट्टी की मेड़ बनाई जा रही है तो आसपास दीवारों बाल पेंटिंग करने के साथ ही पोलों पर तिरंगे के रूप में रंग रोगन किया जा रहा है। आलम यह है कि महज 24 घंटे में ही तालाब को संवार दिया गया है। अभी भी मनरेगा मजदूर काम में जुटे हुए हैं। तालाब की सूरत बदलने को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### मां-बाप की सही तरीके से करनी चाहिए खिदमत

संभल/सिरसी, अमृत विचार :सिरसी के मुहल्ला शर्की इमाम बारगाह सादात में हुई मजलिस में मर्सियाख्वानी खाबर रजा और उनके हमनवां ने की। लखनऊ से आए मौलाना हबीब हैदर ने कहा कि हम लोगों को अपने मां बाप की सही तरीके से खिदमत करनी चाहिए।मौलाना हबीब हैदर ने कहा कि मौला अली को मानने वाले और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने वाले कभी भी गलत रास्ते पर नहीं चलते। जो लोग आतंकवादी होते हैं उनका कोई मजहब और ईमान नहीं होता। हमारे सामने जिंदा मिसाल है कि कर्बला में इमाम हुसैन ने इंसानियत का पैगाम दिया। अगर हमारे अंदर इंसानियत नहीं है तो हम कभी भी अच्छे इंसान नहीं बन सकते। मजलिस के आखिर में जब कर्बला में हुए जुल्म को बयान किया तो अजादार फूट फूट कर रोने लगे। इस दौरान रजा अब्बास नकवी, नवाब नकवी, चांद नकवी, सलीम नकवी आदि मौजूद रहे।



बूढ़े बाबा के मेले में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### बूढ़े बाबा के मेले में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना, मांगी मनौती

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर में चिंताहरण आश्रम पर बूढ़े बाबा का मेला लगा। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने तालाब में स्नान करने के बाद पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। गांव केसरपुर में रविवार को चिंताहरण आश्रम पर रविवार को बूढ़े बाबा के मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान यशपाल सिंह यादव ने किया। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने चिंताहरण आश्रम मंदिर के पास तालाब में स्नान करने के बाद बूढ़े बाबा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर में अनाज भी चढ़ाया। मेले में महिलाओं सौंदर्य प्रसाधन के सामान और बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे। चाट पकौड़ी का भी आनंद लिया। इसके अलावा क्षेत्र के गांव जिंजौड़ा डांडा, सिरसा और सिहावली में भी बूढ़े बाबा का मेला लगा। जिनमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

## खाना खाते समय ग्रामीण की हार्ट अटैक से मौत

संभल, अमृत विचार :कैला देवी थाना क्षेत्र में खाना खाते समय ग्रामीण की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव करछली निवासी जसवीर (45 वर्ष) रविवार की सुबह 10 बजे घर में चारपाई पर बैठकर खाना खा रहे थे। अचानक से सीने में दर्द होने लगा। सीने में दर्द की शिकायत पर परिजन आनन फानन में जसवीर को उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल लाए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने जसवीर के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# दहेज को लेकर टूट गया रिश्ता बिना दुल्हन लिए लौटी बारात

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

- सरायतरीन में दिल्ली से आई थी बारात, दहेज को लेकर दोनों पक्षों में हुआ विवाद

अमृत विचार :हयातनगर थाना क्षेत्र में दिल्ली से बारात लेकर पहुंचे दूल्हे की दुल्हन ले जाने की उम्मीद पर उस समय पानी फिर गया जब दहेज को लेकर दोनों पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि मामला थाने तक पहुंच गया। बिना दहेज लिए दूल्हे पक्ष के लोगों ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस पर रिश्ता तोड़ लिया गया। जिसके बाद दूल्हा बारात लेकर बिना दुल्हन लिए ही लौट गया।

सरायतरीन निवासी एक व्यक्ति ने बेटी की शादी दिल्ली निवासी एक युवक के साथ तय की थी। दिल्ली से बारात के साथ शनिवार को शाम युवक शादी के सपने लेकर यहां पहुंचा। यहां दुल्हन भी शादी के बाद ससुराल जाने के लिए तैयार भविष्य के सपने संजोए बैठी थी। बारात का जोरदार स्वागत करते हुए युवती पक्ष ने बारातियों की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूल्हा निकाह कराकर दुल्हन को अपने साथ लेकर जाने के लिए उत्साहित था लेकिन निकाह से पहले दान दहेज को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। यहां रिश्तेदारों व पुलिस के समझाने के बाद भी बात नहीं बनी और दोनों पक्षों ने एक दूसरे से रिश्ता तोड़ लिया। जिससे दूल्हा बने युवक और दुल्हन बनकर बैठी युवती के सपने टूटकर बिखर गए। रविवार को युवक पक्ष ने रिश्ते में दिया सामान दिल्ली से लाकर पुलिस की मौजूदगी में युवती पक्ष को सौंप दिया।

## संभल के युवक की नोएडा में सड़क हादसे में मौत

संभल/कैला देवी, अमृत विचार :जनपद संभल के कैला देवी थाना क्षेत्र के युवक की नोएडा में सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी सुरेंद्र (20 वर्ष) नोएडा में टेंट लगाने में मजदूरी करता था। शुक्रवार को सुरेंद्र शादी समारोह में टेंट लगाने जा रहा था। जाते समय सुरेंद्र नोएडा में ही सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया।

साथ में काम करने वालों लोगों ने सुरेंद्र को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। शनिवार को उपचार के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। रविवार को परिजन शव लेकर घर आ गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

# 17 लाख रुपए और जेवर समेट कर महिला फरार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मुहल्ला नाला में शनिवार को पति गया था दावत खाने, पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार :सदर कोतवाली क्षेत्र में दावत खाने गए पति के पीछे महिला बेड के कवर्ड में रखे जेवर और 17 लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गई। तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पति ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी मोहम्मद सालिम की शादी छह माह पहले शहर के एक मुहल्ले की एक युवती से हुई थी। मोहम्मद सालिम अपने भाइयों व मां फूल बी से अलग दूसरे मकान में रहता है। शनिवार को शाम मोहम्मद सालिम पत्नी, दो भतीजी मायरा व माहिनूर को छोड़कर ससुराल में साले के बेटे के वलीमे की दावत खाने गया था। मोहम्मद सालिम की मां फूल बी मुहल्ला महमूद खां सराय निवासी बेटी आयशा के घर सोने चली गई। मोहम्मद सालिम के जाने के बाद नवविवाहिता ने रात आठ बजे मायरा को खाने की चीज लेने परचून की दुकान पर भेज दिया जबकि माहिनूर को खेल में लगा दिया। आरोप है कि बेड में रखे जमीन बिक्री के 17 लाख रुपये व सोने के जेवर निकालकर महिला घर से फरार हो गई। माहिनूर ने महिला के घर से जाने की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलने पर मोहम्मद सालिम घर पहुंचा। देखा तो बेड पर कपड़े बिखरे हुए थे और कवर्ड में रखी नकदी व जेवर गायब थे। आसपास व ससुराल में जानकारी करने पर भी महिला का पता नहीं चला। रविवार को मोहम्मद सालिम कोतवाली पहुंचा और तहरीर देकर पुलिस से नकदी व जेवर बरामद करने की मांग की।



कथा वाचक डॉ.अखिलेश मिश्रा का स्वागत करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीराम कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

संभल अमृत विचार : नगर के यशोदा कंपाउंड में श्रीराम कथा का शुभारंभ हो गया। जिसमें कथा व्यास आईएएस अधिकारी डॉ.अखिलेश मिश्रा ने प्रवचन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। यशोदा कंपाउंड में श्रीराम कथा में कथा वाचक डॉ.अखिलेश मिश्रा ने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। श्रीराम कथा प्रवचन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। बताते चलें कि डॉ.अखिलेश मिश्रा अभी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग पद पर तैनात हैं और वर्ष 2012 में संभल में एडीएम पद पर तैनात रहे थे। इस दौरान मुख्य यजमान निखिल शर्मा, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पीयूष श्रीवास्तव, अरविंद अरोड़ा, डॅ. सलिल दीक्षित, डॉ.नीरज शर्मा, अजय शर्मा, संजय नरूला, आयुष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### आरोग्य मेले में 3131 मरीजों का निःशुल्क उपचार

संभल, अमृत विचार : जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3131 मरीजों का नि:शुल्क उपचार हुआ। वहीं 172 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 41 डॉक्टरों और 107 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। जिसमें 1203 पुरुषों, 1152 महिलाओं और 776 बच्चों को नि:शुल्क उपचार हुआ। 205 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई। जिसमें सभी निगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 173 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और परिवार नियोजन संबंधी सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, एसीएमओ डॉ.कुलदीप कुमार आदिम, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम आदि रहे।

# वसंतोत्सव में सरस्वती का पूजन हमारी प्राचीन परंपरा

कार्यालय संवाददाता, संभल

- अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

अमृत विचार :अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम के स्थापना दिवस पर सरस्वती पूजन, वसंतोत्सव एवं निराला जयंती का समारोह हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

मुहल्ला ठेर स्थित आर्य समाज मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा ने महाकवि निराला द्वारा रचित सरस्वती वंदना से किया। पूजा शर्मा ने गो सेवा की प्रक्रिया पूर्ण की। संस्था निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। संस्थापक डॉ. डीएन शर्मा ने कहा कि छह ऋतुओं में वसंत का स्थान सर्वोपरि है। वसंत हमें आगे बढ़ने और पराक्रम करने की प्रेरणा देता है। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि वसंत में सरस्वती पूजन हमारी प्राचीन प्रथा का अंग है। समारोह अध्यक्ष बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने महाकवि निराला की प्रसिद्ध कविता वह तोड़ती पत्थर सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मंच संचालिका पूनम रेनू तिवारी ने निराला की प्रसिद्ध कविता सुनाई। शालिनी रस्तोगी ने भी कविता की प्रस्तुति दी।

युवा कवि अतुल कुमार शर्मा ने कविता के जरिये वसंत का स्वागत किया। सुभाष चंद्र शर्मा ने कविता के जरिये सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। सरस्वती वंदना गायन प्रतियोगिता, सरस्वती वंदना नृत्य प्रतियोगिता के मेधावी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस पर हुई रंगोली प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को भी सम्मानित किया।

## सपोर्ट वायर टूटने से चार पोल गिरे, लाइनमैन घायल

संभल, अमृत विचार :हयातनगर थाना क्षेत्र में सपोर्ट वायर के टूटने से बिजली के चार पोल टूटकर गिर गए। जिससे एक लाइनमैन भी गिरकर घायल हुआ। लाइनमैन को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हयातनगर में उपभोक्ताओं के घरों में बिजली आपूर्ति को डाला गया केबल जर्जर हो गया था। रविवार को शाम बिजली विभाग के कर्मचारी तुर्कों वाली मस्जिद के पास लगे सीमेंट के पोल से नया केबल डाल रहे थे। शाम सात बजे पोल को रोकने के लिए लगी सपोर्ट वायर अचानक टूट गई। जिससे सीमेंट के चार जर्जर पोल टूटकर जमीन पर गिर गए। जिसमें लाइनमैन प्रेमहंस भी जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। साथी लाइनमैनों ने घायल प्रेमहंस को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त खंभों के आसपास कोई नहीं था और बड़ा हादसा बच गया।

# सामाजिक सेवा के कार्यों में जुटे पदाधिकारी

संवाददाता, बहजोई




बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष डॉ.उमेश अग्रवाल। ● अमृत विचार

- प्रथम काउंसिल बैठक में सदस्यों को शपथ दिलाई

अमृत विचार : जायंट्स इंटरनेशनल फेडरेशन 5 की प्रथम काउंसिल बैठक में सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व की जानकारी देते हुए सदस्यता वृद्धि पर भी चर्चा हुई।

एक बैक्वेट हॉल में सत्र 2024 की प्रथम काउंसिल की आयोजित बैठक का शुभारंभ मथुरा से आए डिप्टी वार्ड अध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने व फेडरेशन के अध्यक्ष समेत नेशनल कमेटी के पदाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित एवं जायंट्स प्रार्थना करके किया। फेडरेशन अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल ने छह प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। वर्ष 2024 के लिए समाजसेवा के नये-नये कार्य में तन मन धन से करने और समाज की सेवा में जुट जाने का आह्वान किया। ग्रुप के पदाधिकारियों के साथ सदस्यता वृद्धि पर चर्चा की। फेडरेशन फाइनेंस अधिकारी दिलीप किशोर ने फेडरेशन का वर्ष 2024 का बजट पेश किया जो ध्वनि मत से पास किया गया। केंद्रीय कमेटी मेंबर डॉ. शिवराज सिंह यादव ने नए आयाम स्थापित करने की प्रेरणा दी। 2023 की फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने सदस्यता व जायंट्स के विस्तार की बात रखी। प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों का सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इनमें मथुरा से राजेश बजाज, हाथरस से ब्रजमोहन शर्मा, काशीपुर से एमपी गुप्ता, फिरोजाबाद से वर्तिका जैन,अनु अग्रवाल, नोएडा से अनीता प्रधान, कांगड़ा से पीसी चौधरी,पंजाब से रमेश पहाबा, बरेली से रजनीश मलिक, चंदौसी से डॉ. सुधा चौधरी, सुभाष सुरस्तगी, पदमा भार्गव, कृष्ण अवतार गुप्ता रहे। काउंसिल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

फेडरेशन की प्रगति पत्रिका के संपादक दीपक गोस्वामी व सह संपादक सम्भव जैन, सोमप्रकाश वार्ष्णेय, सुशील कुमार, मृदुल बाबू, अशोक यादव, प्रवीन गोयल, मीनू कमल वार्ष्णेय आदि।

## एक नजर

### किसान को मारपीट कर किया घायल

**गुन्नौर अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी भूरे पुत्र रोहन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि शनिवार की रात करीब आठ बजे वह खेत से लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव का ही एक व्यक्ति मिला। व्यक्ति ने उसे बेवजह गालियां दी। भूरे ने गाली देने से मना किया तो व्यक्ति ने डंडे से मारपीट की। जिससे भूरे घायल हो गया। शोर मचाने पर राहगीर आ गए तो आरोपी भाग गया। भूरे ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

### उपभोक्ता आयोग ने जारी किए गैर जमानती वारंट

**बहजोई अमृत विचार** : जिला उपभोक्ता आयोग संभल में बहजोई निवासी दीपक कुमार ने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय के माध्यम से अपने इलाज पर खर्च हुई धनराशि इंश्योरेंस कंपनी द्वारा न दिए जाने पर परिवाद योजित किया था। उपभोक्ता आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को धनराशि मय ब्याज सहित देने के आदेश दिए लेकिन पूर्ण धनराशि का भुगतान नहीं किया। उपभोक्ता को 13 हजार 632 रुपये की कम धनराशि का भुगतान हुआ।

# ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत, दो लोग घायल

## भांजे का जन्मदिन मनाने जीजा के घर जा रहे थे युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन सीएचसी पहुंच गए।

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव राजथल निवासी धर्मेंद्र के पुत्र का रविवार को जन्मदिन था। उसने अपनी ससुराल को जन्मदिन की दावत दी थी। धर्मेंद्र के साले सोनू व मोनू पुत्र सूरज निवासी दीपपुर थाना रजपुरा अपने दोस्त धर्मवीर 20 पुत्र नेत्रराम निवासी मोलनपुर डांडा थाना रजपुरा के साथ बाइक पर सवार होकर अपने जीजा के घर जा रहे थे। जब रात करीब 9 बजे बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के गांव अलातपुर जारई में पहुंचे तो प्राथमिक विद्यालय के सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद सोनू व धर्मवीर सड़क किनारे नाले में जा गिरे। बाइक मोनू चला रहा था। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। नाले में गिले युवकों को बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने धर्मवीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल सोनू व मोनू का उपचार किया जा रहा है।

### दुकान के विवाद में दुकानदार को मारा चाकू, घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार** : दुकान के विवाद को लेकर दुकानदार को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल का उपचार सीएचसी में कराया गया है। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गोला गंज निवासी रियाज अहमद की दुकान जारई गेट में है। जिसमें वह शूज सेंटर चलाता है। रविवार की शाम दुकान पर वह व उनका पुत्र नाजिम बैठा था। तभी तीन लोग आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। तभी एक युवक ने चाकू निकाल कर वार कर दिया। जिसमें रियाज अहमद घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए, तो हमलावर फरार हो गये। जाते समय जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद परिजन घायल को कोतवाली लेकर पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया है।

# बूथ चलो अभियान में मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के गांव व बूथ चलो अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। सेक्टर- 4 लक्ष्मणगंज एवं सेक्टर 5 सीकरी गेट के बूथ संख्या 137 139 140 141 142 पर बूथ प्रवासी क्रमशः राधेश्याम, संजय सैनी, आशा गोस्वामी जिला मीडिया प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा, मनोज दिवाकर, मोनू खुराना के नेतृत्व में घर-घर संपर्क करके मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आशा गोस्वामी ने मुस्लिम बहनों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, जो प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही है, उसके बारे में पूर्ण जानकारी दी। आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से मोदी सरकार बनवाने का आह्वान किया एवं सभी ने अबकी बार 400 पार का संकल्प लिया। दीवार लेखन, नमो एप, सरल एप, डाउनलोड कराए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, कोविड वैक्सीनेशन, गरीब कल्याण अन्न योजना आदि के लाभार्थियों से संपर्क किया।

### नमो एप डाउन लोड करा कर योजनाओं की जानकारी दी

**चन्दौसी, अमृत विचार** : रविवार को भाजपा की लक्ष्मण गंज शक्ति केंद्र स्थित बूथ संख्या 138 पर प्रवास हेतु बैठक आयोजित की गई। बूथ प्रवासी शीला सागर व बूथ अध्यक्ष अजय प्रजापति के नेतृत्व में दिशा निर्देश दिए गए। प्रवास के दौरान बूथ में स्थित घर-घर जाकर नमो एप एवं सरल एप डाउनलोड कराया गया और परिवार के लोगों से संपर्क किया। प्रत्येक को मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और फिर से मोदी सरकार लाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक मीडिया अभिनव शर्मा, गिरीश रतन, नीलम अरोरा आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



रोटरी सभागार में मंचासीन सिटी स्टार के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रोटरी क्लब के सामाजिक कार्यों की सराहना की गई

**चन्दौसी, अमृत विचार** : रोटरी क्लब सिटी स्टार की ओर से बिसौली गेट स्थित रोटरी चिकित्सालय सभागार में अधिकारिक यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक गुप्ता ने क्लब द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की। कहा कि सामाजिक कार्यों व मानव सेवा में क्लब को और आगे बढ़ने को प्रेरित किया गया। रोटरी क्लब की ओर से सामाजिक सेवा का कार्य किए जाते हैं। जिससे स्कूली छात्राओं की फीस, पढ़ाई का खर्च वहन किया जाता है। समय-समय पर लोगों की आर्थिक रूप से मदद की जाती है। इसके बाद क्लब के सदस्यों के बीच लकी ड्रा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अनुराग मित्तल, पायल गुप्ता, लोकेश जैन, शिखा जैन, डॉ. सर्वेश सक्सेना, पंकज वार्ष्णेय, विवेक गर्ग, कपिल अग्रवाल, विजय कुमार, दिलीप रस्तोगी, वीरेश अग्रवाल, मनोज सर्राफ, विवेक कागजी, पुनीत सर्राफ, निधि अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, पायल मित्तल, सुनीता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



चौधरी चरण सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

### चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**चन्दौसी, अमृत विचार** : आवास विकास स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में आयोजन कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की सराहना कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चौधरी शिव सिंह, चौधरी सत्यवीर सिंह, अनेक सिंह, मुन्ना लाल शाक्य, अशोक कुमार शर्मा, योगेश चौधरी, राजवीर सिंह, हरिओम उपाध्याय, विनोद चौधरी, सूरजपाल सिंह, महावीर सिंह, दुष्यंत सिंह, रघुवीर सिंह, संजय सिंह, राकेश सिंह, सच्चिदानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।



चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर अंशी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### जयपुर से गोल्ड मेडल लेकर लौटी अंशी का स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार** : राजस्थान के जयपुर में सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंशी गुप्ता ने अंडर 24 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर शहर का नाम किया है। शनिवार की रात वह जयपुर से लौटी तो रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया गया। उनके प्रशंसकों व परिजनों ने फूलमाला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। कड़े मुकाबले में अंशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अंशी को इंडिया ताइक्वांडो के प्रेसिडेंट नामदेव शिगांवकर पुडुचेरी के इंटरनेशनल रेफरी दिनेश कुमार व कोरिया के ली ने पुरस्कार दिया। रविवार को जब अंशी गोल्ड मेडल लेकर किड्स ताइक्वांडो अकादमी पहुंची तो उनका खिलाड़ियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। खिलाड़ियों से अंशी ने अपनी जयपुर प्रतियोगिता के दौरान होने वाली बातें साझा कीं। बताया कि उन्होंने कड़े मुकाबला होने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर खेल का प्रदर्शन किया।



वृद्धजनों की आंखों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### वृद्धाश्रम के नौ बुजुर्गों की आंखों का हुआ ऑपरेशन

**चन्दौसी , अमृत विचार** : भारतीय मानव कल्याण समिति के द्वारा वृद्धाश्रम में निवास कर रहे नौ वृद्धजनों की आंखों का निशुल्क ऑपरेशन कराया गया। साथ ही अन्य वृद्धजनों की आंखों की जांच की गई। भारतीय मानव कल्याण समिति द्वारा 9 फरवरी को लगाए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 13 लोगो की आंखों के ऑपरेशन की सलाह दी गयी थी। रविवार को मुरादाबाद से आये नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन डॉ. सुनील गुप्ता ने मोहन आई केयर सेंटर में वृद्ध आश्रम के 13 लोगो को चेकअप के लिए बुलाया। जिसमें चार मरीजों का ब्लड प्रेशर और शुगर कंट्रोल न होने के कारण उपचार किया गया। बाकी नौ मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन कराए गए। जोकि पूर्णतया स्वस्थ्य हैं। डॉ. सुनील गुप्ता ने कहा इस उम्र में हाथों में कम्पन होना आम बात है। इसलिए ये लोग अपनी आंखों में खुद से दवा डालने या देखभाल करने में सक्षम नहीं हैं। साथ ही मानसिक रूप से परेशान होने के कारण भी इनकी आंखें खराब हो चुकी हैं। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर स्वच्छ जल से आंखों को बिना रगड़े धोएं और ज्यादा तकलीफ होने पर डॉक्टर से परामर्श लें। अन्य भी कोई वरिष्ठ नागरिक ऑपरेशन का खर्च उठाने में सक्षम नही है तो निशुल्क चिकित्सा करा सकता है। इस दौरान समिति प्रबन्धक डॉ. टीएस पाल, डॉ. विनय वार्ष्णेय, डॉ. रमाकांत वार्ष्णेय, शिप्रा वार्ष्णेय, शिवम वार्ष्णेय, अनुज वार्ष्णेय, पवन वार्ष्णेय तथा आश्रम के सेवादार सोनू सिंह, नीता, निशा आदि का सहयोग रहा। ऑपरेशन कराने वाले अतुल कुमार, नवाब सिंह, रामप्रसाद, मेराबिल, राकेश कुमार, सियाराम, करन सिंह, कन्हैयालाल, सोहनलाल रहे।

### पेड़ से टकराया टेंपो, दो मजदूरों की मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : छत्तीसगढ़ के मजदूरों को ईंट-भट्ठे पर ले जा रहा टेंपो शनिवार देर रात बिल्सी मार्ग पर अनियंत्रित हो गया। सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत सही बताई जा रही है। रविवार को दोनों का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य के थाना बड़ौदा बाजार और कसडौल क्षेत्र के गांव में रहने वाले कुछ मजदूर अपने परिवार के साथ बिल्सी मार्ग स्थित गांव भरकुंइया स्थित वीरपाल के ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। कुछ दिनों पहले वह लोग घर गए थे। शनिवार देर रात बस से डिपो चौराहे पर उतरे। जहां ईंट भट्ठे तक जाने के लिए टेंपो बुक किया। टेंपो में चालक समेत 13 लोग और बच्चे बैठकर जा रहे थे। बदायूं-बिल्सी मार्ग पर गांव कुरऊ के आगे मोड़ के पास टेंपो अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।

# मिट्टी खोदते समय ढांग गिरने से दादी और पोती घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :नखासा थाना क्षेत्र में मिट्टी खोदते समय ढांग गिरने से दबकर दादी और पोती घायल हो गईं। आसपास खेतों से पहुंचे लोगों ने मिट्टी हटाकर दादी-पोती को निकाला। एंबुलेंस से दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

▶▶ एक वर्षीय पोती को लेकर मिट्टी लेने गई थी दादी



मिट्टी की ढांग गिरने से घायल मुन्नी।

थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सराय निवासी रमेश की पत्नी मुन्नी रविवार की दोपहर 12 बजे एक वर्षीय पोती सृष्टि पुत्री गुड्डू को साथ लेकर खेत पर मिट्टी लेने गई थी। खेत में बनी ढांग के पास सृष्टि को बैठाकर मुन्नी मिट्टी खोदने लगी। अचानक से ढांग की मिट्टी गिरने लगी। मुन्नी ने सृष्टि को गोद में लेकर भागने की बचने की कोशिश की। ढांग की मिट्टी के नीचे दबकर मुन्नी गंभीर घायल हो गई जबकि सृष्टि मामूली रूप से चोटिल हुई। चीखने चिल्लाने की आवाज को सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और मिट्टी बचाकर दादी-पोती को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। उपचार के लिए मुन्नी व सृष्टि को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चंदा कर बंदरों को पकड़वाने का उठाया बीड़ा

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार** :विकास खंड असमोली के गांव गुमसानी में बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान ग्रामीणों ने खुद ही उन्हें पकड़वाने का बीड़ा उठा लिया। बंदरों को पकड़ने का काम करने वाले व्यक्ति से बातचीत करने के बाद जिम्मेदार लोग चंदा इकट्ठा करने में जुट गए हैं। प्रत्येक घर से 200 रुपये इकट्ठा किए जा रहे हैं। 50 हजार रुपये चंदा जुटा लिया गया है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

गांव गुमसानी में उत्पाती बंदरों के आतंक से छुटकारा पाने के लिए कई दिनों से कवायद चल रही थी। ग्रामीणों ने रविवार को रहटौल मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर रितिक राजपूत और प्रधान पुत्र एवं प्रतिनिधि राहुल कुमार के साथ गांव में बैठक कर बंदरों को पकड़वाने मुद्दा उठाया। बैठक में तय हुआ कि



बंदरों को पकड़वाने के लिए चंदा इकट्ठा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

▶▶ गांव गुमसानी में प्रत्येक घर से लिए गए 200 रुपये, एक दिन में ही 50 हजार रुपये जमा हुए

गांव में बंदरों को पकड़वाने के लिए प्रत्येक घर से 200 रुपये चंदा इकट्ठा किया जाए। चंदा देने के लिए किसी भी ग्रामीण पर कोई जबरदस्ती नहीं की जाएगी। कोई भी अपनी इच्छा से चंदा दे सकता है। जिसके बाद प्रधान प्रतिनिधि राहुल ने बंदरों को पकड़ने का काम करने वाले व्यक्ति से बात की।

राहुल कुमार ने बताया कि व्यक्ति ने पांच सौ बंदर पकड़ने पर प्रति बंदर 300 रुपये और एक हजार बंदर पकड़ने पर प्रति बंदर 200 रुपये की मांग रखी है। जिसके बाद ठाकुर रितिक राजपूत, प्रधान प्रतिनिधि राहुल कुमार, राजकुमार, रविंद्र सिंह, धीरज सिंह, कुलदीप, मोनू, समरपाल, राजीव राघव ने गांव में घरों और बाजार में दुकानों पर जाकर लोगों से चंदा इकट्ठा करने का काम शुरू कर दिया। कई लोगों ने कैश नहीं होने पर ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर किए। करीब 50 हजार रुपये चंदा जुटा लिया गया।

# भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार** : गीता सत्संग भवन में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली कर भजन कीर्तन किया।

कलश यात्रा में पीले वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश उठा कर चल रही थीं। वहीं कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेर कर भक्ति का माहौल बना रही थी।

कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंच कर संपन्न हुई। जहां वेद मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कर भागवत कथा का आरंभ किया गया।

कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री रामायणी ने परम कल्याणमयी भागवत कथा का महात्म्य का वर्णन किया। कहा कि कलियुग में मानव कल्याण सुनिश्चित करने



चन्दौसी में भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

▶▶ पंडित वीरेश रामायणी करेंगे कथा का वाचन

के लिए भागवत कथाओं के श्रवण के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

अतः हम सभी को सांसारिक आपाधापी में से कुछ समय हरि नाम की चर्चा में अवश्य व्यतीत करना चाहिए। इस दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। जयकारे भी गूंजे। भक्ति का माहौल बन गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी, रमेश अधीर, अनूप अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, जयशंकर दुबे, कृष्ण कुमार रस्तोगी, सपना समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

# गांव में घूम रहे सांड़ पर भाले से किए प्रहार

**बिसौली, अमृत विचार** :कोतवाली बिसौली क्षेत्र का एक और मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने भाला घोंपकर सांड़ को मार दिया। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सांप, चूहे, कुत्ते, बंदर आदि को मारने पर पहले भी रिपोर्ट होती रही हैं। शनिवार को बिसौली क्षेत्र के गांव सिचौली निवासी महेश पुत्र राम सिंह ने तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके गांव में सांड़ घूमता था। शनिवार शाम लगभग सवा छह बजे गांव निवासी बंगाली पुत्र झंडू ने सांड़ पर भाला से प्रहार करते हुए दौड़ाया। ग्रामीण ने घटना देखी। कुछ समय के बाद सांड़ ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने गड्ढा खुदवाकर सांड़ को दफन कर दिया। पुलिस ने आरोपी बंगाली के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम और जानवर की हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। जिसके बाद से आरोपी भाग गया है।

# अपहरण के बाद युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▶▶ निर्माणाधीन मकान में मिला लापता ई-रिक्शा चालक का शव, चार को ई-रिक्शा लेकर गया था सत्यवीर, हो गया था लापता

**अमृत विचार** : चार फरवरी को लापता हुए ई-रिक्शा चालक को शव निर्माणाधीन मकान में मिला। उसके अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दिए बिना शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने पर परिजन रोते-बिलखते पहुंचे। पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गला घोंटने से युवक की मौत होने की बात कही जा रही है। युवक की हत्या की बात कही जा रही है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी सत्यवीर उर्फ बंटू पुत्र कुंवरपाल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। चार फरवरी सुबह वह ई-रिक्शा लेकर सवारियां ढोने के लिए घर से निकले थे। जिसके बाद घर नहीं लौटे। परिजनों ने शाम तक तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। अगले दिन तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके सत्यवीर की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस शुरू से ही मामले को हल्के में ले रही थी। पुलिस ने मुजरिया चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इसमें वह ई-रिक्शा में एक व्यक्ति को बैठाकर सहसवान की ओर जाते नजर आए। जिसके बाद न तो पुलिस ने कॉल डिटेल खंगाली और न ही लोकेश ट्रेस की। परिजन और ग्रामीण सात फरवरी को थाना मुजरिया पहुंचे। पुलिस पर मामले की अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।



पदक जीत कर आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते लोग। ● अमृत विचार

# ताइक्वांड व जूडो में पदक विजेताओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मंडलीय मिनी क्रीडा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता गजरौला में आयोजित की गई। जिसमें संभल जिले से नगर क्षेत्र चन्दौसी के सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल कंपोजिट विद्यालय के विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो में चार स्वर्ण पदक और जूडो में दो रजत पदक जीते। इस आधार पर उनका राज्य स्तर पर चयन हुआ है।

इन बच्चों को सुरेश कुमार जिला ताइक्वांडो सचिव द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर के द्वारा किया जा रहा है। उनके लौटने पर सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल में स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाध्यापिका दुर्गा टंडन ने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यालय खेलों की दुनिया में अपने स्वर्णिम भविष्य को प्राप्त करेगा। अब बेसिक के बच्चे भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराएंगे। राज्य स्तर पर प्रतियोगिता 15 से 17 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

क्रिकेट टूर्नामेंट — सरस्वती इंटर कॉलेज को मिला वाकओवर

# सरदार सिंह इंटर कॉलेज पहुंचा सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** चन्दौसी इंटर कॉलेज (सीआईसी) में क्रिकेट टूर्नामेंट हो रहा है। रविवार को दूसरे दिन की शुरुआत अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व कोआर्डीनेटर सतीश प्रेमी ने की। पहला मैच सरस्वती इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी व हिंद इंटर कॉलेज संभल के बीच होना था। मगर हिंद इंटर कॉलेज की टीम के नहीं पहुंचने पर सरस्वती इंटर कॉलेज को वाकओवर दे दिया गया। जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंच गई।

दूसरा मैच सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व राजेश कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें राजेश सरस्वती की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए। जबकि नरौली के गेंदबाज शौर्य ने 5, अंश ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरौली की टीम ने अंतिम गेंद पर छक्के के साथ 123 रनों का लक्ष्य पूरा कर मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। शौर्य ने नाबाद 54, अंश राघव ने 22 बनाए। मैन आफ द मैच का पुरस्कार शौर्य को संगीतज्ञ प्रवीण मिश्र द्वारा दिया गया। अंपायरिंग राजू बनर्जी व बंटी राणा ने की। स्कोरर की भूमिका मनीष दिवाकर व राघवेंद्र ने निभाई। कमेंट्री कमल शर्मा, अनुभव ने की। टूर्नामेंट रेफरी अश्वनी शर्मा, संजीव कुमार रहे। सोमवार को पहला सेमीफाइनल सीआईसी व सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व दूसरा सेमीफाइनल सरस्वती इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी व एफआर इंटर कॉलेज के बीच खेला जाएगा। इस दौरान प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, प्रमोद वाल्मीकि, ओमप्रकाश राव, द्वारिका प्रसाद, ज्ञान प्रकाश वाल्मीकि, नंदू, कपिल देव, कपिल गोस्वामी आदि रहे।



मैत्रीय मैच में ट्रॉफी के साथ विजेता चेयरमैन क्लब की टीम। ● अमृत विचार

### चेयरमैन क्लब ने एक रन से जीता मैच

चन्दौसी, अमृत विचार : मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में रविवार को मीडिया क्रिकेट क्लब व चन्दौसी चेयरमैन क्लब के बीच मैत्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें टॉस जीतकर चेयरमैन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 122 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया क्रिकेट क्लब की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 121 रन ही बना सकी। रोमांचक मैच में मीडिया क्रिकेट क्लब को 11 रन की आवश्यकता थी। मगर दस रन ही बना सकी। जिससे चेयरमैन क्लब ने एक रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मीडिया क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी दक्ष शर्मा को नाबाद 69 रन बनाने पर दिया गया।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई अपने भाई से कभी द्वेष नहीं करें, बहन अपनी बहन से द्वेष नहीं करें, समान गति से एक दूसरे का आदर-सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम के मायने

पाकिस्तान में अंततः रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए। अंतिम परिणामों ने लोगों को चौंका दिया है। किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिलीं हैं। पाकिस्तान की असल कमान हमेशा सेना के हाथ में रही है। पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां की सत्ता पर आधे से अधिक समय सेना का कब्जा रहा है। सत्ता में जो भी रहा वह सेना का मोहरा बनकर ही रहा। सेना समय-समय पर अपने फायदे के लिहाज से राजनीतिक मोहरे चुनती आई है। पिछले चुनाव में वह इमरान खान के पीछे खड़ी थी और तब इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बनने में सफल भी हुए। फिर इमरान के साथ अनबन हुई तो विरोधी दलों को एक मंच पर लाकर सेना ने उनकी गठबंधन सरकार गठित करा दी। चुनाव नतीजे संकेत कर रहे हैं कि देश पर सेना की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इस बार भी चुनाव में सेना ने खेल खेला फिर भी अपने इरादों मे सफल नहीं हो सकी। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सेना को नवाज शरीफ का समर्थन करते हुए देखा गया था। परंतु अब जनता सेना के राजनीतिक हस्तक्षेप और पारंपरिक राजनीतिक दलों के रवैये से निराश हो चुकी है। जनता में सेना का डर कम हो गया है। वह अपने पड़ोस में भारत को तरक्की करते हुए और विश्व की एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होते देख रही है। कई विश्लेषक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा में यह कहते हैं कि वह अपने देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

इस समय पाकिस्तान कई समस्याओं से जूझ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसका असर अन्य मोर्चों पर भी पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि तालिबान भी उसे आंखें दिखा रहा है। ईरान ने तो कुछ दिन पहले एक प्रकार का हवाई हमला कर दिया। ऐसे में सरकार किसी की भी बने परंतु उसके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। भारत चाहेगा कि वहां स्थायी सरकार बने। पाकिस्तान को यदि मौजूदा चुनौतियों से निपटना है तो उन सुधारों का सूत्रपात करना होगा, जो उसे आवश्यक स्थायित्व एवं संतुलन प्रदान करने की ओर ले जाएं।

# पानी की समस्या से जूझता बुंदेलखंड



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

बुंदेलखंड में एक कहावत है कि 'एक टक सूप -सवा टक मटकी, आग लगे रुखमा ददरी, भौरा तेरा पानी ग़ज़ब करी जाए, गगरी न फूटे, चाहै खसम मर जाय"। अर्थात इस क्षेत्र में पानी इतना दुर्लभ या महत्वपूर्ण है कि महिलाएं बड़ी मुश्किल से मीलों पैदल चलकर पानी भरी गगरी सिर पर रखकर लाती है। ऐसे में महिलाएं आपस में कहती हैं कि कुछ भी हो जाए लेकिन पानी भरी गगरी ना फूटे, भले ही उसका पति मर जाए परंतु पानी बचा रहे। जाहिर है इस क्षेत्र में महिलाएं पानी को अपने खसम यानि पति से भी ज्यादा मूल्यवान समझती हैं, जो उनके परिवार का आधार है। यह बुंदेलखंड में जल संकट के संबंध में बड़ी गंभीरता से सोचने को विवश करता है। यहां गर्मियों में कुएं, तालाब, हैण्डपंप इत्यादि सभी पेयजल स्रोतों का जलस्तर नीचे चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में 55 लीटर पानी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार यहां प्रति व्यक्ति प्रति दिन केवल 29 लीटर पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जो अनुशंसित न्यूनतम मात्रा का लगभग आधा है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के ज्यादातर पुरुष दैनिक मजदूरी या खेतिहर मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं या काम की तलाश में दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों की ओर चले जाते हैं। शेष परिवार महिलाओं के भरोसे रह जाता है जिन्हें इस पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। खाना पकाना, पानी पीना, सफाई करना और कपड़े धोना और यहां तक भैंसों या जानवरों को नहलाने के लिए भी पानी उन्हें ही लाना पड़ता है। अनुमान है कि चित्रकूट जनपद के मानिकपुर क्षेत्र में, जिसे पाठा क्षेत्र भी कहते हैं, लगभग सत्तर प्रतिशत महिलाएं पानी की किल्लत से प्रभावित हैं। पाठा क्षेत्र में लगभग साठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिन गांवों में कोई अपनी बेटियों की शादी नहीं करना चाहता है। कोई भला कैसे चाहेगा कि उनकी बेटियां ऐसे दुष्कर जगहों में जाए।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था। केवल बरसात के महीनों में ही यहां की भूमि संतृप्त हो पाती थी। चन्देल राजाओं ने राज्य की पहाड़ी, पठारी, जंगली, पथरीली, ढालू, रांकड़ भूमि के विकास की योजना सुनिश्चित कर बरसाती धरातलीय जल नीची ढालू भूमि पर, पहाड़ों, टौरियों की पटारों में, खंदकों, खंदियों, दर्रों में, पत्थर मिट्टी के लंबे, चौड़े, ऊंचे सुदृढ़ बांध बनवाकर तालाबों में वर्षा जल को संचित करना शुरू किया। चंदेलों के बाद बुंदेलों ,गौंड़ों ,मराठों और अंग्रेजों ने इस जल अभाव ग्रस्त बुन्देलखंड क्षेत्र में कुल मिलाकर 4000 से अधिक तालाबों का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे लोग यहां स्थायी बसने लगे थे। चंदेल राजाओं ने तो गुफा मंदिरों में भी जल कुंड कटवा दिए थे। ऐसे गुफा मंदिरों में पहाड़ों का जल धीरे-धीरे निरंतर झिरता हुआ गुफा कुंडों को भरता रहता रहा है, जिसका उपयोग लोग आदिकाल से करते रहे हैं। इस कारण से यहां मवेशियों, वन्य प्राणियों एवं मनुष्यों को गर्मी की ऋतु में भी जलाभाव नहीं होता था। परन्तु स्वतंत्रता पश्चात अनियंत्रित विकास,निरंतर जनसंख्या वृद्धि पश्चात पानी का खर्च तो बढ़ गया परंतु संरक्षण, संचयन और वर्षा घटती चली गई। भूवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो बुन्देलखंड में भूमि के अन्दर ग्रेनाइट पत्थर की चट्टानें चादर की तरह अथवा आड़ी-तिरछी खड़ी-बिछी पड़ी हुई हैं, जिनमें भूगर्भीय जलस्रोत होते ही नहीं हैं। जल भराव के दबाव में पानी बाहर निकल जाता है और तालाब पानी से खाली हो जाते हैं। असल में पथरीली, पहाड़ी, ढालू भूमि, जल प्रबंधन के लिए कुओं एवं तालाबों के निर्माण तक ही उपयुक्त है, न कि बोरवेल खनन के लिए। बोरवेल 100 से 500 फुट गहराई तक खोदे जा रहे हैं, जिससे धरती के ऊपरी तल का पानी गहरे बोरवेलों में जा पहुंचता है। पठारी नदियों में हर साल बारिश के मौसम में इलाके की छोटी बड़ी नदियां उफान पर आ जाती है। इसका जल संचयन बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते बुंदेलखंड में वर्षा की मात्रा में कमी आ रही है। सन् 2013 से 2018 के बीच, इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अनियंत्रित एवं अवैध खनन के चलते वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाने वाले रास्ते बाधित हो जाते हैं। पथरीली भूमि के कारण बारिश का पानी बह जाता है और भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। वर्ष 2008 की सामरा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 'क्षेत्र में अर्ध-शुष्क जलवायु की स्थिति के कारण कम वर्षा सतही जल उपलब्धता को प्रभावित करती है और कठोर चट्टानी भू-भाग भूजल उपलब्धता को सीमित करता है। बुंदेलखंड क्षेत्र को 18वीं-19वीं शताब्दी मे प्रत्येक 16 वर्ष में बार-बार सूखे का सामना करना पड़ा था, जो 1968 से 1992 की अवधि के दौरान लगभग तीन गुना बढ़ गया है। हालांकि चित्रकूट जनपद के पाठा इलाके में वर्ष 1973 में पाठा पेयजल परियोजना शुरू की गई थी जिसके तहत यहां पानी की टंकियां बनवाई गईं और लोगों को पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया गया था लेकिन जल संकट बरकरार रहा। योजना आयोग की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2009-10 से भारत सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज को लागू करना शुरू किया था। इस पैकेज का उद्देश्य सिंचाई, पेयजल, कृषि, पशुपालन, वन, आजीविका के साधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कर पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करना था। जल-संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंक एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवैल, चेकडैम का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए हैं। बुंदेलखंड पैकेज के तहत उत्तर प्रदेश को साल 2009 से 2019 के बीच तीन चरणों में 3107.87 करोड़ रुपये दिए गए। इसके लगभग 66 प्रतिशत का उपयोग पानी के संकट के समाधान के लिए किया गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश में करीब 92 करोड़ रुपये खर्च कर 2725 हैंडपंप लगाए गए और 12 पाइप योजनाओं के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट को लागू किया गया था। भूजल का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से यहां स्पेशल बुंदेलखंड पैकेज और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए चेकडैम और खेतों में तालाब बनाए गए लेकिन तालाब निर्माण से पूर्व भूजल स्तर, मृदा परीक्षण आदि नहीं किए जाने और वर्षा कम होने के कारण तालाब सूखे रह गए। चेकडैम जल्द टूट जाने से नदियों में गाद भर गया और पानी रुक नहीं पाता है। जून 2020 में 'हर घर जल' योजना प्रारंभ कर बुंदेलखंड के हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। यह योजना केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का हिस्सा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की "हर घर नल और हर नल में जल" योजनासे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी जा रही है। बुंदेलखंड के अधिकतर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी जानी है। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन की वृहद कार्ययोजना को तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के जल संकट को हल करने के लिए इज़राइल सरकार के साथ समझौता किया है।

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है। बुंदेलखंड में कृषि सिंचाई का लगभग 65 प्रतिशत भूजल से किया जा रहा है। अल्प पानी वाले इन क्षेत्रों में दलहन- तिलहन, ज्वार बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में यहां ज्यादा पानी की खपत वाले फसल धान और गेंहू की बुवाई बढ़ गई है। तालाबों में जल संचयन के साथ साथ भूजल रिचार्ज करना ही बेहतर उपाय है। खेती में जल संरक्षण के लिए ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर सिंचाई बेहतर विकल्प है।

## व्यंग्य

# बाबू होता है चुंबक



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बाबू वो सम्मान जनक पद है जिस पर प्रायः लड़कियां ही विराजती हैं। बाबू होता है चुंबक। और लड़कों में लौह तत्व की प्रधानता पाई जाती है। ऐसे में किसी कन्या को बाबू मान लेने भर से लड़के ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसी मनोदशा को प्राप्त होते है। दिमाग़ वन वे ट्रैफ़िक हो जाता है। बाबू ने क्या खाया? क्या पहना? कहां है? किससे मिला? क्यों मिला? मुझसे कब मिलेगा? जैसे विचारों से ही संचालित होता है वो। वो बस बाबू के बारे मे सोचता है, और कुछ सोच ही नहीं सकता। सोचता है तो बाबू को पता चल जाता है। बाबू बुरा मान जाता है ऐसे में और फिर बाबू को राजी करना बहुत महंगा सौदा होता है।

भक्त को हमेशा घुटनों पर होना होता है अपने। बाबू क्या करता है ऐसे में? बाबू मजे लेता है उसके। वीआईपी जैसा बर्ताव करता है। चार लोगों के बीच पहचानता ही नहीं उसे। और पहचानता भी है तो औपचारिक हो जाता है। बाबू होना मंत्री पद की शपथ ले लेना है। वो बस वायदे करता है, लंबी-लंबी छोड़ता है और मुद्दे को टालता है। लड़के उससे निरीह जनता की तरह पेश आते है और उम्मीदों पर टिके रहते है।

बाबू भगवान होता है और ऐसे में सामने वाली पार्टी को भक्त होना पड़ता है। भक्त से बस श्रद्धा और सब्र की अपेक्षा की जाती है। भगवान के दरवाज़े पर जाते वक्त दिमाग़ दरवाज़े पर छोड़कर जाना पड़ता है भक्त को। भीड़ के बीच भक्त की आंखें मिल भी जाएं भगवान से, तब भी वो तटस्थ भाव से देखता है उसे। आप को बस अंदाज़ा लगाना पड़ता है कि वो आपसे राजी है और आप पर कृपा करने की सोच रहा है।

भगवान कब दर्शन देगें? इस जन्म में देगें कि नहीं ये भगवान की मर्ज़ी है? पर भक्त को पूरी निष्ठा से मंदिर की घंटी बजाना ही होता है। प्रसाद ले जाना भी ज़रूरी है वरना भगवान बुरा मान सकता है। बाबू के रिश्तेदार उसकी अम्मा, उसके बिगडेल भाई सब पुजारी की भूमिका में होते हैं। ये ध्यान रखते हैं कि भक्त उन्हें अनदेखा तक सीधे भगवान तक पहुंच ना बना ले। बाबू राज़ी ही तभी होता है जब आप उसके इन रिश्तेदारों को साध लें। उनसे व्यवहार बनाए बिना बाबू तक पहुंचना मुश्किल ही होता है ऐसे में भक्त का निरीह पर्स उधड़ जाता है। कुपोषण का शिकार होता है वो और बहुत बार मर ही जाता है। गरीब भक्तों से भगवान अनमने होते हैं और अमीर भक्तों को वीआईपी दर्शन दे बैठने में संकोच नहीं करते।

बाबू तमाम सवालों से परे होता है। तानाशाह टाईप की चीज। आप चाहें तो उससे सवाल पूछ लें पर जवाब देना या ना देना उसकी मर्ज़ी पर निर्भर है। पर यदि बाबू आपसे कुछ जानना चाहें तो उसे फ़ौरन जवाब चाहिए होता है। बाबू, बाबू होते ही अफ़सर हो जाता है। एक विशिष्ट बोध है बाबू होना। उसका रथ ज़मीन से एक हाथ ऊपर चलता है। बाबू होना अंग्रेज हो जाना है जिसे सामने वाला काला गुलाम लगता है। बाबू हमेशा शासक की भूमिका में होता है जो ना सुनना ही नहीं चाहता। वो बस मन की बात करता है। यदि आप अपने बाबू को खोना नहीं चाहते तो आपको हमेशा सुनना और हां कहना सीखना ही होता है।

बाबू की एक ख़ासियत यह भी कि वो अहसान नहीं मानता। आप जो भी करते हैं वो आपका कर्तव्य और उसका अधिकार होता है। वो आपके हर काम में नुक्ता चीनी कर सकता है। और आप चूं भी नहीं कर सकते। उसे खुश कर पाना आमतौर पर नामुमकिन होता है। मिसाल के लिए आप अपनी गरदन भी काट कर उसे पेश करें तो वो इस बात पर अनमना हो सकता है कि गरदन सलीके से नहीं काटी गई है और दो इंच नीचे से काटी जाती तो बेहतर होता।

लड़कों को आमतौर पर बाबू होने का मौक़ा मिलता नहीं। लड़कों का बाबू होना हैली पुच्छल तारे के निकलने जैसी अनहोनी है। पर बहुत से लड़के इस मामले में स्पेशल क़िस्मत लिखवा कर पैदा होते हैं। एक बार बाबू का पद हासिल करते ही वो भी वही सब करते हैं जो बाबू को शोभा देता है। हालांकि बाबू हुए लड़के ज्यादा उदार होते हैं। उन्हें राज़ी करना अपेक्षाकृत सरल होता है। कैसे राज़ी किया जा सकता है उन्हें इस बाबत यहां लिखना मुनासिब नहीं।

बाबू इंतज़ार नहीं करता। जो इंतज़ार करता है वो बाबू नहीं होता। बाबू भाव खाता है वो आपका वक्त और दिमाग़ी सुकून खा सकता है। बाबू बात नहीं मानता, वह बात मनवाता है अपनी। आप केवल इसी सूत्र से अपने संबंधों की जांच पड़ताल कर सकते हैं कि आप बाबू है या भक्तों की गिनती में हैं। पता कर लें तो मुझे भी बताइएगा।

# कोचिंग संस्थान लील रहे युवाओं का जीवन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है।

भारत युवाओं का देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को सबसे युवा देश माना है। देश की कुल आबादी में से तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष आयु और 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष आयु तक के नागरिकों की है। देश के इन भावी कर्णाधारों को कुशल नागरिक बनाने की गरज से शिक्षा, कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बढ़ते वैश्वीकरण और निजीकरण के दौर में कॅरियर और 'सैलेरी पैकेज' जैसे शब्द भी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं में जुड़ गए हैं।

एक शिक्षित युवा अपने कॅरियर के माध्यम से स्वयं एवं परिवार की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति तथा परिवार, समाज और देश के विकास में अपने योगदान की उत्कृष्ट भूमिका देखना चाहता है। इस लक्ष्य के साथ ही उसके जीवन में परिश्रम और संघर्ष का दौर शुरू हो जाता है। लक्ष्य पाने के लिए युवाओं के अंदर समर्पण, परिश्रम और संघर्ष संतुलित रूप में तो वांछनीय हैं, लेकिन महत्वाकांक्षाओं का अतिरेक अगर जीवन को ही लीलने लगे तो वह अभिशाप बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से युवाओं के बीच कॅरियर, पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं, अकेलेपन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की बेतहाशा फीस एवं घरेलू आर्थिक दबाव के कारण हो रही आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं इसी कटु यथार्थ को उजागर करती हैं। वैसे तो युवा कॅरियर आकांक्षियों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं देश के तकरीबन सभी स्थानों पर देखी जा रही हैं, लेकिन राजस्थान के कोटा के साथ ये ख़ास तौर अधिक जुड़ी हुई हैं। बीते वर्ष इस कोचिंग के गढ़ में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 26 मामले प्रकाश में आए थे, जोकि एक साल में सबसे अधिक मामले हैं। कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है। वहां कुकुरमुत्ते की तरह उग आए तकरीबन सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहा जाए तो कोटा में कोचिंग व्यवसाय के कारखाने खुल गए हैं। देश के तकरीबन हर प्रांत, खास तौर पर उत्तरी भारत के हज़ारों युवा अपनी और परिवार की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की आस में इन इंस्टीट्यूट्स के जाल में फंस कर कोचिंग की पढ़ायी करने के लिए प्रवेश लेते हैं।

एडमिशन लेते समय तो उनके अंदर काफी उत्साह होता है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई एवं मोटी फीस आदि खर्चों का बोझ बढ़ता है, उन्हें हताशा और कई तरह के दबाव घेरने लगते हैं। होता यह है कि अधिकांश कोचिंग इंस्टीट्यूट्स विद्यार्थियों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए कई विद्यार्थियों के निर्धन या मध्यम परिवारों को न केवल कर्ज़ लेना पड़ता है, बल्कि कई स्थितियों में जमीन जायदाद भी बेचनी पड़ती है। यह दोहरा बोझ विद्यार्थियों के मन को लगातार कांटे की तरह चुभता रहता है। वे कड़ी मेहनत करते हुए किसी भी हाल में स्वयं और परिवार के अरमानों को पूरा करने के संघर्ष में जूझते रहते हैं और बार-बार परीक्षाओं में बैठने के प्रयास करते हैं। यह बहुआयमी दबाव उन्हें तनाव से भर देता है, और सफलता नहीं मिल पाने पर इस तनाव की परिणति कई बार आत्महत्या के रूप में होती है।

माता-पिता इस तथ्य को समझ नहीं पाते कि हर विद्यार्थी बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। अगर वे स्वयं उच्च पदों पर नहीं रहे हों तो इस अधूरी महत्वाकांक्षा की पूर्ति की अपेक्षा बच्चों से करने लगते हैं। कई परिवार कोचिंग में अधिक व्यय और सफल नहीं हो पाने के लिए बच्चों को ताने देने से भी गुरेज नहीं करते। उन्हें समझना होगा कि घर से दूर रात दिन सफलता के लिए जूझ रहे बच्चों में से सभी को सफलता मिल ही जाए, यह ज़रूरी नहीं है।

इधर केंद्र सरकार ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की है, उसमें बेतहाशा फीस वसूलने पर पंजीकरण निरस्त किए जाने की चेतावनी दी है। विद्यार्थियों को भी समझना होगा कि जीवन अमूल्य है, महत्वकांक्षाएं और कॅरियर उसके बाद है। एक रास्ता बंद हो जाने का यह अर्थ नहीं कि आगे बढ़ने के लिए दूसरे दरवाज़े नहीं हैं। अपनी बौद्धिक एवं पारिवरिक क्षमता को परखते हुए महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करना होगा। याद रहे, जिंदगी है तो संसार है, और संसार है तो कॅरियर के रास्तों की भी कमी नहीं।

## सोशल फोरम

# प्राण प्रतिष्ठा



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सनातन धर्म की मान्यता अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आइए देंखे की सिख धर्म, जिसे अक्सर सनातन की ही शाखा कहा जाता है, इस संबंध में क्या कहता है। सिखों के पहले गुरु नानक जी द्वारा लिखित जपुजी साहिब के मूल मंतर में बहुत स्पष्ट रूप से ईश्वर के बारे में बताया गया है। गुरु नानक के बाद आये नौ अन्य गुरुओं ने भी ईश्वर की इसी कल्पना के आधार पर अपने विचारों को आगे रखा है। ईश्वर की ये कल्पना पूरे सिख धर्म की आधारशिला है। मेरा यहां किसी धर्म की किसी मान्यता से कोई विरोध नहीं। मेरा मकसद सिर्फ सिख धर्म के अनुसार ईश्वर की कल्पना को सामने रखना है। सिख धर्म के मूल मंत्र का हिंदी अनुवाद। मूलमंतर-'इक ओंकार, सतनाम, करता पुरुख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजुनी सैभंग, गुरु प्रशाद, जप आदि सच, जुगादि सच, नानक होसी भी सच।'

अनुवाद- 'ईश्वर एक है, वही सत्य है, वही इस सृष्टि का रचयिता यानी सब कुछ करने वाला है। ईश्वर भय से रहित है, किसी से बैर रखने वाला नहीं, ईश्वर राग द्वेष से दूर है। ईश्वर काल से परे है यानी ईश्वर अविनाशी है। उसका अस्तित्व सदैव बना रहता है। ईश्वर किसी योनि को धारण नहीं करता यानी ईश्वर जन्म मरण के चक्र से परे है। ईश्वर स्वयंभू है यानी वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। ये बात आदि काल में भी सही थी, आज भी सही है और भविष्य में भी सही होंगी।' 'थापिया न जाई कीता न होई। आपे आप निरंजन सोई।।' ईश्वर की इसी कल्पना को आगे थोड़ा और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं कि ईश्वर को मूर्त रूप में स्थापित नहीं किया जा सकता है और न ही उसे बनाया जा सकता है। वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। इस पाउडी के अंत में गुरु की महिमा बखान करते हुए कहते हैं कि गुरु के शब्द ही वेद हैं, गुरु ही शिव है, गुरु ही ब्रह्मा है और गुरु ही पारबती माई है। इस गुरु ने ही एक बात समझाई है कि इस संसार में समस्त प्राणी जगत का एक ही परमात्मा है। सबके भीतर एक, सबका मालिक एक, सबका साहिब एक। बस इसका विस्मरण न हो।

**-फेसबुक वॉल से**

# ना जाने कहां खो गया हमारा वो सुकून



शाश्वत तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

सिनेमा हॉल में देखिए, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जाएगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म ख़त्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे। ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुंचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोर्मेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गई तो गाडी फंस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहां चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते। हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुंचने की कुव्वत रखता है। 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं भगवान डिटेल्स में है लेकिन भगवान को भी कहां पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि सोशल मीडिया पर वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पाएं। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की 'वांका' पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पाएं तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? ज़रा सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अंबार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाए हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुंचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की ज़रूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। हमारे पास वक्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफ़ा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिए और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की ज़रूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जाएंगे। बन क्या जाएंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है। कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

# पुलिस सुधार



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में, 22 सितंबर 2006 को पुलिस सुधार के संबंध में ऐतिहासिक महत्व का फैसला दिया था। इस आदेश के कार्यकारी बिंदू निम्नलिखित हैं: राज्य सुरक्षा आयोग का गठन।, पुलिस महानिदेशक का चयन एवं न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल। आईजी जोन, डीआईजी. रेंज, जिला पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित करना।, शांति व्यवस्था एवं अपराध विवेचना को अलग-अलग करना। पुलिस स्थापना बोर्डों का गठन।, पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग का गठन।

फैसले को आए हुए 17 साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सिर्फ पुलिस महानिदेशक के कार्यकाल एवं नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में कुछ राज्य कार्यवाही कर रहे हैं और वह भी आधी अधूरी। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी चल रहा है परंतु राज्य और केंद्र सरकार कोई परवाह नहीं कर रहे।

दरअसल सरकारों और नौकरशाही को नाजायज काम करवाने के लिए पुलिस पर पूरा शिकंजा चाहिए। पुलिस सुधर गई तो सरकार और नौकरशाही की गुंडागर्दी कैसे चलेगी? विरोधियों को ग़लत आरोप लगाकर जेल भेजना और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की दबंगई एवं गुंडागर्दी को संरक्षण कैसे होगा? नौकरशाही अपनी सनक में डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाधिकारियो, पत्रकारों और अन्य किसी को पुलिस से कैसे पकड़वाएंगे? याद रहे कि नौकरशाही थानाध्यक्षों को सीधे जुबानी हुक्म देती है और थानाध्यक्ष अपने स्तर से फर्जी मामला बनाता है। जनता अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से पुलिस सुधार के लिए नहीं कहती। नेता वोट के अलावा किसी और बात से चिंतित नहीं होते हैं।

## एक नजर

### व्यापारी के काउंटर से चोरी करने वालों को पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना पुलिस ने व्यापारी की दुकान के काउंटर से मोबाइल व रुपये चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरोगा हरेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में देवापुर के मोनू पुत्र जसवंत और हरिबाबू पुत्र हरिशंकर लाल हैं। इनके पास से पीड़ित का मोबाइल और पर्स, आधार कार्ड की छायाप्रति व 400 रुपये भी बरामद हुए हैं। दरोगा ने बताया कि इस मामले में शनिवार को ही कटघर पचपेड़ा निवासी नरेश कुमार पुत्र रामचन्द्र ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि था कि उनकी दुकान के काउंटर से मोबाइल व रुपये चोरी हो गए हैं।

### आर्ट और हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी आयोजित

मुरादाबाद, अमृत विचार : रविवार को सिविल लाइंस स्थित विल्सोनिया कालेज में एसएसईएलएफ की ओर से आर्ट और हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी व कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. बबिता गुप्ता, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, पद्मश्री दिलशाद हुसैन शामिल रहे। नि:शुल्क व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की छात्राओं ने फैशन शो भी आयोजित किया। इस मौके पर निधि गुप्ता, डॉ. नीतू रस्तोगी, गरिमा सिंह, संगीता रेविस, कपिल सोटी, श्वेता संतराम, आशीष संतराम, अविश रेविस, अनिल कांत, ज्योतिका सिंह, शिल्पा गुप्ता शामिल रहे।

### जीआरपी ने मोबाइल चोरी करने का आरोपी पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार : राजकीय रेलवे पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में गाजियाबाद के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मुरादाबाद और गाजियाबाद जीआरपी थाना में चार मामले दर्ज हैं। रविवार को थाना प्रभारी राजन शर्मा और टीम ने आरोपी शाकिर अल्वी पुत्र लियाकत निवासी मकान नंबर- 250 सोनी मुस्तफाबाद चांद मस्जिद के पास थाना लोनी को पकड़ लिया। आरोपी को प्लेटफार्म संख्या 4/5 से गिरफ्तार कर लिया गया।

### पार्क में गंदगी से परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के हनुमान नगर वार्ड 29 के केजी मैदान के पास पार्क में गंदगी व्याप्त है। जिससे आसपास के लोग परेशान है। यहां रहने वाले मुनेश कुमार, हरीश चौहान, महेंद्र सिंह, केपी सिंह, घनश्याम सिंह मुनिदेव शर्मा ने बताया कि हर कोई घर के आगे पार्क होना पसंद करता है, लेकिन यहां के हालात विपरीत हैं। कॉलोनी के लोग पार्क में गंदगी से परेशान हैं। गंदगी करने वालों को समझाने का प्रयास किया तो वह झगड़ा करने लगते हैं। पार्षद राहुल देव वरुण ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

# मंडी प्रशासन के झूठे वादों से सब्जी आढ़ती परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडल की नवीन फल सब्जी मंडी के जीर्णोद्धार का कार्य कई सालों से लटका है। आढ़तियों ने भी कई बार मंडी कायाकल्प के लिए मंडी परिसर में धरने प्रदर्शन किए हैं। उस वक्त प्रस्ताव बनाकर जल्द ही कार्य शुरू करने का आश्वासन देकर मंडी प्रशासन ने धरने को खत्म करा दिया। सालों से मंडी की टूटी सड़कें जर्जर हालत में दुकान और बिना प्रकाश व्यवस्था के पोल मंडी प्रशासन की सक्रियता बयां कर रहे हैं।

सन् 1980 में लाइनपार स्थित नवीन फल सब्जी मंडी का निर्माण कराया गया था। उसके बाद से मंडी में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। जिससे मंडी की दुकानें गिरने की हालत में आ गई हैं। दुकानों की छतों की जर्जर हालत होने के कारण बारिश का पानी दुकानों के अंदर भरने की समस्या से आढ़ती पिछले कई सालों से परेशान हैं। रात में आढ़तियों की दुकानों में चोरी की घटनाएं घट चुकी है। सड़कों और नालियों के टूटे होने के कारण मंडी परिसर में खाली पड़े मैदान में जलभराव की स्थिति बनी रही है। जिसके लिए कई बार आढ़तियों को धरने पर बैठना पड़ा है।

लेकिन उस वक्त मंडी प्रशासन झूठे और खोखले दावे और वादों के दम आढ़तियों को धरने से उठने में कामयाब होता रहा है। लेकिन समस्या जस की तस है। मंडी सभापति एसडीएम विनय कुमार ने बताया कि मंडी की समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

**समस्या**

- कई वर्षों से लटका है जीर्णोद्धार का कार्य, दुकानें जर्जर हालत में

### यूपीएससी, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां उपलब्ध किताबों से पढ़ते हैं छात्र

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक बना राजकीय पुस्तकालय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जीवन में शिक्षा सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा इंसान की जिंदगी की सफलता की सीढ़ी है। केंद्र व प्रदेश सरकार भी शिक्षा को बढ़ावा देने की लगातार कोशिश कर रही है। पढ़ेगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया के इस संदेश को साकार करने में महानगर का राजकीय जिला पुस्तकालय अहम भूमिका निभा रहा है। यहां 300 रुपये शुल्क देकर आजीवन यूपीएससी के अलावा छात्र- छात्राएं सिविल सर्विसेज, बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।

राजकीय लाइब्रेरी की स्थापना 1985 में की गई थी। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले विद्यार्थी महंगी किताबों को न खरीद पाने से तैयारी नहीं कर पाते हैं। जिससे वह यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने से हिचकते हैं। लेकिन, यूपीएससी, स्टेट सर्विसेज, बैंकिंग और अन्य परीक्षा पास करने के लिए महंगी कोचिंग लेने और महंगी किताबों के चलते कदम पीछे खींचने की जरूरत नहीं है। राजकीय लाइब्रेरी में उपलब्ध किताबों के ज्ञान से भविष्य की राह को मजबूत किया जा सकता है। इस लाइब्रेरी में साहित्य, इतिहास, धार्मिक और अन्य प्रतियोगी किताबें भी उपलब्ध हैं। सरकारी लाइब्रेरी से छात्र-छात्राओं को सहयोग मिलने से उनके आत्मविश्वास को बल मिल रहा है और वह भविष्य में नई इबारत लिखने के लिए तैयार हो रहे हैं।

यह लाइब्रेरी महानगर के कचहरी रोड स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी के कंपाउंड में स्थित है। जहां छात्र-छात्राएं आकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। एसएससी की तैयारी कर रही छात्रा प्रिया जोशी ने बताया कि इस लाइब्रेरी में उनके अलावा यूपीएससी, पीपीएस और बैंकिंग के अलावा कई विषयों के विद्यार्थी यहां आकर तैयारी करते हैं। बताया कि यहां से पहले एक प्राइवेट लाइब्रेरी में डेमो लिया था। लेकिन यहां वातावरण और सुविधा बेहतर है।

बैंकिंग की तैयारी कर रही छात्रा महिमा गुप्ता ने बताया कि राजकीय लाइब्रेरी में लड़कियों के लिए सुरक्षा के लिहाज से भी अच्छी जगह है। यहां विद्यार्थी अनुशासित रहते हैं और सभी विद्यार्थियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। जिससे वह सिर्फ और सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। बताया कि वह यहां पर रोज आठ घंटे तैयारी करती हैं।



राजकीय पुस्तकालय में पढ़ाई करते छात्र। ● अमृत विचार

- सिर्फ 300 रुपये में आजीवन हो जाता है रजिस्ट्रेशन, निशुल्क होती है पढ़ाई
- पुस्तकालय में उपलब्ध हैं साहित्य, इतिहास, धार्मिक और अन्य प्रतियोगी पुस्तकें

"पुस्तकालय में यूपीएससी समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारियां करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। इस पुस्तकालय में प्रवेश के लिए 300 रुपये शुल्क देना पड़ता है। जो आजीवन के लिए मान्य है।

-डॉ. अरुण कुमार दुबे, डीआईओएस

# लोगों को बीमार कर रही सड़कों की धूल

### सड़कों की खोदाई से महानगरवासी धूल फांकने को मजबूर, जिम्मेदार भी मौन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शहर की पॉश कालोनियों के लोग काफी परेशान हैं। इसकी वजह सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कें है। खोदी हुई सड़कों की मिट्टी और धूल फांकने से लोग लगातार बीमार हो रहे हैं। लोगों को घरों से बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

महानगर की दीनदयाल नगर, रामगंगा विहार और आशियाना कालोनी में सीवर लाइन के लिए खोदाई कर छोड़ी गई सड़कों की मिट्टी और धूल लोग महीनों से फांकने को मजबूर हैं। सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। इतना ही नहीं खराब सड़कों से दिनभर उड़ती धूल महानगर के लोगों को बीमार कर रही है।

दूसरी ओर टीडीआई सिटी की ओर जाने वाली सड़क पर गहरे गड्ढों से रात के समय हादसे हो रहे हैं। साई मंदिर वाली रोड पूरी तरह खोदकर छोड़ दी हुई है, यहां दिन भर धूल उड़ती रहती है। काफी समय से इन कालोनियों के लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही हैं। धूल मिट्टी से बीमारियां बढ़ने का डर है।



रामगंगा विहार में सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क। ● अमृत विचार

**वाहनों पर जम रही धूल**

सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों से आशियाना कालोनी, रामगंगा विहार, दीनदयाल नगर में दिनभर धूल उड़ती रहती है। वाहनों पर धूल की परत जम जाती है। लोगों का कहना है वाहनों के साथ-साथ हमारे मकान के दरवाजे और खिड़कियां भी धूल से भर जाती हैं।



"धूल के चलते अस्थमा और सांस के मरीजों को काफी दिक्कतें होती हैं। इससे नाक और गले में संक्रमण फैल रहा है। नजला से भी लोग परेशान हैं। इससे बचाव के लिए मास्क लगाना पड़ रहा है।

-डॉ. सीपी सिंह, जनरल फिजिशियन

**समस्या**

- दीनदयाल नगर, रामगंगा विहार और आशियाना कालोनी में सीवर लाइन बिछाने को खोदी गई सड़कें



"दीनदयाल नगर में टूटी सड़कों के कारण पूरा दिन धूल उड़ती रहती है। साईं मंदिर रोड पर पुलिया टूटी है। कब ठीक होगी, कुछ नहीं पता। जबकि कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है।

-प्रदीप सक्सेना, दीनदयाल नगर



"महीनों पहले खोदी गई सड़कों को अभी तक नहीं बनवाया गया। सड़कों के गड्ढों से आए दिन बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। जिम्मेदारों को चाहिए कि वह सड़कों का निर्माण जल्द कराएं।

-मनोज कुमार, साईं मंदिर रोड

### जानलेवा हमले में आरोपी पिता-पुत्र भेजे गए जेल

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र के वीरपुर वरियार उर्फ खरक गांव में शनिवार दोपहर हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी काफी सक्रिय दिखी। गेहूं की खेत में एक पक्ष पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपी पिता-पुत्र रविवार को जेल भेज दिए गए हैं। इनमें मुराद उर्फ मुल्ला व उसका बेटा अनीस है।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि अभियुक्त एक राय होकर अपने हाथ में फावड़े व लाठी-डंडे लेकर पीड़ित पक्ष के अमीर हुसैन के खेत पर आकर उससे व उनके बेटे इशरत अली के साथ गाली-गलौच की थी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और फावड़े से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया था। अभियुक्त पिता-पुत्र को दरोगा ध्यानपाल सिंह, हेड कांस्टेबल सुमीत राठी व राजीव कुमार और कांस्टेबल शुभम तोमर एवं वैभव पवार ने गिरफ्तार किया है। अमीर हुसैन ने बताया कि वह अपने खेत के पड़ोसी मुराद उर्फ मुल्ला से समझौते के लिए ही खेत में बेटे के साथ गए थे। मुराद ने अपने खेत में पापलर के पौधे लगाने को गड्ढे खोदे थे। इनके कहने पर ही अमीर के बेटों ने भी अपने खेत की मेड़ के पास गड्ढे खोदे थे।

# नौ करोड़ के बाद भी अधर में नर्सरियों का कायाकल्प कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 4.5 करोड़ रुपये की कार्यदायी संस्था से वसूली करेगा उद्यान विभाग, अनुबंध निरस्त

**अमृत विचार:** जिले में 25 साल पहले बंद हो गई उद्यान विभाग की चार नर्सरियों का कायाकल्प कार्य अटक गया है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने के कारण जिला उद्यान अधिकारी ने फर्म के साथ हुए अनुबंध को निरस्त कर दिया है। कार्यदायी संस्था को 4.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका था। अब जिला उद्यान अधिकारी ने अनुबंध निरस्त कर निदेशालय को नए तरीके से अनुबंध करने और पुरानी संस्था से साढ़े चार करोड़ की वसूली के लिए पत्र लिखा है।

ठाकुरद्वारा ब्लॉक के गांव रोंडा-झोंड़ा और फत्तेहउल्लागंज व पंड़ितपुर गांव में स्थित चार नर्सरी 25 साल पहले किन्ही कारणों से बंद हो गई थी। एक वर्ष पहले इन नर्सरियों को फिर से शुरू कर इनके कायाकल्प का कार्य शुरू हुआ था। रोंड़ा गांव में 1380 वर्ग मीटर की नर्सरी के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ और 1.42 करोड़ रुपये का बजट मार्च 2023 में कार्य करने वाली संस्था को विभाग द्वारा दे दिया गया। वहीं झोंडा गांव की नर्सरी के लिए स्वीकृत 3.85 करोड़ में से 1.52 करोड़ रुपये अप्रैल में दिया जा चुका है। गांव फत्तेहउल्लागंज की नर्सरी के लिए स्वीकृत 1. 89 करोड़ में से 94. 88 लाख व पंडितपुर गांव की नर्सरी के लिए स्वीकृत 1.67 करोड़ में से 83. 58 लाख रुपये का भुगतान जून में कर दिया गया था।

जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने बताया कि कार्य के दौरान निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य में लगाई जा रही घटिया सामग्री के लिए संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस दिया गया था। जिसके बाद 31 जनवरी को मौके पर निरीक्षण के दौरान संस्था के श्रमिक वही सामग्री लगाते मिले। जिसे मना किया गया था। इसके चलते संस्था को कार्य बंद करने के नोटिस के बाद निदेशालय को संस्था का अनुबंध निरस्त करने के लिए पत्र लिखा था। जिस पर निदेशालय ने 7 फरवरी को अनुबंध निरस्त कर दिया है। अब तक कार्य में साढ़े चार करोड़ की धनराशि संस्था को दी गई थी। उसकी वसूली व दूसरी संस्था से अनुबंध कर कार्य को आगे बढ़ने के लिए निदेशालय से पत्राचार किया गया है।



यातायात नियमों की खिल्ली उड़ाती यह तस्वीर कांठ रोड की है। जहां एक माल वाहक वाहन में सामान लाद कर लोग कुछ इस तरह से बैठ कर जाते दिखाई दिए। ऐसे में यदि कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। ● अमृत विचार

# लूट में विफल होने पर अंडा व्यापारी को गोली मारने वाले तीन पकड़े

**150** सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की पुलिस ने की जांच

**33** दिन बाद अंडा व्यापारी पर हुए हमले का खुलासा

**05** दिसंबर को महिला बैंककर्मी का भी छीना था बैग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ढक्का बिजलीघर के सामने अंडा व्यापारी से लूट की घटना में असफल होने पर उसे गोली मारने वाले तीन अभियुक्तों को रविवार को मझोला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें राजा उर्फ सतेन्द्र चौहान, गौरव उर्फ डॉन साहब और कलुआ उर्फ नितिन हैं। सभी लाकड़ी के रहने वाले हैं। अभियुक्तों के पास से तीन तमंचे, पांच कारतूस और एक बाइक (यूपी-21-सीआर-7837) बरामद की है।

पुलिस ने इनकी पहचान को कई मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में 150 से अधिक फुटेज की जांच की है। घटना के खुलासे के बाद पुलिस ने पुलिस लाइन सभागार में अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश किया। इस दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वह नशा करने के आदी हैं। इसलिए रविवार को भी तीनों रहगीरों से लूटपाट को इकट्ठा हुए थे। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार हुए तीनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने 9 जनवरी को अंडे के व्यापारी हरि सिंह से रुपये लूटने गए थे, जहां विरोध पर पर व्यापारी को गोली मार दी थी। गौरव और कलुआ ने ही 5 दिसंबर 2023 को मनोहरपुर रोड पर एक महिला का बैग छीने थे।



पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

### बैंक कर्मी से उचक्कों ने छीना था बैग

सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि पांच दिसंबर 2023 की शाम को बैंक कर्मी अनीता कुमारी के साथ हुई छिनैती में यही तीनों शातिर अभियुक्त शामिल थे। इस मामले में 6 दिसंबर को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा लाइनपार मछरिया भवन विकास नगर के प्रबंधक दीपक प्रताप सिंह की ओर से मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रेल विहार कॉलोनी से पहले ही बाइक सवार उचक्कों ने झपट्टा मारकर उनके बैग को छीन ले गए थे।

### सरकारी सेवा में थे अभियुक्त राजा व गौरव के पिता

मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि राजा उर्फ सतेंद्र चौहान के पिता डालचंद गौतम रेलवे से सेवानिवृत्त हैं। गौरव उर्फ डॉन साहब के पिता बलजीत सिंह न्यायालय में वरिष्ठ लिपिक पद से सेवानिवृत्त हैं। कलुआ उर्फ नितिन के परिवार वाले मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी नशे की लत के कारण अपराध करते हैं। वैसे राजा अभी 24 वर्ष का और गौरव 25 एवं कलुआ 26 वर्ष का हैं।

### आपराधिक इतिहास

एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त राजा उर्फ सतेद्र चौहान व कलुआ उर्फ नितिन पर मझोला थाने में तीन मामले दर्ज हैं, जबकि गौरव उर्फ डॉन साहब के विरुद्ध चार प्रकरण दर्ज हैं। इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई के साथ ही अपराध से अर्जित संपत्ति का भी पता लगाकर उसे जब्त किया जाएगा।

### कार्रवाई में शामिल रहे पुलिसकर्मी

तीनों शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई में मझोला थाने की टीम में दरोगा विनय कुमार, हेड कांस्टेबल मोहित, रविकांत व अशोक और कांस्टेबल सोनू व सौरभ नैन शामिल रहे हैं।

**सलाह** अभी से हल करना शुरू कर दें सैंपल पेपर, प्रश्न पत्र को खंड के अनुसार दें समय

# प्रबंधन से ही कर पाएंगे समय से पेपर हल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड और सीबीएसई की परीक्षाएं नजदीक हैं। कई बार विद्यार्थी परीक्षा में समय का सही इस्तेमाल करने से चूक जाते हैं। जिसका असर उनके अंकों पर पड़ता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय प्रबंधन से ही समय से पेपर हल कर सकते हैं। परीक्षा में समय का सही उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। समय प्रबंधन के लिए अभी से सैंपल पेपर हल करना शुरू कर दें। प्रश्न पत्र को खंड के अनुसार समय दें। इससे आप समय से प्रश्नपत्र हल कर सकेंगे और नंबर भी अच्छे मिलेंगे।

शिक्षक डॉ. हरनंदन प्रसाद ने बताया कि परीक्षा में अधिकतर समय अपने विषय पर ही केंद्रित रहें। जिस विषय की अच्छी तैयारी है उसे छोड़कर उन विषयों पर अधिक ध्यान केंद्रित करें जिसमें आप कमजोर महसूस कर रहे हैं। तैयारी के दौरान छोटी बातें भी बड़ा असर डालती हैं। परीक्षा में अंक अच्छे लाने की सोचने की बजाय अपना शत-प्रतिशत देने की सोचें। सभी विषयों का नियमित रिवीजन करें। सफलता जरूर मिलेगी।

**समय प्रबंधन भी है जरूरी**

इसके लिए छात्रों को सैंपल प्रश्न पत्रों को हल करना चाहिए, इससे उन्हें प्रश्न पत्रों के प्रारुप का ज्ञान होगा। साथ ही साथ समय प्रबंधन भी किया जा सकेगा। परीक्षा की तैयारी का एक पहलू मानसिक रूप से अपने आप को तैयार करना है। इसके लिए जरूरी है कि बिना किसी मानसिक दबाव के परीक्षा की तैयारी एक निश्चित योजना के अनुसार की जाए।

| तैयारी के लिए टिप्स |
|---|
| बार-बार लिखकर अभ्यास करें। |
| पर्याप्त नींद लें और खान-पान का ध्यान रखें। |
| एक ही बार में भारी भोजन से बचें। तीन-चार बार में हल्का भोजन करें। |
| लगातार पढ़ाई न करें, थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक लें। |
| इंटरनेट मीडिया, टीवी आदि का इस्तेमाल नहीं करें। |
| अब दिन-रात पढ़ाई नहीं करें। |
| आत्मविश्वास बनाए रखें। |
| महत्वपूर्ण टापिक पर दोस्तों से परामर्श करें। |
| अनावश्यक नोट्स और इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारियों से बचें। |

### पत्नी से कहासुनी पर युवक ने दी जान

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में पत्नी ने शराब पीने से मना किया तो युवक ने पत्नी से गाली गलौज की। फिर क्षुब्ध हो गया और जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

मृतक संजू (35) एसी, फ्रीज और वाशिंग मशीन का मैकेनिक था। वह पीतलनगरी सूरजनगर का रहने वाला था। परिवार में पत्नी रानी और एक बेटी है। छोटे भाई सत्य प्रकाश ने बताया कि संजू शराब पीता था। शनिवार को वह शराब पीकर घर आया तो पत्नी ने उसे शराब पीने से मना किया। इसी को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। थोड़ी देर बाद विवाद से क्षुब्ध होकर संजू ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। इस संबंध में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

# लूटकांड में सीसीटीवी भी दे गए दगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हृदयपुर गांव के दो घरों में हुई लूटपाट और दो भाइयों को गोली मारने के 22 दिन बीत गए हैं। अभी इस मामले में पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। वैसे कटघर थाना पुलिस ने बदमाशों के मामले में सुराग मिलने का दावा किया है। उम्मीद जताई है कि इस सप्ताह में वह आरोपितों को गिरफ्तार कर लेंगे और पूरे घटनाक्रम का राजफाश हो जाएगा।

पुलिस का कहना है कि हृदयपुर की घटना में चार अभियुक्तों की पुष्टि हुई है। पहचान में आए अपराधियों की तलाश में पुलिस संदिग्ध स्थलों पर दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों से यह भी पता चला है कि बदमाशों ने गांव में अबरार और रिजवान के घरों को लक्ष्य बनाकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस टीम में लगे कर्मियों का कहना है कि घटना की रात कोहरा अधिक था। इसलिए फुटेज में कुछ दिख नहीं रहा है। पुलिसकर्मियों ने बताया कि मछरिया से मुरादाबाद और मूंढापांडे के सुल्तानुपर गांव तक के मार्ग पर दोनों तरफ के लगे कैमरों की फुटेज जांची हैं। पंडित नगला पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार सिंह ने बताया कि हृदयपुर गांव में घटना करने वाले चार बदमाशों की पहचान हो गई है।

इनकी गिरफ्तारी के लिए वह लोग लगे हैं। उन्होंने बताया कि अबरार निर्धन है। इसके घर में बदमाश घुसे जरूर थे लेकिन, कुछ पाए नहीं थे। फिर रिजवान के घर में भी ये बदमाश लूटपाट करने में सफल नहीं हो सके थे। क्योंकि रिजवान व उसका भाई गुलफाम बदमाशों से भिड़ गए थे और उनके गोली भी लग गई थी। इसलिए लुटेरे बिना लूटपाट के ही भाग निकले थे।

**गुलफाम और रिजवान को लगी थी गोली**

20 जनवरी की रात हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने हृदयपुर में पहले लोडर वाहन चालक अबरार के घर से तमंचे के बल पर उनको और उनकी पत्नी-बेटी को बंधक बनाकर 10,000 रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवर लूट लिए थे। इसके बाद बदमाशों ने रिजवान के घर में धावा बोला था। इनके यहां सीढ़ी लगाकर घुसे बदमाशों ने पहले उसके भाई गुलफाम और शाहरुख को बंधक बनाया। फिर तमंचे के बल पर मारपीट करते हुए लूटपाट की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि लुटेरों ने उनके घर से 40,000 रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवर समेत करीब 2 .5 लाख रुपये का माल लूट लिया था। लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने रिजवान और गुलफाम को गोली मार दी थी। गुलफाम को जिला अस्पताल से एक दिन बाद छुट्टी मिल थी, लेकिन रिजवान कई दिन तक टीएमयू में भर्ती रहे।

## एक नजर

### एमए विषम सेमेस्टर की मौखिकी परीक्षा 16 से

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एमए विषम सेमेस्टर प्रथम और तृतीय की मौखिकी परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है। प्रथम सेमेस्टर की 16 फरवरी को हिंदी, 19 को अंग्रेजी, 21 को समाजशास्त्र, इतिहास, उर्दू, 22 को संस्कृति, 27 को दर्शनशास्त्र और 29 फरवरी को अर्थशास्त्र की परीक्षा होगी। वहीं तृतीय सेमेस्टर की 16 फरवी को हिंदी, 19 को अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, 20 को इतिहास, 22 को समाजशास्त्र, उर्दू, संस्कृत, 27 को दर्शनशास्त्र और 29 को राजनीति शास्त्र की परीक्षा होगी।

### ज्योत से ज्योत जगाते चलो कार्यक्रम में सम्मानित हुई मानवी

**हापुड़, अमृत विचार :** राष्ट्रकवि प्रदीप की जयंती पर भारत जोडो न्याय यात्रा के समर्थन में "ज्योत से ज्योत जगाते चलो सांस्कृतिक कार्यक्रम गाज़ियाबाद के हिन्दी भवन लोहिया नगर में 10 फरवरी को आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संचालित करने वाली टीम के कोऑर्डिनेटर प्रदेश सचिव विशाल वशिष्ठ को बनाया गया था। यही नहीं पश्चिमी उप्र के जिन वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उनको शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका चैयरमैन प्रत्याशी मानवी वर्मा को भी सम्मानित किया गया। प्रदेश सचिव ने बताया कि कांग्रेस के सांसद राहुल गाँधी की भारत जोडो न्याय यात्रा 14 फरवरी को चंदोली से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी।

### चित्रकला प्रतियोगिता में तुषार ने मारी बाजी

**हापुड़, अमृत विचार :** बाल विकास के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से सप्ताह में दूसरे दिन एसएस जूनियर हाईस्कूल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कर्णिका, भावना, गुनगुन आरुषि, नितिन, तुषार, माही, सिया, जतिन, अंजलि आदि ने भाग लिया। जिसमें तुषार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही समिति के संजय अग्रवाल, तरुण बंसल राजेंद्र सिंह राठी ने छात्रों को प्रतीक चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से डोली कर्दमवाल ने विद्यालय प्रधानाचार्य सुधा तोमर को आभार पर पत्र भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने नवोदय समिति द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का अवसर प्राप्त होता है और उनका मनोबल बढ़ता है कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, डोली, तरुण, डॉ0 योगेंद्र सिंह, मोहित सिंह, कृतिका कश्यप आदि ने सहयोग किया।

### पवन चौहान मिलेनियर कोर टीम के चेयरमैन

**हापुड़, अमृत विचार :** मेघनाथ सिसोदिया आईटीआई कॉलेज में मिशन हेल्थ इंडिया के अंतर्गत हापुड़ के सभी सीनियर लीडर्स की कोर मीटिंग का आयोजन नीरज पाल ने किया। इस कार्यक्रम में पवन चौहान को मिलेनियर कोर टीम का चेयरमैन बनाया गया और उन्हें उनके पद की जिमेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में डॉ0 अफजाल को जनरल सेक्रेट्री पीके चंदेल को मैनेजर, आरपी बाना को वाइस मैनेजर, श्रीपाल को वाइस चेयरमैन, राजेश प्रसाद को को-ऑर्डिनेटर, नीरज पाल को टीम ट्रेनर एवं होस्ट लीडर और सनी सैनी को नेशनल प्रमोटर, डॉ0 बलराम सिंह को टीम हैड और ट्रेनर बनाया गया। इस अवसर पर डॉ0 बलराम ने कहा कि आज हर बेरोजगारी से जूझ रहा है, आम आदमी को इलाज नहीं मिल पा रहा है।

वर्ष 2004 में बसपा से मिला था टिकट, वर्ष 1988-89 में हल्द्वानी नगर पालिका के चेयरमैन के चुनाव में मिली थी हार

# फरीदाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ा था बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अब्दुल मलिक अब्दुल्ला बिल्डिंग वाला का नाम बीती 9 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए दंगे के बाद सबकी जुबान पर है। पुलिस का दावा है कि अब्दुल मलिक दंगे का मास्टर माइंड है। अब्दुल मलिक का वैसे तो कोई गंभीर आपराधिक इतिहास नहीं है, लेकिन इनके मलिक का बगीचा की आग ने पूरे हल्द्वानी को दंगे की आग में झोंक दिया।

हल्द्वानी में बरेली रोड पर अब्दुल्ला बिल्डिंग है। यह बिल्डिंग सिर्फ बरेली रोड की ही लैंडमार्क नहीं, बल्कि एक प्रतिष्ठित परिवार की भी शान की पहचान है। यह बिल्डिंग अब्दुल्ला साहब के नाम से ही जानी जाती है। अब्दुल्ला साहब नगर पालिका के चेयरमैन के साथ ही शहर के मोअज्जिज व्यक्तियों में से एक थे। उनके एक भाई अब्दुल रज्जाक थे। उनके पांच बेटों में से एक अब्दुल मलिक है। पारिवारिक रसूख व बेहिसाब दौलत का अब्दुल मलिक का हमेशा फायदा मिला। इसी रसूख के चलते मलिक 1988-89 में नगर पालिका के चेयरमैन के लिए चुनाव लड़ा लेकिन हार गया। इसी चुनाव में पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. इंदिरा हृदयेश के पति हृदयेश भी मुकाबले में थे, लेकिन वह भी हार गए थे। नवीन तिवारी ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद मलिक ठेकेदारी में उतरा। वह रेलवे समेत कई सरकारी महकमो का ए श्रेणी का ठेकेदार है लेकिन उसकी राजनैतिक आकांक्षाएं कम नहीं हुई। हल्द्वानी में राजनैतिक जड़ें जमती नहीं देख मलिक ने बसपा के हाथी की सवारी के लिए अपनी राजनैतिक जमीन बदल दी। वह वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा के फरीदाबाद संसदीय सीट से चुनाव लड़ा। उसे 71,459 वोट मिले और वह हार गया।

**भाजपा में भी बताई जाती है पहुंच :** शहर के पुराने जानकारों का मानना है कि मलिक की सिर्फ कांग्रेस, बसपा में ही नहीं बल्कि भाजपा के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व में भी जबरदस्त पकड़ है। राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ नेता जब हल्द्वानी आए तो मलिक के घर पर ठहरे। इतना ही नहीं इन नेता के परिजन भी यहां ठहरते हैं। बताया जाता है कि दिल्ली में भाजपा मुख्यालय तक पकड़ बताई जाती है।

### ऐसे कंपनी बाग बन गया मलिक का बगीचा



राजनैतिक हार के बाद अब्दुल मलिक फिर से उत्तराखंड में सक्रिय हो गया। इसके बाद वह फिर से उत्तराखंड लौट आया और यहां अपना ठेकेदारी व अन्य कारोबार बढ़ाता गया। इसी कारोबार और पारिवारिक रसूख की आड़ में बढ़ता गया, लेकिन इसी के साथ लालच बढ़ता गया। जिस परिवार की प्रतिष्ठा की वजह से कंपनी बाग मिला था, मलिक की नजर उस सरकारी भूमि पर पड़ी। बगीचे की भूमि में प्लॉटिंग करना शुरू कर दिया। छोटे-छोटे प्लॉट को 50 रुपये के स्टांप पर लाखों रुपये में बेचा जाने लगा। इस तरह कंपनी बाग धीरे-धीरे मलिक का बगीचा बन गया। नगर निगम का दावा है कि कंपनी बाग की 2 एकड़ से अधिक भूमि का सौदा कर दिया गया। जब बची हुई 1 एकड़ भूमि को नगर निगम बचाने पहुंची तो मलिक ने धार्मिक भावनाएं भड़का कर दंगे की साजिश रच दी।



नगर निगम के अभिलेखों में मलिक का बगीचा नाम से कोई स्थान दर्ज नहीं है। उक्त स्थान कंपनी बाग के नाम से जाना जाता है। बाग की 2 एकड़ से अधिक भूमि का सौदा कर दिया गया। सिर्फ 1 एकड़ भूमि ही बची है। जहां मदरसा व मस्जिद बनाया गया था उक्त भूमि भी 800 वर्ग मीटर थी। **-पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी**

### नाम का था मदरसा और मस्जिद

मलिक का बगीचा में जो मदरसा व मस्जिद है, सिर्फ नाम की थी। बनभूलपुरा के ही कुछ बाशिंदों का कहना है कि यहां मलिक की धमक रहती थी। उसकी इजाजत के बिना कोई भूमिगत मस्जिद में नहीं जा सकता था। इबादत के लिए लोग अन्य मस्जिदों में जाते थे, यहां चैनल पर ताला लटका रहता था। बस इनकी आड़ में सरकारी जमीन कब्जाने की साजिश थी।

# दंगा करने वाले सबसे ज्यादा इंद्रानगर के निकले

## गिरफ्तारों में इंद्रानगर के 6 और नई बस्ती के 5, मिले अवैध असलहे, मुखानी थानाध्यक्ष का असलहा नहीं मिला



कोतवाली में प्रेस वार्ता करते एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, एसपी हरबंस सिंह, सीओ नितिन लोहनी व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में दंगा करने वालों में सबसे ज्यादा इंद्रानगर के लोग हैं। अभी तक गिरफ्तार किए गए 30 लोगों में से 6 इंद्रानगर के हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा दंगाई नई बस्ती के हैं। गिरफ्तार दंगाइयों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध असलहे, कारतूस और बनभूलपुरा थाने से लूटे गए असलहे बरामद किए हैं। जबकि पुलिस अभी तक मुखानी थानाध्यक्ष का लूटा गया सरकारी असलहा बरामद नही कर सकी है।

बता दें कि दंगे के मामले में पुलिस ने 19 नामजद और करीब 6 हजार अज्ञात दंगाइयों के खिलाफ बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना और नगर निगम की तहरीर पर कुल 3 मुकदमे दर्ज किए थे। इस मामले में 6 नामजद समेत कुल 30 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी। गिरफ्तार लोगों में सबसे अधिक इंद्रानगर के 6 दंगाई हैं। जिसमें मुजम्मिल पुत्र खलील निवासी वार्ड 31 इन्द्रानगर बनभूलपुरा, माजिद पुत्र मलिक निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा, शहजाद उर्फ कनकडा पुत्र दिलशाद निवासी इन्द्रानगर, अब्दुल माजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ठोकर पुराने चील घर के पास, मो. निजाम पुत्र असलम निवासी इन्द्रानगर और वार्ड 21 इंद्रानगर लाइन नंबर 14 बनभूलपुरा निवासी निर्वतमान पार्षद जिशान परवेज पुत्र स्व. जलील अहमद हैं।

जबकि नई बस्ती के 5 दंगाइयों में जिशान पुत्र हाफिज शकील अहमद निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास बनभूलपुरा, गुलजार अहमद पुत्र सरदार अहमद निवासी गोपाल मन्दिर नई बस्ती बनभूलपुरा, रईस अहमद पुत्र अब्दुल हमीद नि0 उपरोक्त, मों फरीद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त और जावेद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त। पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों के पास से बनभूलपुरा थाने से लूटे 99 कारतूस के अलावा आरोपियों से 7 तमंचे और 54 कारतूस बरामद किए हैं।

### ये दंगाई हुए गिरफ्तार

● जुनैद पुत्र असलम निवासी लाईन नंबर17 बनभूलपुरा के कब्जे से 1 तमन्चा, 12 कारतूस। ● मो. निजाम पुत्र असलम निवासी इन्द्रानगर के कब्जे से 1 तमंचा, 8 कारतूस। ● महबूब उर्फ माकू पुत्र मुख्तार अहमद निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा के कब्जे से 1 तमंचा, 6 कारतूस। ● शहजाद उर्फ कनकडा पुत्र दिलशाद निवासी इन्द्रानगर के कब्जे से 1 तमंचा, 10 कारतूस। ● अब्दुल माजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ठोकर पुराने चील घर के पास। ● शाजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी उपरोक्त। ● मो. नईम पुत्र मो. फईम निवासी उपरोक्त। ● शाहनवाज पुत्र जुम्मा निवासी नैनीताल पब्लिक स्कूल के सामने छोटी रोड बनभूलपुरा के कब्जे से 1 तमंचा और 7 कारतूस। ● शकीर अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मोहम्मदी चौक के पास, पप्पू का बगीचा, सकलानी वाली गली। ● इशरार अली पुत्र अजगर अली निवासी उपरोक्त। ● शानू उर्फ राजा पुत्र मो. याकूब निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा। ● रईस उर्फ बिट्टू पुत्र अनीस अहमद निवासी स्प्रिंग फील्ड स्कूल के पास किदवई नगर बनभूलपुरा। ● गुलजार अहमद पुत्र सरदार अहमद निवासी गोपाल मन्दिर नई बस्ती बनभूलपुरा। ● रईस अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त। ● मो. फरीद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त के कब्जे से 1 तमंचा, 5 कारतूस। ● जावेद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त के कब्जे से 1 तमंचा, 6 कारतूस। ● मो. साद पुत्र रईश अहमद निवासी नई बस्ती बनभूलपुरा। ● मो. तसलीम पुत्र मो. हनीफ निवासी नई बस्ती ताज मस्जिद के पास सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान बनभूलपुरा। ● अहमद हसन पुत्र मेहन्दी हसन निवासी मलिका का बगीचा बनभूलपुरा। ● शाहरूख पुत्र महबूब निवासी उपरोक्त। ● अरजना पुत्र इरफान निवासी उपरोक्त। ● रिहान पुत्र अशफाक निवासी पानी की टंकी के पास, मलिक का बगीचा उपरोक्त। ● जिशान पुत्र हाफिज शकील अहमद निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास बनभूलपुरा। ● मुजम्मिल पुत्र खलील निवासी वार्ड नंबर 31 इन्द्रानगर बनभूलपुरा। ● माजिद पुत्र मलिक निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा।

# रोके नहीं जाते तो काफी आगे बढ़ जाते दंगाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे पुलिस जांच आगे बढ़ रही है, दंगाइयों की पूरी योजना सामने आ रही है। दंगाइयों ने हजारों की भीड़ इकट्ठा कर ली थी। वो समझ चुके थे कि मलिक का बगीचा में उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त फोर्स नहीं है। इसलिए निगम की कार्रवाई के बाद वे शहर के बाकी हिस्सों में अराजकता फैलाने की योजना बना रहे थे। हालांकि वह अपनी योजना में कामयाब नहीं हो पाए।

पुलिस जांच में प्रारंभिक तौर पर ही सामने आया है कि करीब 6 हजार लोग दंगा करने में शामिल थे। माना जा रहा है कि जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, दंगाइयों की संख्या में और बढ़ोत्तरी होगी। सभी दंगाइयों ने पूरा जोर मलिक का बगीचा की तरफ पथराव करने, पेट्रोल बम और पत्थर फेंकने में लगा दिया। उनको लग रहा था कि सरकारी अमला दंगे के भय से बिना कार्रवाई के ही चला जाएगा, लेकिन कार्रवाई चलती रही। जब दंगाइयों को पता चला कि अब टीम वापस जा रही है तो उन पर जानलेवा हमले किए गए।

जब पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की टीम के साथ पत्रकार वहां से चले गए तो दंगाइयों ने अपना रुख शहर की ओर किया। पहले वे गांधीनगर के रास्ते से शहर में घुसने की कोशिश करने लगे लेकिन वहां गांधीनगर के लोगों ने दंगाइयों का जमकर विरोध किया। इससे वे आगे नहीं बढ़ पाए। साथ ही गांधीनगर में ही पुलिस ने भी मोर्चा ले लिया।

उधर दंगाइयों के दूसरे गुट ने बनभूलपुरा थाने का रुख किया और उसे फूंक दिया। इसके बाद वह छतरी चौराहा के रास्ते वह शहर में जाने का प्रयास करने लगे, लेकिन यहां फोर्स ने दंगाइयों को रोक दिया।

सूत्रों से पता चल रहा है कि दंगाइयों की योजना थी कि पहले मुख्य बाजार में अराजकता फैलाई जाए। बाद में नैनीताल और बरेली रोड को पार करके आगे बढ़ा जाए। हालांकि समय रहते फोर्स ने स्थिति को संभाल लिया। यदि फोर्स हालात पर काबू नहीं पाती तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी।

### साजिश

▶▶ गांधीनगर में लोगों ने और छतरी चौराहा पर फोर्स ने रोक लिया रास्ता, वरना शहर के कई हिस्से भी हो सकते थे दंगे की चपेट में

# जब 200 घरों में लग गया ताला तब पुलिस ने घेरा बनभूलपुरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा के अधिकांश घरों में ताला लग चुका है। लोग गृहस्थी के सारा सामान छोड़कर फरार हो चुके हैं। रिपोर्ट है कि सिर्फ मलिक का बगीचा और आस-पास रहने वाले 200 से अधिक परिवार बनभूलपुरा छोड़कर नैनीताल जिले की सीमा से पार कर चुके हैं। पुलिस को जब इसकी भनक लगी तब पुलिस ने दंगे के बाद से खुले पड़े रेलवे ट्रैक की ओर पहरा बैठाया।

8 फरवरी को दंगे के बाद पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया।



मलिक के बगीचे में घरों में लटके ताले।

तीसरे दिन शहर से कर्फ्यू हटाया, लेकिन बनभूलपुरा में पाबंदियां जारी रहीं।

लोग बाहर न जा सकें, इसलिए पुलिस ने बनभूलपुरा के सीमाओं पर पुलिस तैनात कर दी। आवागमन पूरी तरह बाधित था, लेकिन पुलिस गौला बाईपास की ओर पहरा लगाना भूल गई। गौलापुल से तीनपानी तिराहे तक फैले बनभूलपुरा इलाका सभी ओर से घिरा होने के बावजूद इस तरफ खुला रह गया। दंगे की रात ही कई दंगाई इसी रास्ते फरार हो गए। अगले दिन से जब पुलिस ने बनभूलपुरा में घुस कर सर्च अभियान चलाया तो भगदड़ मच गई। पुलिस का सबसे बड़ा सर्च अभियान मलिक का बगीचा और आसपास चला। जिसके बाद लोग सारा सामान घर में छोड़ ताला लगाकर परिवार के साथ फरार हो गए। माना जा रहा है कि दो सौ से अधिक घरों में ताला लग चुका है।

# कब्जा बनाए रखने को खड़ा कर दिया अवैध मदरसा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मलिक का बगीचा में सरकारी जमीन पर बनाया गया मदरसा पूरी तरह से अवैध था। मदरसा शिक्षा विभाग में पंजीकृत ही नहीं है। साफ पता चलता है कि अब्दुल मलिक ने जमीन को अवैध तरीके से कब्जाने के लिए मदरसा बनाया था। साथ ही यहां नमाज स्थल होने का भी दावा किया जा रहा था।

धार्मिक इमारतें खड़ी कर भू-माफिया सरकारी जमीन कब्जाने का तरीका अपनाते हैं। अब्दुल मलिक के कब्जे में दशकों से मलिक का बगीचा था। इस बगीचे पर उनका कब्जा बना रहे, इसलिए अब्दुल मलिक और उसके परिवार के लोगों ने जमीन के एक हिस्से पर अवैध मदरसा बना दिया। शिक्षा विभाग में मदरसे का पंजीकरण नहीं कराया था। मदरसे के साथ ही भूमिगत नमाज स्थल भी बना दिया गया। इन तरीकों से उसने आसपास के लोगों की धार्मिक भावनाओं को इससे जोड़ दिया। इसका फायदा वह लगातार उठा रहा था। इसकी ही आड़ में उसने एक बार फिर से जमीन को खुर्द-बुर्द करना शुरू कर दिया। अब्दुल मलिक और उसके भाई के बीच में साल 2007 में संपत्ति को लेकर विवाद हुआ। इसकी जांच करने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीम जब इस जगह पर पहुंची गई। इसके बाद मामले का खुलासा होने लगा। तब पता चला कि बहुत पहले से ही यहां मदरसा बनाया जा चुका है। उसके बाद अब्दुल मलिक भी लगातार स्थानीय लोगों की भावनाओं का इस्तेमाल करता रहा। इसकी परिणति में आठ फरवरी को प्रशासन की कार्रवाई के दौरान हिंसा और आगजनी हो गई।

मलिक का बगीचा में बना मदरसा कहीं भी पंजीकृत नहीं था। वह पूरी तरह से अवैध था। **-हरेंद्र मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी, हल्द्वानी**

### सरकारी जमीन बेचने की होने वाली थी जांच

**हल्द्वानी :** नगर निगम और प्रशासन ने जब मलिक का बगीचा में जमीनों की वैधता की जांच की तो पता चला कि लोगों को 50 रुपये के 50 स्टांप पर जमीन बेची गई है। इसके एवज में लाखों रुपये वसूले गए। जमीन का कब्जेदार अब्दुल मलिक और उसके परिवार के लोग सरकारी जमीन को अवैध तरीके से बेचते रहे और करोड़ों के वारे-न्यारे करते रहे। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय और सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को जब जमीन बेचने से जुड़े 50 रुपये के स्टांप मिले तो उन्होंने जमीन खरीदने वालों से कहा कि वह उस व्यक्ति का नाम बताएं, जिन्होंने सरकारी जमीन बेची है। हालांकि उस दौरान तो किसी ने भू-माफिया अब्दुल मलिक के भय के चलते नाम नहीं खोला लेकिन अब्दुल मलिक समझ गया कि प्रशासन अब घर-घर जाकर जमीनों की वैधता की जांच करेगा और हर जगह 50 रुपये के स्टांप वाली कहानी सामने आएगी। उस समय इस बात तैयारी हो गई थी कि इस मामले की जांच की जाए। इससे अब्दुल मलिक फंस रहा था क्योंकि प्रशासन ने कहा था कि जिस व्यक्ति ने आम लोगों को सरकारी जमीन बेचकर रुपये कमाए हैं, लोगों के रुपये की वसूली भी उससे ही की जाएगी। मलिक का बगीचा में रहने वाले लोगों का गुस्सा अब्दुल मलिक पर भड़के, इससे पहले ही उसने लोगों के अंदर मदरसा और नमाजस्थल के नाम पर धार्मिक जहर भर दिया, जिससे वह बच जाए हालांकि ऐसा हो नहीं पाया।

अनुत्तरित प्रश्न

भीड़ इकट्ठी कर प्रदर्शन करने से नहीं रोका, अब तीखे बयानों और निषेधाज्ञा तोड़ने के मामले में भी कार्रवाई नहीं

# सवालों से भरी है मौलाना तौकीर पर प्रशासन की नरमी की कहानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ जोगीनवादा कांवड़यात्रा प्रकरण से की जा रही है प्रशासन की भूमिका की तुलना

▶▶ अफसरों की सफाई- मौलाना के खिलाफ हमारी तैयारी पूरी अनुमति का इंतजार

**अमृत विचार :** तीखे बयानों और प्रशासन की मनाही के बावजूद जेल भरो आंदोलन के लिए हजारों की भीड़ इकट्ठी कर तनाव का माहौल पैदा करने के बावजूद मौलाना तौकीर रजा खां पर प्रशासन इतनी नरमी क्यों दिखाई और क्यों अब तक दिखा रहा है, इस पर सवाल उठ रहे हैं। तौकीर के इस प्रदर्शन की तुलना कुछ ही महीने पहले जोगीनवादा में विवादित रास्ते पर कांवड़यात्रा निकालने की कोशिश से भी की जा रही है, जब प्रशासन ने आरएसएस और भाजपा के कई बड़े नेताओं की पैरवी को भी नजरंदाज कर सख्त कार्रवाई की थी।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा शुक्रवार को अपने प्रदर्शन के बाद एक बार फिर एक समुदाय के लिए नायक और दूसरे समुदाय के लिए खलनायक बनकर उभरे हैं। गैरसियासी बताए गए उनके प्रदर्शन के चुनावी माहौल में यही सियासी मायने बताए जा रहे हैं। मौलाना का यह प्रदर्शन अपने पीछे कई और ऐसे सवाल छोड़ गया है, फिलहाल जिनका जवाब प्रशासन और पुलिस के अफसरों के पास भी नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जोगीनवादा मामले की तुलना में मौलाना तौकीर के प्रदर्शन पर इतनी नरमी क्यों दिखाई गई, वह भी तब जब शहर में निषेधाज्ञा लगी हुई है।

जुलाई 2023 में जोगीनवादा में जबरन कांवड़यात्रा निकालने की कोशिश पर प्रशासन ने लाठीचार्ज किया था। इसके बाद तमाम कांवड़ियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। कांवड़यात्रा समिति के लोग इसके बाद कई सोमवार तक कांवड़यात्रा निकालने की कोशिश करते रहे। भाजपा के राजेश अग्रवाल और केशव प्रसाद मौर्य जैसे बड़े नेताओं ने भी कांवड़यात्रा न निकलने देने पर नाराजगी जताई लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की सख्ती बरकरार रही।

इसके उलट मौलाना तौकीर के प्रदर्शन पर प्रशासन की सख्ती शुरू से आखिर तक नहीं दिखाई दी। प्रदर्शन से पहले प्रशासन की ओर से कई बार चेतावनी जरूर जारी की गईं। शहर में धारा 144 लागू होने का हवाला देने के साथ 31 प्वाइंट पर बैरिकेडिंग कर 14 सौ पुलिसकर्मियों की फौज तैनात करने का दावा किया, लेकिन इसके बाद भी प्रदर्शन के लिए हजारों की भीड़ भी जुटी और प्रदर्शन भी हुआ। मौलाना ने एसपी देहात से तू-तड़ाक की भाषा में बात कर गैरभाजपा शासन के अपने पुराने तेवर दिखाए, उसे भी नजरंदाज कर दिया गया। पुलिस-प्रशासन के अफसर अब सिर्फ इतना कह रहे हैं कि उनकी तैयारी पूरी है।

### मोदी-योगी के लिए अपशब्द भी नजर अंदाज, शहजिल के खिलाफ चला था बुलडोजर

मौलाना तौकीर ने प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें भी नजरंदाज कर दिया गया। लोगों को सपा विधायक शहजिल इस्लाम याद आ रहे हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था तो बुलडोजर से पीछा छुड़ाना मुश्किल हो गया था। इस कार्रवाई से शहजिल इस्लाम इस कदर दहशत में आ गए थे कि काफी समय तक उन्होंने सपा से ही दूरी बनाए रखी थी। इस बार मौलाना के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ तीखे बयान टीवी मीडिया के जरिए देश भर में प्रसारित हुए लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। सुब्हानी मियां से मुलाकात का रहस्य : प्रदर्शन से पहले दरगाह आला हजरत के प्रमुख सुब्हानी मियां का मौलाना तौकीर से मिलने उनके घर पहुंचना भी रहस्यमय माना जा रहा है।

### भड़काऊ पर्चे छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस की है तलाश

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी की ओर से मौलाना तौकीर के प्रदर्शन से पहले जो भड़काऊ पर्चे बांटे गए थे, पुलिस उन्हें छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस की तलाश कर रही है। पर्चे बांटने वाले छह लोगों को भी चिह्नित कर लिए जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि अब तक एफआईआर में न किसी का नाम शामिल किया गया है, न किसी की गिरफ्तारी की गई है।

मौलाना तौकीर की ओर से पिछले रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के खिलाफ जेल भरो का एलान किया गया था। इसमें भीड़ जुटाने के लिए बरेली से उत्तराखंड तक पर्चे भी बांटे गए थे। इन पर्चों में भड़काऊ सामग्री होने के कारण पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज मौलाना तौकीर समेत 30 लोगों को नोटिस जारी किए थे।

# मृतक के परिजनों को 13.69 लाख रुपये भुगतान के आदेश

संवाददाता, काशीपुर

▶▶ ट्रैक्टर की टक्कर से हुई थी ई-रिक्शा चालक की मौत

**अमृत विचार:** द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीपुर रितेश कुमार श्रीवास्तव ने सड़क दुर्घटना में मृतक टेंट हाउस स्वामी ऋषिपाल सिंह के परिजनों को 13.69 लाख रुपये का भुगतान करने के आदेश दिये है।

बता दें कि 03 जुलाई 2022 को ग्राम मंडवाखेड़ा मंझरा जसपुर निवासी ऋषिपात सिंह शाम को अपनी ई-रिक्शा से ग्राम पतरामपुर से अपनी टेंट की दुकान बंद करके अपने घर ग्राम मंडवाखेड़ा मंझरा को आ रहे थे। तभी ग्राम निजामगढ़ के कब्रिस्तान के पास पहुंचे विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर संख्या यूके 18 सी/1063 ने ऋषिपाल सिंह की ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। जिससे ऋषिपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें जसपुर स्थित एक नर्सिंग होम ले गये। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मृतक ऋषिपाल सिंह के पिता और प्रसाद ने थाना जसपुर में दर्ज कराई। मामले में मृतक ऋषिपाल सिंह की पत्नी पूनम देवी ने अपने अधिवक्ता कैलाश चंद्र प्रजापति एडवोकेट के माध्यम से मुआवजे का वाद जिला जज उधमसिंह नगर की अदालत में दाखिल किया था। जिसे बाद में सुनवाई के लिए द्वितीय अपर जिला जज काशीपुर रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में भेजा गया।

### अप्रैल में खत्म हो रहा है उत्तर प्रदेश के कोटे के दस राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल

# भाजपा ने सुधांशु त्रिवेदी को दिया दूसरा मौका, 8 का टिकट काटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की जिन 10 सीटों पर राज्यसभा चुनाव होना है, उनमें से अभी भाजपा के कोटे की 9 सीटें हैं। जबकि, एक सीट सपा की है। सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन का कार्यकाल अप्रैल में खत्म होगा।

वहीं, भाजपा से अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, अनिल अग्रवाल, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव और विजय पाल तोमर का भी कार्यकाल पूरा होगा। भाजपा ने इस बार उप्र. से आरपीएन सिंह, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, डॉ. संगीता बलवंत और नवीन जैन हैं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से सुधांशु त्रिवेदी लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बनेंगे। पार्टी ने लोस. चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने को उप्र. के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका दिया गया है।



सुधांशु त्रिवेदी।

**सभी 7 सीटों पर भाजपा की जीत पक्की**

विधायकों की संख्या के मद्देनजर राज्यसभा के लिए उप्र. की जिन 10 सीटों पर विधायकों के वोट से उम्मीदवारों की जीत पक्की होगी उनमें 7 उम्मीदवार भाजपा के होने की पूरी संभावना है। वहीं, एक सीट के भाजपा को संघर्ष करना पड़ सकता है।

**डॉ. सुधांशु त्रिवेदी :** लखनऊ में ही जन्मे डॉ. सुधांशु त्रिवेदी साल 2014 के आम चुनाव में खास भूमिका बताई जाती है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें राजस्थान की जिम्मेदारी भी दी गई थी। वर्तमान में भी वह भाजपा के प्रवक्ता हैं। उन्हें पार्टी दूसरी बार राज्यसभा भेज रही है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री रहे अरुण जेटली के निधन के बाद खाली हुई सीट से उन्हें राज्यसभा सदस्य भेजा गया था।

**आरनपीएन सिंहः** पडरौना में जन्मे आरपीएन सिंह केन्द्र की मनमोहन सरकार में केन्द्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं। वह जनवरी, 2022 में भाजपा में शामिल होने हुए थे। आरपीएन सिंह कुशीनगर पडरौना से तीन बार विधायक रहे हैं। वह 2009 में कुशीनगर से लोकसभा सांसद बने। हालांकि, 2014 और 2019 के चुनाव में हार गए थे।

**डॉ. संगीता बलवंतः** गाजीपुर की रहने वाली डॉ. संगीता को 2022 चुनाव से पहले योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में जगह मिली थी। उन्हें सहकारिता राज्य मंत्री बनाया गया था।

**अमरपाल मौर्यः** मूलरूप से रायबरेली ऊंचाहार के रहने वाले अमरपाल मौर्य उप्र. भाजपा संगठन में महामंत्री हैं। अमरपाल मौर्य आरएसएस के प्रचारक रहे हैं।

**तेजवीर सिंहः** मथुरा से लगातार तीन बार चौ. तेजवीर सिंह सांसद रहे हैं। साल 1996 से 97 तक पहला कार्यकाल, 1998 से 99 दूसरा कार्यकाल और 199 से 2004 तक उनका तीसरा कार्यकाल रहा। इसके बाद पार्टी ने उन्हें यूपी कोऑपरेटिव का अध्यक्ष भी बनाया।

**नवीन जैनः** आगरा के सबसे बड़े कारोबारियों में नवीन जैन की गिनती होती है। भाजपा संगठन में कई बड़े नेताओं के वह करीबी हैं। साल 2017 में जब उन्होंने आगरा महापौर चुनाव लड़ा था। उस वक्त उन्होंने अपनी संपत्ति 400 करोड़ रुपए घोषित की थी।

**साधना सिंहः** चंदौली के मुगलसराय विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर 2014 में एमएलए चुने जाने के पहले साधना सिंह चंदौली जिले के व्यापार मंडल की नेता के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने साल 2000 में राजनीति में कदम रखा।

## पुलिस और भाजपाई भिड़े, एसओजी पर हमला, सिपाही की आंख फोड़ी

संवाददाता,आगरा

**अमृत विचार :** थाना जगदीशपुरा इलाके में शनिवार देर रात पुलिस की एसओजी टीम पर हमला कर दिया। एसओजी टीम पर हुए हमले में एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया । हमलावरों ने उसकी आंख फोड़ दी है। एसओजी टीम किसी जीतू शर्मा नाम के अपराधी की तलाश में जगदीशपुरा क्षेत्र के राहुल नगर गई थी यहीं एसओजी टीम द्वारा जीतू शर्मा के पता पूछे जाने को लेकर कुछ विवाद हुआ और स्थानीय लोगों ने एसओजी टीम पर हमला कर दिया ।इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद श्यामवीर सिंह और उनके समर्थकों ने पुलिस पर अभद्रता का और मारपीट का आरोप लगाया है ।

जानकारी के मुताबिक आगरा पुलिस की एसओजी टीम कल देर रात राहुल नगर पहुंची थी । वहां भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद श्यामवीर सिंह का बेटा अपना कुत्ता लेकर बाहर टहल रहा था इसी दौरान एसओजी टीम के कुछ सिपाहियों द्वारा जीतू शर्मा नाम के किसी अपराधी के विषय में पूछताछ की गई जिसमें पूर्व पार्षद के बेटे ने उसे किसी भी प्रकार की जानकारी होने से मना कर दिया । इसी बात को लेकर सिपाही और उनके बेटे में कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान ही श्यामवीर सिंह व अन्य कुछ लोग भी मौके पर पहुंच गए स्थानीय लोगों के मुताबिक सिपाहियों द्वारा पूर्व पार्षद के बेटे की मौके पर ही पिटाई



मारपीट के मामले में पुलिस की शिकायत लेकर मेयर के यहां पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता।

**पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

कर दी गई और उसे बोदला चौकी ले गए । पूर्व पार्षद के बेटे को बोदला चौकी ले जाने के बाद पूर्व पार्षद के साथ उनके रिश्तेदार और कुछ स्थानीय भाजपा नेता भी बोदला चौकी पहुंच गए जहां पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हो गया ।

भाजपाई मेयर हेमलता दिवाकर के घर भी पहुंचे और पूरे मामले से अवगत कराया। मेयर ने इस मामले में पुलिस आयुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की बात कही है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई और उन पर दर्ज हुए मुकदमे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में रोष है । कार्यकर्ताओं का कहना है कि पूर्व पार्षद द्वारा पुलिस को अपना परिचय देने के बाद उग्र हो गई और पूर्व पार्षद श्यामवीर व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और मारपीट की है ।

# बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला विधान परिषद में गूंजा

### अमृत विचार ने उठाया था मामला, उच्च शिक्षा निदेशालय में हो रही जांच

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला गहरा गया है। अमृत विचार की ओर से उठाई गई खबरों का संज्ञान लेते हुए विधान परिषद में तमाम से सवाल खड़े किये गए हैं। गहराती जांच के बीच जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

बता दें कि कानपुर, हमीरपुर, हाथरस और संतकबीरनगर के महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 16 पदों पर बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी। नियुक्तियों को लेकर अमृत विचार ने सिलसिलेवार खबरों का प्रकाशन कर सवाल खड़े किये थे। हमीरपुर जनपद के प्रवक्ता डॉ. सलिल तिवारी की ओर से उठाए



शिक्षा निदेशक के रडार पर आए 14 बीएड प्रवक्ता

**कानपुर, हमीरपुर, हाथरस, संतकबीरनगर के बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति को लेकर उठें हैं सवाल**

गए बिन्दुओं को खबर का प्रमुख आधार बनाया था। जिसको लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज की ओर से एक कमेटी गठित कर जांच शुरू की गई। हाल फिलहाल जांच का निष्कर्ष अभी बाकी है।

सपा कार्यकाल में हुई नियुक्तियों को लेकर बीते दिन विधान परिषद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल द्वारा प्रवक्ताओं की नियुक्ति से जुड़े दो बिन्दुओं से जुड़े सवाल खड़े किये। जिस पर बिन्दुवार सार निकलते दिखाई दिये। जिस तरह से जांच ने तूल पकड़ा है, ऐसे में जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

**त्रिस्तरीय हो रही है जांच**

नियुक्तियों को लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव द्वारा त्रिस्तरीय जांच कराई जा रही है। निदेशक बताते हैं कि पहली और दूसरी जांच का क्रम 16 और फिर 17 जनवरी से आरंभ हुआ। जबकि तीसरी जांच 7 फरवरी से शुरू की गई है। इसमें नियुक्ताएं पाए प्रवक्ताओं के बयान दर्ज कराये गए हैं।

**जांच कमेटी में निदेशालय के तीन अधिकारी शामिल**

फर्जीवाड़े का दावा करने वाले प्रवक्ता के आरोपों को खंगालने के लिए त्रिस्तरीय जांच में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित किये गए हैं। डॉ. केसी वर्मा, डॉ. बीए शर्मा और डॉ. जय सिंह संबंधित विश्वविद्यालयों और बेसिक शिक्षा विभाग से लगातार संपर्क बनाते हुए जानकारी इकट्ठा करने में लगे हुए हैं।

## भाजपा-रालोद में अभी भी सीटों के बंटवारे को लेकर फंसा है पेच

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले उत्तर प्रदेश का राजनीतिक समीकरण बदल गया है। भाजपा-रालोद के गठबंधन तय है बस औपचारिक घोषणा ही शेष है। हालांकि इस समझौते के फार्मूले की तस्वीर पर अंतिम मुहर लगनी अभी बाकी है। उम्मीद है कि, सोमवार को चौ. अजित सिंह के जन्मदिन पर दोनों के बीच गठबंधन की निर्णायक तस्वीर सामने आएगी।

दरअसल, रालोद को उप्र. से लोकसभा की तीन से चार सीटें देने पर मंथन चल रहा है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शीघ्र ही सब तय हो जाने की बात कही है। रालोद की चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग पूरी हो जाने के बाद अब राजनीतिक समीकरणों पर निर्णायक फैसला लिया जाना है। रालोद ने मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, मथुरा, कैराना और अमरोहा की सीटें मांगी हैं। इन्हीं में से मेरठ और मुजफ्फनगर की सीट को लेकर बात फाइनल अभी नहीं हो सकती है। दोनों ही सीटें भाजपा के पास हैं। खासकर मुजफ्फरनगर को लेकर रालोद दबाव बना रही है,

# हल्द्वानी में बवाल को लेकर हेट स्पीच, युवक गिरफ्तार

संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचारः** हल्द्वानी में हुए सांप्रदायिक बवाल को लेकर भड़काऊ बयानबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। उसके पोस्ट को समुदाय विशेष के लोगों ने शेयर और लाइक करना शुरू किया तो इसकी भनक पुलिस को लगी। पुलिस टीम सक्रिय हुई और से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक समुदाय विशेष को भड़काने का प्रयास कर रहा था। पुलिस की सोशल मीडिया सेल की निगरानी टीम के हाथ उसके वीडियो हाथ लगे थे।

हल्द्वानी में सांप्रदायिक बवाल के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर निगरानी तेज कर दी है। जिले में सोशल मीडिया सेल ने देखा कि शहर के मोहल्ला सेखाना निवासी मोहम्मद सैफी नाम का युवक वीडियो बनाकर लगातार पोस्ट कर रहा है। बहुसंख्यक समुदाय के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी थीं।



**सोशल मीडिया पर कर रहा था भड़काऊ बयानबाजी**

केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ भी उसने भड़काऊ बयानबाजी वाले वीडियो पोस्ट किए। वह अपनी पोस्ट में सरकार को देख लेने की धमकी भी दे रहा है।

उसके वीडियो को समुदाय विशेष के लोगों ने लाइक और शेयर भी किया। सेखाना चौकी प्रभारी दया शंकर पांडेय को सोशल मीडिया सेल ने जानकारी दी और उसके आईपी एड्रेस को खंगालने के साथ ही उसका मोबाइल नंबर पता किया। इसके बाद उसका नाम, घर का पता आदि सामने आ गया। पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आई।

## केजरीवाल के साथ आज मान करेंगे रामलला के दर्शन

**लखनऊ, अमृत विचारः** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह सोमवार को सपरिवार अधोध्या में भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने पूर्व में ही कहा था कि वह सपरिवार दर्शन करेंगे, जिसके बाद वो कल सीधे आयोध्या पहुंच रहें हैं। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह भी होंगे। दोनो ही मुख्यमंत्री अपने अपने परिवार के साथ सोमवार सुबह 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे, दर्शन करने के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अयोध्या के इतिहास में एक नया अध्याय और जुड़ गया। पहली बार प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक रूप से रामलला के दर्शन कर 22 जनवरी की तरह ही 11 फरवरी का दिन भी इतिहास के पन्नों दर्ज करा दिया।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों और विधायकों के दल का जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इतना ही नहीं सभी ने मंदिर में रामलला के समक्ष हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। करीब दो घंटे तक दर्शन-पूजन के दौरान मंत्री और विधायक बेहद अभिभूत और उल्लासित दिखे। निर्धारित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से 10 लग्जरी बसों से रविवार दोपहर करीब



मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ करते मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रीगण आदि।

12:30 बजे मंत्रियों व विधायकों के काफिले ने 11 नंबर गेट से जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। उसके बाद 12:50 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला परिसर में पहुंचा। मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद मंत्रियों व विधायकों ने एक साथ रामलला के दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश किया। रामलला के दर्शन-पूजन और आरती के बाद आस्था से अभिभूत सभी ने एक स्वर में जय श्रीराम का उद्घोष किया।

**केशव मौर्या बोले- 2024 में 400 पार का मांगा आशीर्वाद :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रभु रामलाल का सभी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला। मंदिर में रामलला के साथ समय बिताने से मन अह्लादित हो गया। हनुमान जी के चरणों में भाव अर्पित किया है। उन्होंने बताया कि रामलला का वंदन करते हुए 2024 में 400 पार का आशीर्वाद मांगा है। यह भी कहा कि मैंने समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाने के लिए भी आराध्य से प्रार्थना की है। बोले- जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं।

**रामलला है सब पर भारी, काशी, मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी : संजय निषाद :** मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज त्रेतायुग का वह क्षण है। जब कभी त्रेता में निषाद राज ने राम का दर्शन किया था। उनकी सेवा ने रावण राज्य को खत्म किया था। आज एक बार फिर निषादराज के वंशज के रूप में दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दूंगा। उन्होंने मंदिर आंदोलन में प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वरीय कृपा से 500 साल का संघर्ष पूर्ण हुआ। बोले- आज रामलला सब पर भारी हैं। काशी मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी है।

**समान नागरिक संहिता देश की जरूरत : मोहसिन रज़ा :** अल्पसंख्यक मंत्री मोहसिन रज़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सबके दिलों में बसते हैं। आज उनकी जन्मस्थली पर आए हैं, करोड़ों लोगों का सपना साकार देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता देश की जरूरत है। कहा कि विपक्ष के कुछ लोग और कुछ धर्मगुरु पर्दे के पीछे से समान नागरिक संहिता को लेकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर सतर्क हैं।

**अवध से रिश्ता पुराना : आराधना**

दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर रामलला का दर्शन पूजन करने पहुंचीं कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा भावुक नजर आईं । उन्होंने कहा कि अवध में मेरा पुराना नाता है। मैं बचपन से ही यहां आती रही हूँ। आज रामलला के दर्शन का सौभाग्य हासिल हुआ। बताया कि कुछ दिन पूर्व मकर संक्रांति पर्व पर भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ दर्शन-पूजन के लिए आई थी।

**बसपा धर्म निरपेक्ष दल : उमाशंकर**

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और सभी धर्मों का सम्मान करती है। सभी को अपने धर्म और पंथ को मानने और उस अनुसार आचरण की छूट है। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सभी विधायकों को रामलला का दर्शन-पूजन करने के अवसर उपलब्ध कराया गया। इसके लिए अच्छी व्यवस्था की गई। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर दर्शन-पूजन को लेकर राजनीति का आरोप लगाया।

## वर्ग पहेली-340

**बाएं से दाएं**

2.1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5.1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार-पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल-बूटों का उभार।

**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3.1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4.1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6.1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव, विस्तार, प्रसार 2. उतनी लंबाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।



**वर्ग पहेली - 339 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | ■ | ■ | 2 जृं |
| प | ■ | ■ | 3 अ | ■ | भ |
| ती | ■ | 4 अ | कृ | प | ण |
| ■ | ■ | ■ | षि | ■ | ■ |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | ■ | 7 डा |
| ■ | रा | ■ | ■ | ■ | ब |
| 8 सं | वा | द | ■ | ■ | र |

**सुडोकू -57**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

**सुडोकू - 56 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 17 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 14 .56 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष:** आज नौकरी पेशा लोग अपनी जॉब को लेकर थोड़े तनाव में रहेंगे। आपसे अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। बेवजह के मामलों में आपको फंसने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**वृष:** आज नई जॉब की शुरुआत हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। लवमेट्स प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में आप बड़ा प्रयोग करना चाहते हैं। लेकिन उसे करने में आपको कठिनाई महसूस होगी। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। अधिकारी वर्ग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। आप अपने काम को लेकर दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

**कर्क:** आज किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। व्यवसाय में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

**सिंह:** आज सहकर्मियों के साथ झगड़ा हो सकता है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे।

**कन्या:** आज आपको व्यवसाय में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। आज सुबह से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने मन की इच्छाओं को शेयर करना हितकर होगा।

**तुला:** आज दूसरों की मदद करने से आत्मिक सन्तोष की अनुभूति होगी। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुए काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज किसी नई विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। किन्तु दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु:** आज बच्चों की गलत गतिविधियों को नजरअन्दाज न करें। विरोधी आपकी आलोचना करेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम हैं। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**मकर:** आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ:** आज आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। शरीर में थकावट और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**मीन:** आज प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुए नुकसान की आज भरपायी हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा ज़ोर पकड़ेगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
पहचान — दोपहर : 12 .00
राम लखन — शाम : 06 .00

Utsav Gold
मेरी जंग — सुबह : 11 .45
लम्हे — शाम : 06 .15

Sony Max
ब्लैक चोर — सुबह : 09 .00
न तुम जानो न हम — रात : 09 .00

Zee Cinema
अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 08 .40
सलामे इश्क — रात : 07 .00

Colors Cineplex
क्या कहना — दोपहर : 12 .18
चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 06 .58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बेटी- मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..
बाप - थैंक गॉड... मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..
बेटी - पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, ...जो मम्मी रखकर गई है...
बापबेहोश...

टीचर- तुम पंछी के बारे में सब जानते हो? टप्पू- हां टीचर
टीचर- अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?
टप्पू- मरा हुआ पंछी, दे थप्पड़.... दे थप्पड़.
टप्पू की बात सुनकर टीचर ने उसे भरी क्लास में मुर्गा बना दिया..

## एक नजर

### मणिपुर में चार दिन पहले लापता हुआ ग्राम स्वयंसेवी मृत मिला

इंफाल, 11 फरवरी (भाषा) मणिपुर के कांगपोकपी जिले के मोल्हाम कुकी गांव से चार दिन पहले लापता हुआ 35 वर्षीय ग्राम स्वयंसेवक रविवार को मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलियों से छलनी निंगथौउजाम मणिसना का शव सुरक्षा बलों और स्थानीय ग्रामीणों के तलाश अभियान के दौरान रविवार सुबह मिला। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सात फरवरी को प्रतिद्वंद्वी समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के हमले से पूर्वी इंफाल जिले के मोइरांगपुरेल इलाके की रक्षा के दौरान मणिसना लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### हिमाचल में एम्स के छात्र ने की आत्महत्या

**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-बिलासपुर के द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने रविवार सुबह कथित तौर पर अपने छात्रावास की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार छात्र की पहचान मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी परीक्षित (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि छात्र को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि छात्र के माता-पिता को सूचित कर दिया गया है।

# लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन: मोदी

## मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री बोले-लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी

झाबुआ, (मप्र) एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी है और केवल चुनाव के समय ही गांव, किसान और गरीब याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी फूट डालने की अपनी आखिरी



झाबुआ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी लाभार्थियों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

रणनीति का सहारा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा-कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो भाषा, क्षेत्र और जाति के आधार पर (समाज में) बांटने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने ही पापों के दलदल में फंस चुकी है वह जितना निकलने की कोशिश करेगी उतना फंसेगी। उन्होंने कहा कि 2023 (विधानसभा चुनाव) में कांग्रेस की छुट्टी हो गई और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका पूरा सफाया होना तय है।

### भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग

**टंकारा (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग है। मोदी ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के मोरबी जिले में उनके जन्मस्थल टंकारा में आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने समाज सुधारक दयानंद सरस्वती की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उस समय भारतीय समाज से वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया था जब लोग गुलामी में जकड़े हुए थे।

# बुंदेलखंड ठंडे बस्ते में, केन-बेतवा लिंक का नरेंद्र मोदी इसी माह कर सकते शिलान्यास

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों ने प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य को पीछे धकेलते हुए केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना को ज्यादा महत्व देना शुरू किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का इसी माह कभी भी शिलान्यास कर सकते हैं। परियोजना की लागत 46 हजार करोड़ है। जिसमें 90 प्रतिशत केंद्र एवं पांच-पांच प्रतिशत उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें देंगी।

इस परियोजना का परिचय तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के समय में सन 2003 में नदी जोड़ योजना से हुआ था। लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्ष तक इस परियोजना में कोई कार्य नहीं हुआ।

**▸▸ उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 13 जिले होंगे लाभान्वित**

मोदी सरकार ने इस योजना पर जब काम शुरू किया तो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के लैंड यूज पर आपत्ति दर्ज कर दी थी। जिसके चलते यह परियोजना फिर अधर में लटक गई। अब 6017 हैकटेयर वन भूमि का लैंड यूज बदलने की अनुमति वन मंत्रालय ने दे दी है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने इस परियोजना की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

परियोजना के तहत पन्ना जिले में एक बांध बनेगा और वहां एक नहर के माध्यम से केन नदी का अतिरिक्त पानी बेतवा नदी में छोड़ा जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की काया बदलने का दावा किया जा रहा है। दोनों राज्यों की लगभग 8 लाख हेक्टेयर बंजर व असिंचित जमीन को उपजाऊ व सिंचित बनाया जाएगा। दोनों राज्यों के 62 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। 130 मेगावाट क्षमता वाले दो (थर्मल व सोलर) पावर प्रोजेक्ट भी चलेंगे।

इस संबंध में मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने हाल ही में केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के से बातचीत कर शिलान्यास की रूपरेखा तैयार की है। परियोजना पर काम करने के लिए प्राधिकरण का गठन भी हो गया है जिसका मुख्यालय भोपाल में बनाया गया है। प्राधिकरण का कार्य क्षेत्र उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी व ललितपुर एवं मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दतिया, सागर, विदिशा, शिवपुरी एवं दमोह तक रहेगा।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आने से एक जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आकर एक जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीपालनार कैम्प से जवान एरिया डोमिनेशन और डी-माइनिंग के लिए निकले थे। तभी सुबह 9 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य नक्सलियों के द्वारा लगाए गए बम की चपेट में आने से सीएएफ जवान पुनीत नेताम घायल हो गया। घायल जवान को पैर और पीठ पार चोट आई है। घायल जवान का प्राथमिक उपचार नेलसनार अस्पताल में किया गया।

## भाजपा डरी हुई है, हमें बदनाम कर खत्म करना चाहती

तरन तारन (पंजाब), एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनकी पार्टी से डरी हुई है और उसे बदनाम कर खत्म करना चाहती है।

एक निजी कंपनी से बिजली संयंत्र को पंजाब सरकार द्वारा अधिग्रहीत करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 'आप' शासित पंजाब के करीब आठ हजार करोड़ रुपये रोक कर रखे हैं। उन्होंने ने कहा-आज भाजपा केवल एक पार्टी से डरती है और वह 'आप' है। 'आप' ने पिछले 10 साल में देश में तेजी अपना दायरा बढ़ाया है। आप 10 साल का बच्चा है। यह छोटी सी पार्टी उसे (भाजपा को) चैन से सोने नहीं दे रही है।



**▸▸ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लगाया आरोप**

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शाह को गारंटी योजनाओं पर खुली बहस की चुनौती दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य की यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली बहस की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि वह यह साबित कर सकते हैं कि गारंटी योजनाओं की वजह से राज्य का खजाना खाली नहीं हुआ है। आज सुबह मैसुरु पहुंचे शाह चामुंडेश्वरी मंदिर गए और आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा के लिए राज्य भाजपा के नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेने से पहले एक मेले में शिरकत की। सिद्धारमैया ने गारंटी योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली होने के शाह के कथित दावे पर पलटवार किया है।

### निर्वाचन आयोग ने राकांपा को छीनकर दूसरों को दे दिया: शरद पवार

**पुणे।** वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने का निर्वाचन आयोग का फैसला मुझे हैरान करने वाला है। पवार ने कहा कि लोगों के लिए कार्यक्रम और विचारधारा अहम है जबकि किसी चुनाव चिह्न की उपयोगिता एक सीमित समय के लिए होती है। दरअसल निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है और आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि लोग निर्वाचन आयोग के फैसले का समर्थन नहीं करेंगे।

## मोदी आज रोजगार मेले में नवनियुक्त युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में सोमवार को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवकों को 1 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नई दिल्ली में एकीकृत परिसर "कर्मयोगी भवन" के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखेंगे। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न हिस्सों के बीच सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देगा।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। भाजपा सरकार की इस पहल के तहत केंद्र सरकार के विभागों में भर्तियां हो रही हैं और राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेश इस पहल का समर्थन कर रहे हैं। नवनियुक्त युवा विभिन्न मंत्रालयों व विभागों जैसे राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, रक्षा मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय में विभिन्न पदों पर भर्ती होकर सरकार में शामिल होंगे। रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। नवनियुक्तों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा।

**▸▸ प्रधानमंत्री नई दिल्ली में कर्मयोगी भवन की भी रखेंगे आधारशिला**

### किसानों के रास्ते में कीलें बिछाना अमृत काल है या अन्याय काल: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई अवरोधक लगे होने का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए सवाल किया कि किसानों के साथ यह अमृत काल है या अन्याय काल है। एक अधिकारी ने यहां कहा कि 13 फरवरी को किसानों के मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

# भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे हैं

रायगढ़, एजेसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई।

रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी-भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया-वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे। गांधी ने आरोप लगाया-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है।



रायगढ़ : कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महिला से हाथ मिलाते हुए। ● एजेंसी

**▸▸ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप**

### गोडसे टिप्पणी: पुलिस ने एनआईटी-कालीकट की प्रोफेसर को नोटिस दिया

**कोझिकोड (केरल)।** पुलिस ने यहां रविवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कालीकट (एनआईटी) की एक प्रोफेसर को नोटिस जारी करके नाथूराम गोडसे का कथित तौर पर महिमामंडन करने वाली उनकी एक फेसबुक टिप्पणी से संबंधित मामले में पुलिस के सामने पेश होने को कहा।

प्रोफेसर ए शैजा के घर पर दिए गए नोटिस में, कुन्नमंगलम पुलिस ने उन्हें 13 फरवरी को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा। टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ पहले ही एक प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें विस्तृत पूछताछ के लिए 13 फरवरी को पुलिस थाने आने के लिए कहा गया है।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### एलआईसी को 25,464 करोड़ का आयकर रिफंड मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम को 25,464 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड ऑर्डर मिला है और इसे चालू तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के दौरान प्राप्त होने की संभावना है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने यह जानकारी दी। पिछले महीने आयकर विभाग के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने 25,464.46 करोड़ रुपये के रिफंड के लिए सूचना जारी की थी। रिफंड पिछले सात मूल्यांकन वर्षों में बीमाधारकों को अंतरिम बोनस से संबंधित है। मोहंती ने तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान कहा-हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि इसी तिमाही के दौरान आयकर विभाग से रिफंड मिल जाएगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार, 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 551.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.1 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 5.8 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। हालांकि आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 4.9 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

# 4 कंपनियों का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ बढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी, एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल,




हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का शेयर सोमवार को लगभग छह प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 1,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान एसबीआई की बाजार हैसियत 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 61,435.47 करोड़ रुपये बढ़कर 15,12,743.31 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 5,108.09 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के शेयर में मंगलवार को चार प्रतिशत का उछाल आया, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

### उच्चस्तर पर पहुंचा लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश

निवेशकों ने जनवरी में लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड (बड़े शेयरों में निवेश वाले कोष) में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह 19 माह में निवेश का उच्चस्तर है। छोटी और मझोली कंपनियों के कोषों में तेजी ने उनके मुनाफावसूली के लिए प्रेरित किया है और लॉर्ज-कैप में उनका निवेश बढ़ा है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में उन्होंने लार्ज-कैप फंड से 281 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। निवेश का मौजूदा स्तर पिछले साल जनवरी के 716 करोड़ रुपये के आंकड़े से 80 प्रतिशत अधिक है। इस ताजा प्रवाह के बाद बड़े शेयरों में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार जनवरी में 26 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2.38 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, लार्ज-कैप पर केंद्रित इक्विटी म्यूचुअल फंड को जनवरी में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ। यह जुलाई, 2022 के 2,052 करोड़ रुपये के बाद का उच्चतम स्तर है।

### भारत ने कतर के साथ किया सबसे बड़ा गैस आयात का सौदा

**नई दिल्ली।** पेट्रोनेट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। इससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने यह बात कही है।

पेट्रोनेट के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि मूल 25-वर्षीय समझौते पर 1999 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें आपूर्ति 2004 में शुरू हुई थी। तब से कतर ने कभी एक भी खेप में चूक नहीं की है और न ही उसने दाम काफी ऊंचे होने के दौरान भारतीय कंपनी द्वारा आपूर्ति नहीं लेने की वजह से 'खरीदों या भुगतान करो' प्रावधान के तहत कोई जुर्माना लगाया है।

## एफपीआई ने अब तक बॉन्ड बाजार में 15,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने और व्यापक रूप से अर्थव्यवस्था के स्थिर परिदृश्य के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक देश के ऋृण या बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

इससे पहले एफपीआई ने जनवरी में बॉन्ड बाजार में 19,836 करोड़ रुपये डाले थे, जो छह साल से अधिक समय का सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। इससे पहले जून, 2017 में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 3,000 करोड़ रुपये



से अधिक निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-भारतीय शेयर बाजार का ऊंचा मूल्यांकन मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि शेयरों से निकासी की मुख्य वजह घरेलू के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता है।

### बायोगैस एसोसिएशन का सीबीजी संयंत्रों के लिए निवेश का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में 1.2 करोड़ टन की कमी सुनिश्चित करने के लिए संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को बायोमास आपूर्ति के लिए जरूरी मशीनरी और उपकरणों के लिए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की सिफारिश की है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा-धान के भूसे जैसे कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय इनका जैव ऊर्जा उत्पादन और मिट्टी संवर्धन के लिए उपयोग करने से दोहरा लाभ मिलता है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 के संशोधित अनुमानों के 80 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा-प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपये है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। इस दौरान कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) के सकल राजस्व संग्रह में भी लगातार वृद्धि देखी गई।

### पेरू के साथ एफटीए के तहत सोने पर शुल्क रियायत प्रमुख चिंता

**नई दिल्ली।** पेरू के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत सोने पर शुल्क छूट भारत के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दा है। भारत के पेरू से कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में सोने पर 10 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क लगता है और मामूली शुल्क रियायतों से भी आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत और पेरू परस्पर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

## पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही है। पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर




**▸▸ आरबीआई ने पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया**

2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद, कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया। सूत्रों ने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समिति पीपीएसएल में चीन से निवेश की जांच कर रही है और उचित विचार तथा व्यापक जांच के बाद एफडीआई मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। प्रेस नोट तीन के तहत, सरकार ने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से किसी भी क्षेत्र में विदेशी निवेश से पहले उसकी मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था।

# बुमराह की प्रशंसा में अश्विन ने कहा- बूमबॉल अद्भुत

## क्रिकेट के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बुमराह की बड़ी उपलब्धि



**9 विकेट लेकर टेस्ट में पहुंचे शीर्ष पर, इससे पहले वनडे और टी-20 में भी बनाया था स्थान**

चेन्नई, एजेंसी

भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी 'बूमबॉल' ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 'रिवर्स स्विंग' से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल 9 विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह ने इससे पहले वनडे और टी20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की। वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनमुताबिक नतीजा हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम चौथे दिन बराबरी पर थे, लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली। 5 मैच की श्रृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

**इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन कर 45 रन देकर 6 विकेट झटके थे**

# मैक्सवेल के शतक से ऑस्ट्रेलिया जीती

एडीलेड, एजेंसी

आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे 20-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले 7 ओवर में 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई, लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर 3 और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर भी 6.4 ओवर के बाद 3 विकेट पर 64 रन था। मैक्सवेल ने स्टोइनिस (16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने द. अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा।



वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बनाई बढ़त

## खेल डायरी

### नागल और रामकुमार बेंगलुरु ओपन के पहले दौर में फ्रांस के प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगे



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के पुरुष एकल मुख्य ड्रा में ज्योफ्रे ब्लांकानॉक्स से भिड़ेंगे जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रामकुमार रामनाथन का सामना मैक्सिम जानवियर से होगा। विश्व रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज नागल फ्रांस के ब्लांकानॉक्स को तीन बार हरा चुके हैं, जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में उन्हें पराजित करना भी शामिल है। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रामकुमार का फ्रांस के जानवियर के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1-1 की बराबरी का है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो उनके इटली के शीर्ष वरीय लुका नार्डी से भिड़ने की उम्मीद है जिन्हें पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ना है। आस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को तीसरी वरीयता मिली है और वह अपने अभियान की शुरुआत भारतीय वाइल्ड कार्डधारी प्रज्वल देव के सामने होंगे। युगल के मुख्य ड्रा में नौ भारतीय हैं। एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमान का सामना जर्मनी के मार्क वॉल्नर और जैकब श्नेटर से होगा।

### मेस्सी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद

**हांगकांग, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने से स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेस्सी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था।

### करण-मुकुंद बेंगलुरु ओपन के क्वालीफायर में हारे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा, जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले करण सिंह को पहले दौर में डान एडिड से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से पराजित हो गए। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी यूक्रेन के एरिक वाशेलबोइम से हार गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा और आदिल कल्याणपुर भी बाहर हो गए। पूनाचा को आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टॉमिच से हार मिली। आदिल को कोरिया के आठवें वरीय युन सियोंग चुंग से शिकस्त मिली।

### तेजस्विन ने शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए। शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।



# अंडर-19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता, भारत को 79 रन से हराया

## चौथी बार बना विजेता, 253 रन का दिया लक्ष्य, भारतीय टीम 174 पर सिमटी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को फाइनल मैच में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (55 रन), हैरी डिक्सन (42), कप्तान ह्यू वीबगेन (48) और ओलिवर पीक (नाबाद 46) ने योगदान दिया। भारतीय तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने 3 जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 2 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाजों में केवल 4 ने दोहरे अंक को छूआ, जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने 3, कैलम विडलर ने 2 और ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 3 विकेट लिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज अर्शीन कुलकर्णी (3) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कैलम विडलर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे दिया। मुशीर खान (22 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। माहलि बीयर्डमैन की गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकेट में समा गई। आदर्श ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। कप्तान उदय सहारन (8) और सचिन धास (9) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि प्रियांशु मोलिया (9) और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेल्ली अवनीश (0) ने भी निराश किया, जिससे भारत का स्कोर 6 पर 91 रन रहा। बीयर्डमैन ने आदर्श को विकेट के पीछे कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया। मुरुगन और नमन तिवारी (नाबाद 14) नौवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

वहीं लिंबानी ने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (0) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में झटका दिया। डिक्सन और वीबगेन ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। डिक्सन और वीबगेन को लगातार ओवरों में आउट किया। वीबगेन ने प्वाइंट पर मुशीर खान को कैच दिया जबकि डिक्सन का कैच अभिषेक मुरूगन ने लपका। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तक 3 विकेट पर 99 रन था। हरजस और रियान हिक्स (20) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहला अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे ने उन्हें पगबाधा आउट किया। रैफ मैकमिलन भी जल्द आउट हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 6 पर 187 रन हो गया, लेकिन ओलिवर पीक और चार्ली एंडरसन (13) ने सातवें विकेट के लिए 34 रन जोड़कर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

## स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया** 253/7 (50 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हैरी डिक्सन का अभिषेक बो तिवारी | 42 | 56 | 3/1 |
| सैम कोन्सटास बो लिम्बानी | 00 | 08 | 0/0 |
| ह्यू वीबगेन का मुशीर खान बो तिवारी | 48 | 66 | 5/0 |
| हरजस सिंह पगबाधा बो पांडे | 55 | 64 | 3/3 |
| रेयान हिक्स पगबाधा बो लिम्बानी | 20 | 25 | 2/0 |
| ओलिवर पीक नाबाद | 46 | 43 | 2/1 |
| राफ मैकमिलन का एवं बो मुशीर खान | 02 | 08 | 0/0 |
| चार्ली एंडरसन पगबाधा बो लिम्बानी | 13 | 18 | 0/1 |
| टॉम स्ट्रेकर नाबाद | 08 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (लेग बाई-11, नोबॉल-1, वाइड-7) 19, **विकेट पतन:** 1-16, 2-94, 3-99, 4-165, 5-181, 6-187, 7-221, **गेंदबाजी:** राज लिम्बानी 10-0-38-3, नमन तिवारी 9-0-63-2, सौम्य पांडे 10-0-41-1, मुशीर खान 9-0-46-1, मुरूगन अभिषेक 10-0-37-0, प्रियांशु मोलिया 2-0-17-0

**भारत** 174/10 (43.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हैरीआदर्श सिंह का हिक्स बो बीयर्डमैन | 47 | 77 | 4/1 |
| अर्शिन कुलकर्णी का हिक्स बो विडलर | 03 | 06 | 0/0 |
| मुशीर खान बो बीयर्डमैन | 22 | 33 | 3/0 |
| उदय सहारन का वीबगेन बो बीयर्डमैन | 08 | 18 | 0/0 |
| सचिन धास का हिक्स बो मैकमिलन | 09 | 08 | 1/0 |
| प्रियांशु मोलिया का विडलर बो एंडरसन | 09 | 21 | 0/0 |
| अरावेली अविनाश का एवं बो मैकमिलन | 00 | 02 | 00 |
| मुरूगन अभिषेक का वीबगेन बो विडलर | 42 | 46 | 5/1 |
| राज लिंबानी बो मैकमिलन | 00 | 05 | 0/0 |
| नमन तिवारी नाबाद | 14 | 35 | 0/1 |
| सौम्य पांडे का हिक्स बो स्ट्रेकर | 02 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (लेग बाई-7, नोबॉल-1, वाइड-10) 18, **विकेट पतन:** 1-3, 2-40, 3-55, 4-68, 5-90, 6-91, 7-115, 8-122, 9-168, 10-174, **गेंदबाजी:** कैलम विडलर 10-2-35-2, चार्ली एंडरसन 9-0-42-1, टॉम स्ट्रेकर 7.5-1-32-1, महली बीयर्डमैन 7-2-15-3, रैफ मैकमिलन 10-0-43-3

# अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता खिताब



**एशियाई कप**

**लुसैल (कतर), एजेंसी।** कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को जोर्डन को 3-1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 8 गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को लुसैल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

# भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से बाहर इंग्लैंड के स्पिनर लीच

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से भारत के खिलाफ बचे तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ये घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी, जिससे वह विशाखापत्तनम के टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा कि वह 24 घंटे में अबुधाबी से घर रवाना होंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में होने वाले टेस्ट से पहले रुकी है।

# बॉलीवुड हलचल

## शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है। मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300-350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

### वैलेंटाइन वीक पर 22 रोमांटिक फिल्में हुई री- रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** वैलेंटाइन वीक के अवसर पर 22 रोमांटिक फिल्में री- रिलीज की गई हैं। पीवीआर आईनॉक्स ने वेलेंटाइन वीक के अवसर पर कई रोमांटिक फिल्मों को री- रिलीज किया है। इन फिल्मों की लिस्ट में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'ये जवानी है दीवानी' 'जब वी मेट', 'मोहब्बतें', 'वीर जारा', 'प्यार का पंचनामा', 'दिल तो पागल है' और 'तू झूठी मैं मक्कार' समेत 22 फिल्में शामिल है। ये फिल्में मुंबई, दिल्ली और गोवा सहित 62 शहरों में री-रिलीज हुई हैं।

## 9 अरब कमाकर भी शांत नहीं होना वाला है 'एनिमल'



'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले रणबीर कपूर आगे कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। दिसंबर 2023 में 'एनिमल' के जरिए रणबीर कपूर ने इतिहास रच दिया। रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का दबदबा रहा और दुनियाभर में इस फिल्म ने 915 करोड़ यानी 9 अरब का कारोबार किया और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो गई। ये मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है। एनिमल के बाद रणबीर के खाते में और भी कई ऐसी फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रखने का दम रखती हैं। **निमल पार्क:** एनिमल के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान कर दिया था कि इसका सीक्वल आएगा, जिसे 'एनिमल पार्क' के नाम से रिलीज किया जाएगा। 'एनिमल' के आखिरी सीन को देखकर इस बात का अंदाजा लग गया था कि दूसरे पार्ट में और भी ज्यादा खून खराबा होने वाला है। 'एनिमल' की दमदार कमाई देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि 'एनिमल पार्क' भी बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख सकती है। **ब्रह्मास्त्र 2:** रणबीर की अपकमिंग फिल्मों में 'ब्रह्मास्त्र 2' भी है। 2022 में इसका पहला पार्ट आया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। **रामायण:** इस लिस्ट में नितेश तिवेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही 'रामायण' भी है। **लव एंड वॉर:** इस फिल्म को संजय लीला भंसाली बना रहे हैं। इसमें रणबीर के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। साथ ही विक्की कौशल भी इस फिल्म में लीड रोल में हैं। यानी इस फिल्म में ये तीनों बड़े सितारे एक साथ दिखेंगे। ऐसे में हो सकता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दे। पिछले कुछ समय से एक फिल्म की और चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि उस फिल्म को राजकुमार हिरानी बनाएंगे और रणबीर उसमें लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं है।

## रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

### दबंगी - मुलगी आई रे आई' में लीप के बाद रचना मिस्त्री ने ली आर्या की जगह



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी, 'दबंगी - मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रचना मिस्त्री कदम रखेंगी। ऐरा के वेश में और न्याय की चाहत से प्रेरित, आर्या, अभी भी अपनी दबंगी वाला हौसला रखती है, लेकिन नई परिपक्वता के साथ, अपनी आई, छाया और बाबा अंकुश की हत्याओं का प्रतिशोध चाहती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# फर्जी आईआरएस अधिकारी ने डीएसपी से की शादी, गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी



धोखाधड़ी का शिकार हुईं श्रेष्ठा, 2018 में की थी शादी 4 साल बाद लिया तलाक

मेट्रोमोनियल साइट के जरिए फर्जी आईआरएस अधिकारी से शादी करने और लाखों रुपये की धोखाधड़ी का शिकार हुईं महिला पुलिस अधिकारी। शादी के बाद अपने साथ हुए धोखे की जानकारी हुई तो डीएसपी के पैरोतले जमीन खिसक गई।

डीएसपी ने धोखेबाज से तलाक ले लिया। तलाक के बाद भी पूर्व पति उनके नाम पर लोगों से रुपये ऐंठता रहा। धोखेबाज से तंग आकर डीएसपी ने कौशंबी में केस दर्ज कराया। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रोहित राज ने मैट्रीमोनियल साइट पर पीड़िता से संपर्क कर खुद को 2008 बैच का आईआरएस अधिकारी बताया। कहा था कि वह रांची में आयकर उपायुक्त के रूप तैनात है। 2018 में दोनों ने शादी कर ली, शादी कुछ सालों बाद महिला अधिकारी को जानकारी हुई कि मेरे साथ धोखा हुआ है। इसके बाद भी वह परिवार चलाने की कोशिश करती रहीं।

तीन साल पहले उन्होंने आरोपी से तलाक ले लिया। बीते दिनों उन्हीं का नाम लेकर एक व्यक्ति को कार से घसीटने की भी धमकी दी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि पीड़िता ने थाना कौशांबी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# पैराग्लाइडिंग करते समय एक की मौत पायलट गिरफ्तार

कुल्लू। हिमाचल के कुल्लू जिले में रविवार को पैराग्लाइडिंग करते समय हैदराबाद के एक पर्यटक की मौत हो गई। पर्यटन अधिकारी ने पैराग्लाइडिंग पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं। पर्यटन अधिकारी सुनैना शर्मा ने कहा कि जांच में पता चलता है कि मानवीय त्रुटि के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि पैराग्लाइडिंग के लिए जगह और उपकरण ठीक थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के भी आदेश दिए गए हैं।

## कई राज्यों में सुरक्षा के लिए लागू की जा रही हाई सिक्योरिटी

# नंबर प्लेट, हो रही अनिवार्य

*देश के कई राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य हो रही है। इस प्लेट के कई फायदे हैं। कई लोग अभी भी इनको कार पर लगाने में संकोच करते हैं। जबकि यह सुरक्षा की दृष्टि से लागू की जा रही है। जानते हैं इस प्लेट के बारे में...*

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

इन प्लेट्स को एल्युमिनियम से बनाया जाता है। जिनपर एक होलोग्राम लगा होता है जो क्रोमियम आधारित होता है। होलोग्राम के अंदर वाहन की पूरी जानकारी होती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सुरक्षा के लिए यूनिक लेजर कोड भी प्रिंट होता है। हर वाहन के लिए अलग कोड दिया जाता है। इसे आसानी से हटाया नहीं जा सकता। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो ऐसे में कार में लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के मालिक सहित सभी जानकारी मिल जाती है। इससे कार सवार घायलों के परिजनों तक जानकारी भेजी जा सकती है।







**क्या है खासियत**- सबसे बड़ी खासियत होती है कि अगर ये एक बार टूट जाए तो फिर इसे जोड़ा नहीं जा सकता। कोई भी इसे कॉपी कर नकली प्लेट नहीं बना सकता। इसी कारण वाहन की सुरक्षा बढ़ जाती है। प्लेट के चोरी होने या दूसरे वाहन में दुरुपयोग होने की आशंका कम होती है।

**अनिवार्य है प्लेट लगाना**- सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर विभिन्न राज्यों में 1000 से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना है। इस लगवाने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कैसे बनवाएं**

- सरकार द्वारा अधिकृत पंजीकरण पोर्टल Bookmyhsrp.com पर जाएं
- सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, संपर्क सूत्र, ऑप्शन आदि भरें।
- यदि वाहन निजी उपयोग के लिए है, तो स्क्रीन पर प्रदर्शित वाहन श्रेणी विकल्प के तहत 'non-transport' पर क्लिक करें।
- इस फॉर्म को सबमिट करें आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- भुगतान करने के लिए दिए गए यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। इसके साथ ही आपको एक रसीद भी मिल जाएगी
- जैसे ही आपके वाहन का एचएसआरपी नंबर तैयार हो जाएगा, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना प्राप्त होगी।
- इस प्रक्रिया के कुछ समय बाद नंबर प्लेट आ जाएगा और आप इसे अपने वाहन में लगवा सकेंगे।

## एक नजर

### मेघालय: वैद्यनाथन ने हाई कोर्ट के मुख्य जज के रूप में ली शपथ

**शिलांग।** न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने रविवार को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति वैद्यनाथन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी का स्थान लेंगे। बनर्जी पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वैद्यनाथन अक्टूबर 2013 से मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहें है।

### मुझसे गलती हो गई...कहकर हंगरी के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा



**बुडापेस्ट।** हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटलिन नोवाक ने शनिवार को इस्तीफे का एलान किया। दरअसल, उन्होंने एक ऐसे शख्स को माफ कर दिया, जिसने 2022 में अपने बॉस द्वारा नाबालिगों के यौन शोषण की बात छिपाई थी। इसके बाद पूर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कैटलिन नोवाक को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। नोवाक ने शनिवार को कहा, "राज्य के प्रमुख के रूप में, मैं आज आखिरी बार आपको संबोधित कर रही हूं। मैं राष्ट्रपति के कार्यालय से इस्तीफा दे रही हूं। जिन पीड़ितों को लगा होगा कि मैं उनके लिए खड़ी नहीं हो रही हूं। मैं बच्चों और परिवारों के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।

### आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है आईएमएफ: जार्जीवा

**दुबई।** युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है। दुबई में आयोजित वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में आइएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने कहा कि संगठन एक रिसर्च पेपर प्रकाशित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि किस तरह ऊर्जा सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करके पश्चिम एशिया 336 अरब डालर की बचत कर सकता है। यह रकम इराक और लीबिया की संयुक्त अर्थव्यवस्था के बराबर है।

### ब्रिटेन में भारतवंशी युवक ने पत्नी की हत्या का जुर्म कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक आवास पर पिछले साल अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। महक शर्मा (19) की 29 अक्टूबर की शाम हत्या करने के संदेह में साहिल शर्मा (24) को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया था। शर्मा को किंगस्टन क्राउन कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया, जहां उसने महक की हत्या का जुर्म कबूला। अदालत अब इस मामले में 26 अप्रैल को सजा सुनाएगी। जांच निरीक्षक ने बताया, साहिल शर्मा के कृत्य ने एक परिवार को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तान: गौहर ने कहा- पीटीआई को सरकार बनाने का न्योता देंगे राष्ट्रपति

# नवाज की रणनीति को सेना का समर्थन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान को त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ा है। इस बीच राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब



यह स्पष्ट हो गया कि आम चुनाव के बाद देश में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में आम चुनाव गुरुवार को हुए थे, लेकिन नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण माहौल खराब हो गया। कई पार्टियों ने तो हंगामा कर दिया और कुछ ने विरोध प्रदर्शन भी किया।

बता दें, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नवाज शरीफ के गठबंधन सरकार बनाने के आग्रह का समर्थन किया। वहीं, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक-काकड़ ने भी गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद जताई है। दूसरी तरफ पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण देंगे, क्योंकि उन्होंने नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लिया है। नवाज ने को अपने प्रतिद्वंद्वियों से गठबंधन सरकार बनाने की अपील की थी। सेना के समर्थन के बाद माना जा रहा है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी (पीएम-एल-एन) गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब हो जाएगी।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीटें मिलीं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटी पार्टियों ने जीत हासिल की।



### चुनाव के नतीजों को चुनौती वाली कई याचिकाएं दायर

पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं, इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। तीन याचिकाएं सिंध हाई कोर्ट में दायर की हैं। निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की।

### राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकर्ताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए। सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

# ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें रजिस्ट्री विभाग: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की। अब 8 फरवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उक्त बात कही।

# हूती हमलों के बीच क्षेत्र में बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

दुबई, एजेंसी

पिछले दो माह से भारत और भारतीय नौसेना लाल सागर और अरब सागर सहित इस पूरे समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना ने दिसंबर से लेकर अब तक 17 जहाजों को समुद्री लुटेरों से से बचाया है। पिछले कुछ सप्ताह भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे में 2 जहाजों को सोमालियाई लुटेरों से बचाया। भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास बुरी चीजें होती रहें, तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि इससे हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।

22 नवंबर 2023 को हूती विद्रोहियों ने कार्गोशिप गैलेक्सी लीडर को निशाना बनाया था। हूतियों ने वजह बताई- गाजा में इजराइली हमले। हूतियों के हमले बढ़ने के साथ दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग स्वेज-लाल सागर मार्ग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अमेरिकी टास्क फोर्स में रहने की बजाय भारत ने अलग मोर्चा संभाला लाल सागर में होने वाले हूती हमले के बीच अमेरिकी नेतृत्व वाले 20 देशों के टास्क फोर्स ने ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन' शुरू किया।

**2** महीने में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के 17 हमले रोके



### अल-शबाब ने ली मोगादिशू में हमले की जिम्मेदारी

**दुबई।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशू स्थित सैन्य अड्डे पर शनिवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली है। हमले में सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे तीन अमीराती सैनिकों व बहरीन के अधिकारी की मौत हो गई थी। हालांकि, रविवार को मरने वाले सैनिकों की संख्या पुष्टि नहीं हो सकी थी। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने सैनिकों की मौत पर यूएई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की थी।

### शेषनाग झील जमी...





**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर, शिमला समेत दूसरे शहरों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। यह तस्वीर अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित शेषनाग झील की है। वहां बर्फबारी के चलते वादियां बर्फ से ढकी हैं। पारा माइनस 18 डिग्री सेल्यियस चल रहा है। इस कारण शेषनाग झील जम चुकी है। झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है। समुद्र तल से 11,870 फीट ऊंचाई पर मौजूद ये झील ये पहलगाम से 10 किमी दूर है। ● एजेंसी

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बिहार के वोट पाने की सियासत: उद्धव

मुंबई, एजेंसी



शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सर्वोच्च सम्मान को लेकर कसा तंज

नरेंद्र मोदी सरकार ने आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्वी राज्य से वोट पाने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारत रत्न को लेकर सरकार पर तंज कसा।

मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक भाषण के दौरान, ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनसंघ (जो कि भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था) ने पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। ठाकरे ने कहा, लेकिन अब भाजपा बिहार में लोकसभा चुनाव में वोट चाहती है, इसलिए उनके लिए मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा की। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद स्वीकार किया जा रहा है। ठाकरे ने आगे कहा, भाजपा ने भारत रत्न के लिए डॉ. एस स्वामीनाथन के नाम की घोषणा की, लेकिन कृषि आय बढ़ाने पर उनकी अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई सिफारिश को लागू करने में विफल रही है। ठाकरे ने दावा किया, लोग इस खोखलेपन को समझ सकते हैं।

केंद्र सरकार ने इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की। इन पांच नामों में से वे हैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, डॉ एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के दिग्गज लालकृष्ण आडवाणी।

# ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई का फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट बैन, उल्लंघन का आरोप

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। मेटा प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इन एप्स के गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया जा रहा था।



बता दें कि ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई कई सोशल मीडिया के जरिए भी इजराइल और अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दे चुके हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई ने गाजा पर इजरायल की बमबारी के साथ-साथ यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में शिपिंग पर हमलों के खिलाफ फिलिस्तीनी जवाबी कार्रवाई का भी सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। 35 साल से ईरान की सत्ता पर काबिज खामेनेई के इंस्टाग्राम पर 50 लाख फॉलोअर्स हैं। बताते चलें कि हमास को अमेरिका द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया गया है। ईरान में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रतिबंध है, लेकिन ईरानी प्रतिबंधों से बचने के लिए यूजर्स फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन से जरिए इस्तेमाल करते हैं।

# यूपीआई सेवाएं श्रीलंका और मॉरीशस में आज से होंगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



पीएम मोदी विक्रम सिंघे मॉरिशस के पीएम जगन्नाथ वर्चुअली होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी इस दौरान दोनों देशों में यूपीआई के साथ-साथ रुपे कार्ड सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 12 फरवरी यानी आज दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। मालूम हो कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को देखते हुए इसे लॉन्च किया जा रहा है। भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए यूपीआई निपटान सेवाओं की उपलब्धता को सक्षम करेगा।

**चिंताजनक** जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने शोध में दी नई जानकारी, एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना

# युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल

वाशिंगटन, एजेंसी





आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लगातार हर क्षेत्र में दबदबा बढ़ता जा रहा है। युद्ध में भी इसके इस्तेमाल को लेकर लगातार प्रयोग हो रहे है। विशेषज्ञ लगातार इसके खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं लेकिन कुछ देशों ने ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एक हालिया शोध में पता चला है कि एआई ने युद्धविराम की जगह हर बार हिंसा और परमाणु युद्ध का सुझाव दिया है। दरअसल, जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी और हूवर वॉरगेमिंग एंड क्राइसिस इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने पांच सबसे बड़े एआई मॉडल के लिए सिम्युलेटेड परीक्षण बनाए। इसमें एआई मॉडल को युद्ध की एक खास परिस्थिति में निर्णय लेने को कहा गया। पांचों एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना।

वहीं, एआई ने कई बार बिना किसी चेतावनी के परमाणु हथियार तैनात कर दिए। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में लार्ज लैंग्वेज मॉडल के जीपीटी-4, जीपीटी 3.5, क्लाउड 2.0, लामा 2-चैट और जीपीटी-4-बेस का इस्तेमाल किया।

शोध में शामिल जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार लॉन्च करने पर कहा, 'कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं। कुछ कहते हैं कि इसे खत्म करना चाहिए, जबकि कुछ ऐसा करने का दिखावा करते हैं। हमारे पास परमाणु हथियार होने की वजह से हमें इसका उपयोग करना चाहिए। वहीं, एआई ने एक-दूसरे के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### युद्ध में सबसे आक्रामक है जीपीटी 3.5

अपने तरह की यूनिक और पहली स्टडी में एआई का जीपीटी-3.5 मॉडल सबसे आक्रामक निकला। वहीं, जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का तर्क देते हुए कहा, मैं सिर्फ दुनिया में शांति चाहता हूं, और इसके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। इसने युद्ध बढ़ाने की भी बात कही।

# बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य पर उठे सवाल, बचाव में उतरीं जिल

वाशिंगटन, एजेंसी

स्पेशल काउंसल की रिपोर्ट में जो बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर उठाए गए सवालों का अमेरिका की प्रथम महिला



जिल बाइडन ने बचाव किया है। साथ ही रिपोर्ट में उनके बेटे की मौत के जिक्र को राजनीतिक मकसद से शामिल करने का आरोप लगाया है।

जिल ने शनिवार को अपने समर्थकों को एक सामूहिक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मैं जो लिख रही हूं उसका कारण रिपोर्ट में बाइडन के बारे में गलत और व्यक्तिगत राजनीतिक हमले किए गए हैं। केवल यह कहने के बजाय कि मामला बंद कर दिया गया था, जैसा कि उन्होंने दूसरों के लिए किया है। स्पेशल काउंसल ने दावा किया कि जो बाइडन उस वर्ष को याद नहीं कर सके, जब उनके बेटे की मृत्यु हुई थी। जिल ने कहा कि मेरा विश्वास करें, किसी भी ऐसे व्यक्ति की तरह जिसने अपना बच्चा खो दिया है, ब्यू और उसकी मृत्यु कभी अकेला नहीं छोड़ती।

### ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक

अमेरिका में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रमुख उम्मीदवारों पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। दरअसल, ट्रंप ने निक्की हेली के पति का मजाक उड़ाया और चुनाव प्रचार में उनकी गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। इस पर निक्की हेली काफी बौखला गई और इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।